सच, सिर्फ सच

**

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 06 जून, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 153, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 444 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए और सेंसेक्स में करीब 444 अंक और निफ्टी में 131 अंक की तेजी रही। } 14

कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन सेवा कल से शुरू हो जायेगी

जम्मू कश्मीर में कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा सात जून से आम लोगों के लिए शुरु ही जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। } 16

आरसीबी, आयोजक कंपनी और कर्नाटक खेल संघ पर केस दर्ज

एजेंसी

बेंगलुरु। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के सिलसिले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य के खिलाफ बृहस्पतिवार को गैर इरादतन हत्या सहित अन्य आरोपों में एक प्राथमिकी दर्ज की गई। चार जून को मची इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में बंगलुरू सिटी के पुलिस कमिश्नर, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर, सेन्ट्रल जोन के डीसीपी और इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। देर रात आईपीएस सिमांत कुमार को बैंगलोर का नया सीपी बना दिया गया है।

- पुलिस कमिश्नर, डीसीपी, एसीपी और इंस्पेक्टर निलंबित
- चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ का मामला

पुलिस ने बताया कि पुलिस के एक निरीक्षक की शिकायत के बाद 4 जून को कब्बन पार्क थाने में कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी में आरसीबी फ्रेंचाइजी को आरोपी नंबर एक, डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी नंबर दो और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ प्रशासनिक समिति को आरोपी नंबर तीन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। मामला जांच के लिए आपराधिक जांच विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 105, 115, 118, 121, 190, 132 (किसी लोक सेवक को उसके कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 125(12) (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कृत्य) के तहत दर्ज किया गया है। ...शेष पृष्ठ 14 पर

प्रधानमंत्री ने शुरू की अरावली ग्रीन वॉल परियोजना

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम पहल को आगे बढ़ाया और राष्ट्रीय राजधानी से गुजरात तक फैली 700 किलोमीटर लंबी अरावली पर्वत श्रृंखला में पुनः वनरोपण करने की विशेष पहल की शुरुआत की।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा से लेकर दिल्ली तक फैली है तथा यह क्षेत्र अनेक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है और इनके समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान इस पर्वतमाला से जुड़े क्षेत्रों का कायाकल्प करने पर है। हम संबंधित स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे और जल प्रणालियों में सुधार, धूल भरी आंधी पर अंकुश लगाने, थार रेगिस्तान के पूर्व की ओर विस्तार को रोकने आदि पर जोर देंगे। मोदी ने कहा कि

अरावली पर्वतमाला और उसके बाहर, पारंपरिक पौधरोपण विधियों के अलावा, हम नई तकनीकों को प्रोत्साहित करेंगे, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जहां जगह की कमी है। पौधरोपण गतिविधियों को जियो-टैग किया जाएगा और मेरी लाइफ पोर्टल पर उनकी निगरानी की जाएगी। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और पृथ्वी के हरित आवरण को ...शेष पृष्ठ 14 पर

मोदी ने प्रधानमंत्री आवास पर लगाया सिंदूर का पौधा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बृहपस्पतिवार को अपने आवास पर सिंदूर का एक पौधा लगाया जो उन्हें 1971 के युद्ध के दौरान उल्लेखनीय साहस दिखाने वाली महिलाओं के एक समूह ने भेंट किया था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस ऑपरेशन के मद्देनजर इस पौधे को लगाने का विशेष महत्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 1971 के युद्ध में साहस और पराक्रम की अद्भुत मिसाल पेश करने वाली कच्छ की वीरांगना माताओं-बहनों ने हाल में गुजरात के दौरे पर मुझे सिंदूर का पौधा भेंट किया था।

संक्षेप

ट्रंप ने लगाये 12 देशों पर यात्रा प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल की यात्रा प्रतिबंध नीति को फिर से लागू करते हुए बुधवार रात एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत 12 देशों के लोगों के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। जिन देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें अफगानिस्तान, म्यांमा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल हैं। इन देशों पर यात्रा प्रतिबंध सोमवार रात 12 बजकर एक मिनट से लागू होंगे। इसके अलावा बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला से आने वाले लोगों पर भी कड़े प्रतिबंध होंगे। ट्रंप ने अपने घोषणापत्र में कहा कि मुझे अमेरिका और उसके लोगों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हित की रक्षा के लिए कार्य करना होगा। ट्रंप ने 20 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश दिया था जिसके तहत विदेश और गृह सुरक्षा विभागों तथा राष्ट्रीय खुफिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

दिल्ली में कोरोना से दो की मौत

नयी दिल्ली। दिल्ली में कोविड-19 संक्रमण से पांच माह के एक शिशु सहित दो लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केरल के बाद राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के सबसे अधिक मामले हैं। दिल्ली में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 562 है और इस वर्ष एक जनवरी से कोविड के कारण सात लोगों की मौतें हुई हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 105 मामले सामने आए। पांच माह के एक शिशु के संक्रमित होने की पुष्टि के बाद उसकी मौत हो गई। उसे दौरे पड़ रहे थे, निमोनिया से पीड़ित था तथा सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली की समस्या से जूझ रहे 87 वर्षीय एक बुजुर्ग मधुमेह, उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे।

आज का मौसम

अधिकतम	:	36.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- चुनाव आयोग ने इंडेक्स कार्ड को किया डिजिटल (पृष्ठ-02)
- 28,346 करोड़ की लागत से प्रदेश में बिछेगा सेतुओं का जाल (पृष्ठ-02)
- भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के दौरान 8 हजार करोड़ के निवेश की उम्मीद (पृष्ठ-14)
- रुपया सात पैसे बढ़कर 85.80 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- रिजर्व बैंक गवर्नर आज पेश करेंगे मौद्रिक नीति समीक्षा (पृष्ठ-14)

अब होती है अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा : योगी

कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं

जिला संवाददाता

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं और श्रद्धालुओं पर लाठी डंडे बरसाकर उन्हें प्रताड़ित किया जाता था, लेकिन आज श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा होती है तथा उन्हें पीने के लिए शुद्ध पानी मिलता है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने अतिथि देवो भवः की नयी परिभाषा गढ़ रही है। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान चौधरी चरण सिंह पुष्प वाटिका में पौधारोपण किया। इसके बाद उन्होंने राम कथा पार्क में आयोजित अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने गंगा दशहरा, सरयू महोत्सव और विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं और साथ ही अयोध्या के विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर

निगम द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने बीते समय को याद करते हुए कहा कि कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं और श्रद्धालुओं पर लाठी डंडे बरसाकर उन्हें प्रताड़ित किया जाता था, लेकिन आज श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा होती है तथा उन्हें पीने के लिए शुद्ध पानी मिलता है। अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने अतिथि देवो भवः की नयी परिभाषा गढ़ रही है। आदित्यनाथ ने कहा कि आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। उन्होंने बृहस्पतिवार को श्रीरामलला मंदिर में हुए श्रीराम दरबार सहित सात अन्य मंदिरों में देव विग्रहों की स्थापना के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी सनातन धर्मावलंबियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सरयू महोत्सव के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि मां सरयू और भगवान श्रीराम का गहरा संबंध ...शेष पृष्ठ 14 पर

अयोध्याः गंगा दशहरा पर राम मंदिर में राजा राम और अन्य विग्रहों की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

जिला संवाददाता

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बृहस्पतिवार को गंगा दशहरा के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आयोजित धार्मिक समारोह में राम जन्मभूमि मंदिर परिसर के अंदर नवनिर्मित आठ मंदिरों में विग्रहों की स्थापना के साथ-साथ भगवान राम के शाही स्वरूप राजा राम की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज के बीच हुआ यह अनुष्ठान इस मंदिर में आयोजित दूसरा प्रमुख प्राण-प्रतिष्ठा समारोह था। इससे पहले, 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में राम लला का अभिषेक किया गया था।

बृहस्पतिवार का यह समारोह अभिजीत मुहूर्त के दौरान हुआ। हिंदू पंचांग में इसे सबसे शुभ घड़ियों में से एक माना जाता है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक, विग्रहों का अभिषेक सुबह साढ़े छह बजे यज्ञ मंडप में पूजा के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद पूर्वाह्न नौ बजे हवन किया गया और फिर सभी मंदिरों में एक साथ अनुष्ठान शुरू हुए। ट्रस्ट के अनुसार, जिन देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उनमें श्री राम दरबार (केंद्रीय स्थापना), शेषावतार, उत्तर-पूर्व (ईशान) कोने में भगवान शिव, दक्षिण-पूर्व (अग्नि) कोने में भगवान गणेश, दक्षिणी शाखा में भगवान हनुमान, दक्षिण-पश्चिम कोने में सूर्य देव, उत्तर-पश्चिम (वायव्य) कोने में देवी भगवती और उत्तरी शाखा में देवी अन्नपूर्णा शामिल हैं। श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी अनिल मिश्रा ने कहा कि यह ...शेष पृष्ठ 14 पर

धामी ने लगाया 'सीता अशोक' का वृक्ष

उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य से है परिपूर्ण, लगाये जायेंगे फलदार वृक्ष : सीएम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से परिपूर्ण राज्य है। घने जंगल, पवित्र नदियां, हिमालयी ग्लेशियर हमारे राज्य की भौगोलिक पहचान है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह विचार ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के प्राकृतिक सौंदर्य को बचाये रखने के लिए वन विभाग को निर्देशित किया गया है कि इस वर्ष प्रदेश के प्रत्येक वन डिवीजन में कम से कम एक हजार फलदार वृक्ष लगाये जाएं जिससे जंगली जीव-जंतुओं के लिए पर्याप्त आहार मिल सके।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने पर्यावरण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वालों को सम्मानित किया तथा मुख्यमंत्री आवास में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करते हुए सीता अशोक का पौधा लगाया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश की जनता से भी आह्वान किया कि वे इस पावन कार्य में सहभागी बनें और अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए प्रकृति की

सेवा करें। यह अभियान मातृ सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के नाम पर एक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन्मदिन, ...शेष पृष्ठ 14 पर

नमो भारत कॉरिडोर पर दौड़ेगी रैपिड रेल

लखनऊ से कानपुर 67 किमी., उन्नाव, बशीरत गंज, नवाबगंज, बंथरा से होकर गुजरेगा कॉरिडोर, 6 स्टेशन होंगे

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ और कानपुर के बीच सफर आसान और सुविधाजनक होने वाला है। इस संबंध में, एनसीआरटीसी ने कानपुर में मेट्रो नेटवर्क पर नयागंज मेट्रो स्टेशन को लखनऊ में मेट्रो नेटवर्क के अमौसी मेट्रो स्टेशन से जोड़ने वाले नमो भारत कॉरिडोर के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह कॉरिडोर उन्नाव, बशीरत गंज, नवाबगंज, बंथरा कस्बों से होकर गुजरेगा। लगभग 67 किमी लंबे कॉरिडोर में 6 स्टेशन होंगे।

नमो भारत कॉरिडोर की डीपीआर तैयार करने के लिए एनसीआरटीसी के सीजीएम राज कुमार सिंह की ओर से प्रदेश सरकार से पत्राचार शुरू किया गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण

(एलडीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद परियोजना पर तेजी से काम शुरू होगा। इससे पहले परियोजना के सम्बंध में और अधिक प्रभावी निर्णय लेने के लिए राज्य स्तर, जिला स्तर और स्थानीय स्तर पर संबंधित विभागों के सदस्यों वाली एक निगरानी समिति बनायी जाएगी। इस सम्बंध में कंपनी के प्रतिनिधि सोमवार को लखनऊ आ रहे हैं। लखनऊ और कानपुर के बीच 160 किमी की रफ्तार से रैपिड रेल फाइलों से निकालकर धरातल पर दौड़ाने की कवायद शुरू हो गई है। इससे औद्योगिक और शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी तो कानपुर मेट्रो से अमौसी एयरपोर्ट तक का सफर भी कम समय में पूरा होगा। लखनऊ और कानपुर एक दूसरे से लगभग 60 किमी दूर हैं। दोनों शहरों के बीच निर्बाध, उच्च गति की कनेक्टिविटी की कमी के कारण गंभीर यातायात भीड़, यात्रा का समय और पर्यावरणीय चुनौतियां पैदा हुई हैं। दोनों शहरों के बीच नमो भारत कॉरिडोर कनेक्टिविटी से बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा आर्थिक तौर पर भी दोनों शहरों को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में लखनऊ-कानपुर रोड मार्ग पर आवागमन में बहुत समय लगता है। इस मार्ग पर नमो भारत कॉरिडोर के बनने से लोगों को कम समय में बेहतर साधन मिल सकेगा। नमो भारत ट्रेनें अधिकतम 180 किमी प्रति घंटे ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर पहलगाम हमले के बाद भारत के सिंदूर अभियान पर बोले संघ प्रमुख, सुरक्षा के मामले में देश को बनना होगा आत्मनिर्भर

हमारी सेना ने एकबार फिर पराक्रम दिखाया : मोहन भागवत

एजेंसी

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से की गई कार्रवाई के दौरान देश की राजनीतिक बिरादरी ने जो आपसी समझ दिखाई, वह बनी रहनी चाहिए और इसे स्थायी रूप ले लेना चाहिए। यह बात उन्होंने नागपुर में स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम 'कार्यकर्ता विकास वर्ग' के समापन के अवसर पर कही।

संघ प्रमुख ने कहा कि इस नृशंस आतंकी हमले के बाद लोग दुखी और क्रोधित थे। वे चाहते थे कि दोषियों को सजा मिले। कार्रवाई की गई और सजा भी दी गई। हमारी सेना ने एक बार फिर पराक्रम दिखाया। प्रशासन की दृढ़ता भी देखने को मिली। समाज ने भी एकता का संदेश दिया। राजनीतिक दलों ने भी आपसी समझदारी दिखाई,

जो आगे भी बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को अपने सुरक्षा के मामलों में आत्मनिर्भर बनना होगा। पाकिस्तान का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि जो देश भारत से सीधे युद्ध में नहीं जीत सकते, वे हजार जख्मों की नीति के तहत परोक्ष युद्ध छेड़कर भारत को कमजोर करने की कोशिश करते हैं। समारोह में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आदिवासी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम मुख्य अतिथि मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी राज्य सरकार ने धर्मांतरण के मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आरएसएस ही एकमात्र संस्था है जो इस दिशा में मदद कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद खत्म होने के बाद केंद्र सरकार को एक ठोस कार्य योजना बनानी चाहिए, ताकि यह फिर से सिर न उठा सके। नेताम ने यह आरोप भी लगाया कि 1996 का पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा) आज तक किसी भी सरकार ने सही ढंग से लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार इस मुद्दे पर चुप है और उल्टा उद्योगपतियों की मदद कर रही है। पेसा अधिनियम का मकसद अनुसूचित जनजातीय इलाकों में ग्राम सभाओं को अधिकार देना है, ताकि वे अपने संसाधनों का प्रबंधन कर सकें और समुदाय से जुड़े फैसले खुद ले सकें।

भारत में बनेगा राफेल का ढांचा

एजेंसी

नयी दिल्ली। फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी दसॉ एविएशन ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान का ढांचा (फ्यूजलाज) बनाने के लिए बृहस्पतिवार को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड से समझौता करने की घोषणा की। दोनों कपंनियों के बीच हुए करार के तहत टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू विमान के प्रमुख ढांचे का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र की स्थापना करेगी। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि हैदराबाद में स्थापित होने वाल फैक्टरी में राफेल के पहले ढांचे का निर्माण वर्ष 2028 में होने की संभावना है और उत्पादन केंद्र

से प्रति माह दो पूर्ण ढांचों की आपूर्ति होने की उम्मीद है। टीएएसएल ने कहा कि वह हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पिछले हिस्से का ढांचा, पूरा पिछला भाग, बीच का हिस्सा और अगला हिस्सा शामिल हैं। टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए दसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन ...शेष पृष्ठ 14 पर

28,346 करोड़ की लागत से प्रदेश में बिछेगा सेतुओं का जाल

3,235 दीर्घ व लघु सेतुओं का निर्माण व विकास करेगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

- लोकनिर्माण विभाग ने वर्ष 2025-26 का खाका तैयार
- 60 मीटर से अधिक लम्बाई के दीर्घ सेतुओं का होगा निर्माण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम कनेक्टिविटी युक्त प्रदेश के तौर पर स्थापित कर रही सरकार प्रदेश में बड़े स्तर पर दीर्घ व लघु सेतुओं के निर्माण पर फोकस कर रही है। प्रदेश के सभी शहरों, तहसीलों, जिलों, ब्लॉक व ग्राम की उत्तम कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सके, इसके लिए सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है। ऐसे में, सीएम योगी के निर्देशों को धरातल पर उतारने के लिए लोकनिर्माण विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए बड़ा लक्ष्य रखा है।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, एक विस्तृत कार्ययोजना भी तैयार की गई है जिस पर काम शुरू हो गया है। कार्ययोजना के अनुसार, प्रदेश में 28,346 करोड़ रुपए खर्च कर 3,235 दीर्घ व लघु सेतुओं का निर्माण व विकास प्रस्तावित है।

उ.प्र राज्य सेतु निगम लिमिटेड 60 मीटर से अधिक लम्बाई के दीर्घ सेतुओं का निर्माण किया जाना कार्ययोजना के अंतर्गत प्रस्तावित है, जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा 6 मीटर से 60 मीटर तक की लंबाई वाले लघु सेतुओं का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, रोड सेफ्टी को बढ़ाने के लिए ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर उसकी मरम्मत तथा संकरे व अस्थायी पुलों की मरम्मत व निर्माण पर भी फोकस किया जा रहा है जिससे प्रदेश में सेतुओं का जाल बिछाने का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 के अनुसार जिन दीर्घ व लघु सेतुओं का निर्माण होना है उसमें मुख्यतः तीन योजनाओं का समावेश होगा। इसमें राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राज्य योजना (ग्रामीण) तथा राज्य योजना (शहरी) प्रमुख हैं। इन तीनों योजनाओं के जरिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में दीर्घ व लघु सेतुओं के निर्माण के साथ ही कच्चे व लकड़ी के पुल तथा जीर्ण-शीर्ण अवस्था वाले पुलों का नवनिर्माण व विकास सुनिश्चित होगा। इसमें विशेष रूप से ऐसे क्षेत्रों में स्थायी पुलों के निर्माण पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है जहां पुल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या फिर ग्रामीण मार्गों पर जनता की ओर से अस्थायी पुलों का निर्माण किया गया है।

इसी प्रकार, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण सेतुओं के निर्माण को वरीयता के आधार पर निर्मित किया जाएगा जिससे मार्गों की सुरक्षा के साथ ही यातायात के लिए स्थायी समाधान उपलब्ध हो सकेगा।

आबादी को लाभान्वित करने के लिए नवनिर्माण व विकास कार्यों पर जोर

लोकनिर्माण विभाग की ओर से तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025-26 में जिन 3,235 दीर्घ व लघु सेतुओं के निर्माण, नवनिर्माण, सुदृढ़ीकरण व विकास किया जाना है उनमें अधिक आबादी को लाभान्वित करने के लिए विशेष तौर पर वरीयता के आधार पर चिह्नित किया जाएगा। यहां आवागमन की दूरी को घटाने और यातायात के उचित प्रबंधन के लिए जन प्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर 10 किमी के मानक में शिथिलता दी जा सकती है। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक, धार्मिक या पर्यटन महत्व वाले स्थलों पर 10 किमी की शर्त लागू नहीं की जाएगी। वहीं, कार्ययोजना के अनुसार राज्य मार्ग व प्रमुख जिला मार्गों पर ऐसे सेतु जिनकी चौड़ाई मार्ग से कम है तथा अन्य जिला मार्ग पर स्थित ऐसे ब्लैक स्पॉट्स जहां पर सेतुओं की चौड़ाई मार्ग की अपेक्षा कम है, उन पर विशेष रूप से फोकस किया जाएगा। यहां चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण के साथ ही आवश्यक्तानुसार नवीनीकरण व नवनिर्माण की प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा।

2005 से पहले नौकरी पाने वालों को मिलेगा पुरानी पेंशन का लाभ

लखनऊ। केंद्र सरकार के फैसले के बाद शासन ने निकायों में 28 मार्च 2005 से पहले निकले विज्ञापन के आधार पर नौकरी पाने वालों को पुरानी पेंशन देने का रास्ता साफ कर दिया है। ऐसे लोगों से विकल्प मांगा गया है और प्रमाणित सेवा पुस्तिका की कापी स्थानीय निकाय निदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2005 के बाद नई पेंशन व्यवस्था लागू की है, लेकिन बहुत से कर्मचारी ऐसे हैं जिनकी भर्ती का विज्ञापन इसके पहले निकला था और उन्हें पुरानी पेंशन नहीं मिल पा रही थी। ऐसे कर्मियों को पुरानी पेंशन देने का फैसला केंद्र सरकार की ओर से किया गया है। प्रभारी निदेशक स्थानीय निकाय ऋतु सुहास ने इस संबंध में निकायों को निर्देश भेजा है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से आच्छादित राज्य सरकार के ऐसे सरकारी कर्मचारी जिनका चयन ऐसे पदों या रिक्तियों पर हुआ है, जिनका विज्ञापन नई पेंशन योजना लागू होने के बाद हुआ है। इसीलिए 28 मार्च 2005 से पहले जिन पदों को भरने के लिए विज्ञापन हो चुका है उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। नगर आयुक्त और अधिशासी अधिकारी ऐसे अधिकारियों व कर्मियों के नाम वर्तमान पद, वेतनमान व जन्मतिथि का पूरा ब्यौरा निर्धारित प्रोफार्मा पर भरकर भेजेंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार के अधीन पहली नियुक्ति के पद, भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करने की तिथि भी जानकारी दी जाएगी। विज्ञापित पद और उसकी कापी, कार्यभार ग्रहण करने की तिथि, विकल्प पत्र 31 अक्टूबर 2024 से पूर्व यदि दिया गया है या नहीं और विभागाध्यक्ष की संस्तुति के साथ इसे भेजना होगा।

गोरखपुर और लखनऊ में सचल पशु चिकित्सा इकाइयों को मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस और अन्य घायल वन्य जीवों के संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के तहत गोरखपुर और लखनऊ मंडल में सचल पशु चिकित्सा इकाई (एमवीयू) को मंजूरी दी गई है।

राज्य सरकार की ओर से बृहस्पतिवार को यहां जारी एक बयान में इसकी पुष्टि करते हुए कहा गया कि इस पहल से लखनऊ और गोरखपुर मंडलों के पक्षी विहार और वन प्रभागों में घायल होने वाले पक्षियों तथा वन्य जीवों को चिकित्सा सुविधा जल्द उपलब्ध हो सकेगी। बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश सारस संरक्षण समिति ने कानपुर और मेरठ मंडल के वन प्रभागों में भी ऐसी ही इकाइयों की सुविधा जल्द प्रदान करने की मांग की है। वन एवं वन्य जीव विभाग प्रदेश के सभी मंडलों में घायल पशुओं के त्वरित इलाज के लिए एमवीयू की सुविधा उपलब्ध करवाने पर विचार कर रहा है प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सारस संरक्षण समिति की ओर से लंबे समय से सचल पशु चिकित्सा इकाई की मांग की जा रही थी। इसे देखते हुए विभाग ने गोरखपुर और लखनऊ मंडल में एमवीयू की सुविधा प्रदान की है।

उन्होंने बताया कि सारस संरक्षण समिति की ओर से कानपुर और मेरठ मंडल के लिए भी एमवीयू सुविधा की मांग की गई थी लेकिन सीमित संसाधनों के कारण अभी ये सुविधा प्रदान नहीं की जा सकी है। जल्द ही कानपुर और मेरठ मंडल के साथ प्रदेश के अन्य मंडलों के लिये भी ये सुविधा शुरू करने का प्रयास है। वन एवं वन्य जीव विभाग के संबंधित अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सारस संरक्षण समिति की मांग पर विभाग ने अभी दो मंडलों में एमवीयू की सुविधा प्रदान की है। जिसके तहत टाटा विंगर गाड़ियों को सचल पशु चिकित्सा इकाई के रूप में विकसित किया है। इन गाड़ियों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण और दवाइयां उपलब्ध होंगी, जिससे घायल जीवों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें नजदीकी पशु चिकित्सालय तक पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि ये एमयूवी न केवल घायल सारस पक्षियों, बल्कि छोटे वन्य जीवों को भी समय पर प्राथमिक उपचार प्रदान करने में सक्षम हैं।

सारस उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी है। प्रदेश के लगभग 59 जिलों में सारस पक्षी पाये जाते हैं। प्राकृतिक आपदाओं, शिकार और अन्य मानवीय गतिविधियों के कारण इन पक्षियों को चोट लगने या बीमार होने का खतरा बना रहता है। ऐसी स्थिति में सचल पशु चिकित्सा इकाई समय पर उपचार प्रदान करके उनका संरक्षण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

भाजपा सरकार के पास विकास के लिए कोई योजना नहीं

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार की विकास के लिए न तो कोई योजना है और नहीं जनजीवन की सुरक्षा के लिए कोई विजन है। केवल थोथी बयानबाजी से ही वह अपना काम चला रहा रही है। पर्यावरण की समस्या आज की ज्वलंत समस्या है। वनसम्पदा नष्ट होती जा रही है। नदियां सूख रही है। तालाब मिटते जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग से धरती पर जिंदगी खतरे में है। पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा पर्व पर भाजपा सरकार का काम दमदार सिर्फ विज्ञापनों में झलकता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि नदियां जीवन देती है, किसी का जीवन लेती नहीं है। भाजपा सरकार गंगा-जमुना या गोमती पर सिर्फ सियासत करती है। नदी की सफाई की जगह केवल फंड का सफाया करना उसका ध्येय है। नदियों के नाम पर ठगने में भी भाजपा माहिर है। नमामि गंगे योजना में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। करोड़ो रुपए का बजट बह गया फिर भी मां गंगा साफ नहीं हुई। नमामि गंगे योजना जुमला बनकर न जाने कहां चली गयी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 100 से ज्यादा छोटी और सहायक नदियों का वजूद खतरे में है। लखनऊ शहर की शान गोमती नदी की मान्यता आदि गंगा के रूप में है। इसकी बदहाली और दुर्गंध के पीछे भाजपा सरकार की उपेक्षा नीति है। बागपत में यमुना में हजारों मछलियां मरी पाई गयी है। लखनऊ में भी गोमती जलकुंभी से पटी पड़ी है। आक्सीजन की कमी से यहां भी मछलियां तथा अन्य जलजीव मरते जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि जहां तक पर्यावरण संरक्षण की बात है भाजपा सरकार इसको कोई महत्व नहीं देती है। हमारी वन संपदा हर वर्ष कम होती जा रही है। वृक्षारोपण को महज औपचारिकता बना दिया गया है। पर्याप्त हरियाली के लक्ष्य को पाना कठिन हो रहा है। भाजपा सरकार के इस ओर ध्यान न देने के फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के साथ ऋतुचक्र भी बदला है। तापमान में वृद्धि से पशुपक्षी ही नहीं मानव भी धरती पर तप रहा है। पृथ्वी का औसतन तापमान में 1880 से लगभग 1 डिग्री सेल्सियस बढ़ने से ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। कृषि और पारिस्थितिकी तंत्र भी बहुत प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा को सपा से सीखना चाहिए कि कैसे पर्यावरण संरक्षण और नदियों की सफाई की जाती है। समाजवादी सरकार में बुंदेलखंड में रिकार्ड पौधरोपण कर वहां पर्यावरण संरक्षण में बड़ी पहल की थी। 376 एकड़ में लखनऊ में बना जनेश्वर मिश्र पार्क जैव विविधता का जीवंत उदाहरण है। डॉ. राममनोहर लोहिया पार्क और जनेश्वर मिश्र पार्क में आक्सीजन देने वाले पेड़ पौधे है। नदियों की सफाई का उदाहरण गोमती रिवरफ्रंट है जहां आज भी सुबह-शाम हलचल रहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि गोमती रिवरफ्रंट को सपा की सरकार में बहुत ही सुंदर बनाया गया जिसे भाजपा सरकार बर्बाद करने पर तुली है। इसी तरह बुन्देलखंड में भी पुराने शाही सरोवरों को जो अंग्रेजों के समय बने थे और जीर्णशीर्ण हो चले थे उनका भी पुनरुद्धार तथा सौंदर्यीकरण कराया गया था। प्रदूषण से बचाव के लिए साइकिल ट्रैक बनाया गया था लेकिन भाजपा को तो विकास की जगह विनाश का काम करना ही आता है। वह सपा के किये गये विकास कार्यों को ही कब्जा करना जानती है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से हटाकर राजनीतिक प्रदूषण से मुक्ति करके ही दम लेगी।

भाजपा के प्रत्येक अभियान व कार्यक्रम में होगा पौधरोपण

भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर शुरू हुआ एक पेड़ मां के नाम अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गुरूवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पौधरोपण करके एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सह प्रभारी अतुल अवस्थी व चौधरी लक्ष्मण सिंह उपस्थित रहे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस से भाजपा पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के संकल्प के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारम्भ कर रही है। सभी जिला मुख्यालयों पर पौधरोपण करते हुए जिला स्तर पर अभियान प्रारम्भ होगा। 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 05 अगस्त तक बूथ स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके साथ ही 05 जून से 05 अगस्त तक प्रत्येक अभियान व कार्यक्रम के बाद पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत भाजपा जन जागरण करेगी और लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करेगी। इसके साथ ही पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि वृहद स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रमों से जुड़ेगे और पौधरोपण करेंगे तथा जनमानस को प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करेंगे। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा राजनैतिक कार्यों के साथ ही सांस्कृतिक व सामाजिक दायित्वों के साथ प्रदूषण मुक्त प्राकृतिक वातावरण के लिए सतत कार्य कर रही है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएम योगी ने किया पौधरोपण

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस-2025 और अपने जन्मदिन पर पौधरोपण किया। अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री ने गुरुवार सुबह बिल्व (बेल) का पौधा लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने मुख्यमंत्री जी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं तथा स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दौरान मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (वन/पर्यावरण) अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रचार-प्रसार) पीपी सिंह, लखनऊ की मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह आदि की मौजूदगी रही। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं।

चुनाव आयोग ने इंडेक्स कार्ड और सांख्यिकीय रिपोर्ट को किया डिजिटल

विशेष संवाददाता (vol)

- चुनाव के बाद आंकड़ों को तेजी से साझा करने के लिए तैयार की गयी व्यवस्था

लखनऊ। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की अध्यक्षता में चुनाव आयोग ने चुनाव संपन्न होने के बाद इंडेक्स कार्ड और विभिन्न सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली को सुव्यवस्थित किया है। यह उन्नत तंत्र पारंपरिक मैनुअल तरीकों की जगह लेता है, जो अक्सर समय लेने वाले और देरी से ग्रस्त होते थे। स्वचालन और डेटा एकीकरण का लाभ उठाकर, नई प्रणाली तेजी से रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है।

इंडेक्स कार्ड एक गैर-सांविधिक, चुनाव-पश्चात सांख्यिकीय रिपोर्टिंग प्रारूप है, जिसे भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, नीति निमार्ताओं, पत्रकारों और आम जनता सहित सभी हितधारकों के लिए निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर चुनाव-संबंधी डेटा की पहुंच को बढ़ावा देने के लिए एक स्वप्रेरणा पहल के रूप में विकसित किया गया है। उम्मीदवारों, मतदाताओं, डाले गए वोटों, गिने गए वोटों, पाटीर्वार और उम्मीदवारवार वोट शेयर, लिंग-आधारित मतदान पैटर्न, क्षेत्रीय विविधताओं और राजनीतिक दलों के प्रदर्शन जैसे कई आयामों में डेटा प्रसारित करने के लिए डिजाइन किया गया इंडेक्स कार्ड लोकसभा चुनावों के लिए लगभग 35 और राज्य विधानसभा चुनावों के लिए 14 सांख्यिकीय रिपोर्ट बनाने का आधार बनता है। ये रिपोर्ट राज्य/पीसी/एसी-वार मतदाता विवरण, मतदान केंद्रों की संख्या, राज्य और निर्वाचन क्षेत्र-वार मतदाता मतदान, महिला मतदाताओं की भागीदारी, राष्ट्रीय/राज्य दलों और पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) का प्रदर्शन, जीतने वाले उम्मीदवारों का विश्लेषण, विस्तृत निर्वाचन क्षेत्र-वार परिणाम और सारांश डेटा रिपोर्ट जैसे चर को कवर करती हैं। यह समृद्ध, डेटा-संचालित संसाधन एक मजबूत लोकतांत्रिक प्रवचन में योगदान देने वाले गहन चुनावी शोध की क्षमता को बढ़ाता है। हालाँकि, ये सांख्यिकीय रिपोर्ट केवल अकादमिक और शोध उद्देश्यों के लिए हैं और इंडेक्स कार्ड से द्वितीयक डेटा पर आधारित हैं, जबकि प्राथमिक और अंतिम डेटा संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा बनाए गए वैधानिक रूपों में रहता है। इससे पहले, यह जानकारी निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर भौतिक सूचकांक कार्ड में विभिन्न वैधानिक प्रारूपों का उपयोग करके मैन्युअल रूप से भरी जाती थी। इन भौतिक सूचकांक कार्डों का उपयोग बाद में सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने की सुविधा के लिए ऑनलाइन सिस्टम में डेटा प्रविष्टि के लिए किया गया। यह मैनुअल, बहुस्तरीय प्रक्रिया समय लेने वाली थी और अक्सर डेटा उपलब्धता और प्रसार में देरी का कारण बनती थी।

बंदियों को जेल में मिले साफ हवा और उत्तम स्वास्थ्य

कारागार मंत्री ने जिला कारागार में किया ओपन जिम का उद्घाटन एवं पौधरोपण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने जिला कारागार लखनऊ में पौधरोपण किया तथा नवनिर्मित ओपेन जिम का उद्घाटन किया। जिला कारागार लखनऊ में सौभाग्य फाउंडेशन द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर उन्होंने कारागार परिसर में आम का पौधा लगाया। इसी क्रम में महानिदेशक कारागार पीसी मीना एवं उप महानिरीक्षक कारागार रामधानी ने भी पौधरोपण किया।

कारागार मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर्यावरण संरक्षण, मानव स्वास्थ्य के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं और उनके द्वारा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए विभिन्न पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गयी पहल एक पेड़ मां के नाम को आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है, ताकि धरती मां हरी-भरी हो सके। उन्होंने कहा कि कारागार परिसर में 200 अलग-अलग प्रजाति के वृक्ष लगाये जायेंगे। पौधारोपण करने से कारागार के अंदर हरा-भरा वातावरण रहेगा, जिसका बंदीगणों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

पौधरोपण के बाद मंत्री दारा सिंह चौहान ने जिला कारागार, लखनऊ में नवनिर्मित ओपेन जिम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंन्ट की भावना के अनुरूप प्रदेश की सभी जेलों पर ओपन जिम स्थापित कराये जा रहे हैं। कारागार में निरुद्ध बंदी कारागार द्वारा नियत समय के अन्तर्गत व्यायाम करते हुए शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। जेलों में ओपन जिम लगाना केवल एक स्वास्थ्य सुधार की पहल नहीं है बल्कि यह बन्दियों के समग्र विकास, मानसिक शांति एवं पुनर्वास की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। यह पहल जेलों को सुधारगृह बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कारागार विभाग द्वारा बंदी कल्याण हित में विभिन्न प्रकार की पहलें की जा रही हैं, जिसमें बंदियों के कल्याण के लिए लाइब्रेरी, पीसीओ, समयपूर्व रिहाई, कॉमन हॉल, कैण्टीन, दूरस्थ शिक्षा और क्रेच जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। योगी सरकार की मंशानुरूप बन्दियों की धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए जेलों पर सभी प्रमुख त्योहारों को मनाया जाता है। इसी क्रम में हाल ही में बन्दियों को महाकुम्भ के पवित्र जल से स्नान कराया गया। इस अवसर पर पीसी मीना महानिदेशक कारागार, डॉ रामधनी उपनिरिक्षक कारागार लखनऊ, अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह, जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी, सुरेन्द्र मोहन सिंह, मृत्यंजय पाण्डेय सहित सौभाग्य फांउडेशन के प्रतिनिधि, जेल के कार्मिक तथा निरुद्ध बंदी उपस्थित रहे।

जदयू के प्रदेश महासचिव भूपेंद्र वर्मा का निधन

विशेष संवाददाता (vol)

- ब्रेन हेमरेज होने के बाद उन्हें राजधानी के चंदन हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

लखनऊ। जनता दल (यू) उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव भूपेंद्र वर्मा (निवासी बाराबंकी) को ब्रेन हेमरेज के कारण निधन हो गया। उनकी उम्र 42 वर्ष थी। ब्रेन हेमरेज होने के बाद उन्हें राजधानी के चंदन हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार को डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा ने इसकी जानकारी दी। उनकी दुखद मृत्यु से जद (यू) उत्तर प्रदेश में शोक की लहर छा गयी है।

प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वो कर्मठ कार्यकर्ता थे एवं संगठन में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे थे। उन्होने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शान्ति दे और उनके परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दें। उनकी अंत्येष्टि 6 जून प्रातः 9 बजे उनके पैतृक गांव पलहारी बाराबंकी में की जाएगी।

योगी की लंबी उम्र के लिए मांगी दुआ, चढ़ाई चादर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री मोहम्मद जीशान खान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिन पर चौक दरगाह शाहमीना शाह मजार पर अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकतोओं ने चादर चढ़ाकर उनकी लंबी उम्र लिए दुआ मांगी। इस मौके पर चौक स्थित दरगाह पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री मोहम्मद जीशान खान ने गरीबों और बेसहारा लोगों को फल एवं मिष्ठान भी वितरित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की दिली मुबारकबाद देते हुए प्रदेश मंत्री मोहम्मद जीशान खान ने कहा कि आज योगी जी का 53वां जन्मदिन है और अपने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ कार्य कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में ही नहीं उनकी लोकप्रियता देश के कोने-कोने तक पहुंची है, देश के बाहर विदेशों में भी उनके मॉडल (बुलडोजर) को सहारा जाता है।

योगी के जन्मदिन पर शुभकामनाओं का लगा तांता

लखनऊ। 5 जून को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत सरकार के वरिष्ठ मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और उत्तर प्रदेश सरकार के शीर्ष पदाधिकारियों समेत पूरे देश से शुभकामनाओं का तांता लग गया। सोशल मीडिया पर योगी आदित्यनाथ, लोकप्रिय मुख्यमंत्री और हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स दिनभर छाए रहे। इन हैशटैग के माध्यम से सोशल मीडिया यूजर्स ने मुख्यमंत्री को देश का सर्वाधिक लोकप्रिय मुख्यमंत्री करार देते हुए सार्वजनिक जीवन में अनुशासन, सेवा और विकास का प्रतीक बताया।

गंगा का संरक्षण सबकी जिम्मेदारी, दूषित करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

जल शक्ति मंत्री ने पौधरोपण कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने की। यह कार्यक्रम नमामि गंगे मिशन के तहत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के सतत विकास, नदी पुनरुद्धार, स्वच्छ पर्यावरण और युवा सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम की शुरूआत एक जीवंत वृक्षारोपण अभियान से हुई, जिसमें जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने उत्साहपूर्वक शामिल हुए। जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि हमारी संस्कृति में हर नदी को मां कहा गया है। ऐसे में उनका संरक्षण सिर्फ एक दायित्व नहीं, बल्कि एक श्रद्धा है। श्री पाटिल ने नदियों में फैल रहे प्लास्टिक प्रदूषण को समय की सबसे बड़ी चुनौती करार दिया। उन्होंने कहा कि हमें प्रदूषण के स्रोत पर ही रोक लगानी होगी। प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करना होगा और जनजागरूकता फैलानी होगी। जब तक हम यह नहीं समझेंगे कि गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, बल्कि जीवनदायिनी शक्ति है। तब तक संरक्षण अधूरा रहेगा। उन्होंने बताया कि आज गंगा बेसिन के हर कोने में गंदे पानी को ट्रीट करने के लिए एसटीपी लगाए गए हैं, जिससे गंगा में सीधे प्रदूषण का प्रवाह रोका गया है। गंगा प्रहरियों से मिलने के अनुभव को साझा करते हुए श्री पाटिल ने कहा कि ये प्रहरी न सिर्फ स्वयं गंगा की सफाई करते हैं, बल्कि दूसरों को प्रदूषण फैलाने से रोकते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि गंगा में गंदा पानी न पहुंचे और जो भी गंगा को प्रदूषित करे, उस पर कड़ी कार्रवाई हो।

गंगा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण पर जोर

कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री ने नरौरा में गंगा एक्वा लाइफ रेस्क्यू और पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। यह केंद्र गांगेय डॉल्फिन, ताजे पानी के कछुओं और अन्य जलीय प्रजातियों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहा है। इस दौरान एक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया, जिसे भारतीय वन्यजीव संस्थान की ओर से संचालित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान, श्री पाटिल ने नरवर घाट पर मछली के अंगुलिकाओं को गंगा नदी में छोड़ने की पहल की। नरवर घाट पर आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस कार्यशाला में देश भर से किसान, कृषि विशेषज्ञ और छात्र एकत्रित हुए। राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय की रिपोर्ट का विमोचन भी किया गया, जिसमें चल रहे प्रोजेक्ट्स और पर्यावरणीय डेटा की जानकारी दी गई।

पर्यावरण जागरूकता के लिए मोबाइल बस की पहल

इस आयोजन में एक अनूठी पहल के रूप में, मंत्री जी ने राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट की विशेष रूप से डिजाइन की गई मोबाइल बस का उद्घाटन किया। यह बस ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में यात्रा करेगी और साहित्य, कहानी सुनाने और संवादात्मक शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता फैलाएगी। बुलंदशहर में हुए इस आयोजन ने जल शक्ति मंत्रालय की बहु-हितधारक रणनीति का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। इस आयोजन में विज्ञान, परंपरा, समुदाय की भागीदारी और युवा नेतृत्व का संगम देखने को मिला। वृक्षारोपण, जैव विविधता संरक्षण, प्राकृतिक खेती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसी गतिविधियाँ भारत सरकार के पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिक तंत्र के पुनरुद्धार के प्रति अटूट संकल्प को दशार्ती हैं।

जी20 रोड, गोमती नगर, ऐशबाग और बसंतकुंज में बनेंगे फ्लैट

नागरिकों की मांग के अनुरूप अपार्टमेंट बनायेगा एलडीए, डिमाण्ड सर्वे शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर के पॉश इलाकों में अपना आशियाना का सपना देखने वालों के लिए यह अच्छी खबर हो सकती है। गोमती नगर विस्तार, जी 20 रोड, ऐशबाग व बसंतकुंज योजना में बड़ी संख्या में फ्लैट बनाने की तैयारी है। इन्हें बनाने से पहले लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से नागरिकों से रायशुमारी की जा रही है। मांग के अनुरूप अपार्टमेंट बनाए जाएंगे। फ्लैट कितने कमरों का होगा, रहन-सहन के मानक क्या होंगे, सोसाइटी में कैसी सुविधाएं रहेंगी, कीमत क्या रहेगी। यह सब नागरिक ही तय करेंगे। इसके लिए एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर के चार अलग-अलग स्थानों पर बहुमंजिला आवासीय परियोजनाओं के लिए गुरूवार से डिमाण्ड सर्वे लाइव कर दिया गया है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि शहर में हर वर्ग के लोगों को बेहतर जीवनशैली और बुनियादी सुविधाओं से युक्त आवास की जरूरत है। इसे देखते हुए गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, ऐशबाग व बसंतकुंज योजना में बहुमंजिला आवासीय भवनों के निर्माण का खाका तैयार किया गया है। इसके लिए पहले लोगों से सुझाव लिये जाएंगे, जिसके लिए डिमाण्ड सर्वे कराया जा रहा है। डिमाण्ड सर्वे के माध्यम से नागरिकों की प्राथमिकताओं, उनकी आय क्षमता, फ्लैट की श्रेणी (1बीएचके, 2बीएचके, 3बीएचके) आदि के बारे में जानकारी जुटायी जाएगी। यह सर्वे पूरी पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन माध्यम से कराया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें भाग लेकर अपने सुझाव दे सकें। डिमाण्ड सर्वे में प्रतिभाग करने के लिए एलडीए की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा। डिमाण्ड सर्वे में नागरिकों से प्राप्त होने वाले सुझावों के आधार पर ही परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

गोमती नगर के विराज खण्ड में लगभग 4.1 एकड़, गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में राप्ति अपार्टमेंट के पास लगभग 3.6 एकड़, ऐशबाग में मिल रोड पर लगभग 3.97 एकड़ और बसंतकुंज के सेक्टर-जे में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने लगभग 8.4 एकड़ भूमि का चयन किया गया है। सोसाइटी में हरित क्षेत्र, पार्किंग, बच्चों के लिए प्ले-एरिया, सामुदायिक केंद्र, लिफ्ट, जल संरक्षण समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी दी जा सकेगी।

पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर सुरक्षित नहीं रह सकते

नगर विकास मंत्री व महापौर ने गोमती नदी की सफाई कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम की ओर से गुरुवार को गंगा दशहरा, विश्व पर्यावरण दिवस तथा योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर गोमती बैराज से गूलाला घाट तक एक वृहद जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके जरिए नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ए.के.शर्मा, मंत्री नगर विकास, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ए.के.शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण और जनसहभागिता का महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा हमारे भारतीय संस्कृति और वेदों में प्रकृति को देवतुल्य माना गया है। जल, वायु, पृथ्वी, अग्नि और आकाश ये पंचतत्व हमारे जीवन के मूल आधार हैं। यदि हम इनके साथ अन्याय करेंगे, तो वही अन्याय हमारे जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। कहा कि हम पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर स्वयं सुरक्षित नहीं रह सकते हैं। प्रकृति का संतुलन ही हमारे अस्तित्व की गारंटी है। मंत्री ने इस अवसर पर कहा सफाई केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा इस बार केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि आदि मां गंगा की सफाई भी की जा रही है। यह प्रयास इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि गोमती में जलकुंभी की समस्या विकराल रूप ले रही है। जब यह पानी में डूबती है, तो ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। यह हमारे लिए अत्यंत हानिकारक है। महापौर ने जब हम खुद प्लास्टिक का उपयोग बंद करेंगे, तभी समाज में इसका प्रभाव दिखेगा। भाषण देने से नहीं, स्वयं उदाहरण बनना होगा। स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की साझी जवाबदेही है। किसी महापुरुष की जयंती पर इसी तरह आदि गंगा की सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

आठ किमी को 08 क्लस्टरों में बांट कर की गई सफाई : अभियान के नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार गुप्ता ने बताया कि गोमती बैराज से लेकर गुलाला घाट तक कुल 08 किलोमीटर क्षेत्र में सफाई कार्य किया गया। इसके लिए पूरे क्षेत्र को 08 क्लस्टरों में विभाजित किया गया था। भैसाकुंड से दरगाह हजरत सैयद पीर शाह , लक्ष्मण पार्क, लक्ष्मण मेला मैदान, हनुमान सेतु से बोट क्लब व हनुमान सेतु ब्रिज से श्री शनि देव मंदिर, शहीद स्मारक से डालीगंज पुल डालीगंज पुल से पक्का पुल व गुलाला घाट तक के लिए अलग-अगल अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई थी। प्रत्येक क्लस्टर के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं सह नगर अभियंता की नियुक्ति पूर्व में की गई थी। इस दौरान गोमती नदी से जलकुंभी, प्लास्टिक, मूर्तियां और अन्य कचरा हटाने का कार्य किया गया।

06 नई गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी : लायन एनवायरो लखनऊ की ओर से खरीदी गई 51 रोड स्वीपिंग, सिल्ट एवं हॉर्टिकल्चर कुड़ा उठान के लिए गाड़ियों को खरीदा गया है। गुरुवार को नगर विकास मंत्री एवं महापौर की ओर से फैबरीकेट होकर आईं 06 गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई है।

निकायों में निर्माण कार्यों में खेल नहीं कर सकेंगे ठेकेदार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर विकास विभाग ने निकायों को काम कराने के अधिकार बढ़ा दिए हैं। नगर पंचायतों को एक करोड़ और नगर पालिका परिषद को स्वयं से अधिकार से दो करोड़ रुपये तक काम कराने की अनुमति दी गई है। अभी 40 लाख रुपये तक का काम ही अपने स्तर से करा सकते थे। इससे अधिक के काम के लिए उच्च स्तर से अनुमति लेनी पड़ती थी। इसके साथ ही गड़बड़ी पर कुल लागत का 50 फीसदी ठेकेदार और शेष अधिकारियों से वसूला जाएगा। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने गुरुवार को इस संबंध में संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दिया है। इसके साथ ही कामों में गड़बड़ी होने पर वसूली की व्यवस्था भी कर दी गई है। कुल क्षति का 50 फीसदी ठेकेदार से वसूला जाएगा। शेष बचने वाली राशि में 50 फीसदी अभियंताओं से वसूला जाएगा। इसमें 35 फीसदी अवर अभियंता, 10 फीसदी सहायक और पांच फीसदी अधिशासी अभियंता से वसूला जाएगा। शेष बची राशि में 30 फीसदी अधिशासी अधिकारी और 20 फीसदी अन्य जिम्मेदारी अधिकारियों से वसूली की जाएगी। इसके साथ ही यह भी तय कर दिया गया है कि अधिकतम 3.75 मीटर तक चौड़ी सड़कें ही टाइल्स की बनाई जाएंगी। इससे अधिक चौड़ी सड़कें सीसी और डामर से बनाए जाएंगे। इसके लिए फुल डेप्थ रेक्लमेशन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। 3.75 मीटर से कम चौड़ी सड़क के साथ स्थलीय स्थिति व जरूरत के अनुसार केसी टाइप नाली का निर्माण और इससे अधिक चौड़ी सड़क में यथासंभव यूट-टाइप आरसीसी नाली का निर्माण लोक निर्माण विभाग के मानक के अनुसार कराया जाएगा।

गोमती नगर में 03 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरूवार को गोमती नगर में कार्रवाई करते हुए 03 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किये। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि रवि प्रताप सिंह व अन्य की ओर से गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 में ब्राण्ड गोदाम के बगल में लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसी तरह हरीश बागरी व अन्य द्वारा गोमती नगर के विक्रान्त खण्ड में लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा सुनील सिंह, सत्या जायसवाल व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-6 में लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था।

गंदगी मिली तो अधिकारी के खिलाफ होगी कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बकरीद पर्व को देखते हुए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार शाम जोन-6 और जोन-2 के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण और सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जोन-6 में बुनियाद बाग और कश्मीरी मोहल्ला वार्ड तथा जोन-2 में बिल्लौजपुरा एरिया और राजा बाजार वार्ड का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने जोनल अधिकारी, जोनल सैनेटरी अधिकारी और सैनेटरी एवं फूड इंस्पेक्टर को निर्देशित किया कि सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरव कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान नागरिकों को स्वच्छ और हाइजीनिक वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी जोनों को निर्देशित किया कि ईद से पहले सभी संवेदनशील इलाकों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि नालियों की सफाई, कूड़े का नियमित उठान और सैनिटाइजेशन का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निरीक्षण के दौरान कहीं भी गंदगी पाई गई तो संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त, जोन-6 के स्थानीय पार्षद, जोनल अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

डीएम ने ठंडे पानी की मशीन का उद्घाटन किया

लखनऊ। नादान महल रोड श्री सिद्धनाथ जी मंदिर प्रांगण में गुरुवार को डीएम विशाख जी ने ठंडे पानी की मशीन का उद्घाटन हुआ। उन्होंने कहा कि गर्मी में लोगों को ठंडा पानी मिलना चाहिए। इसके लिए ज्यादातर चौराहो पर प्यायू लगाया गया है। इस अवसर पर यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, यहियागंज के युवा अध्यक्ष कुश मिश्र, शशि कान्त श्रीवास्तव, मनोज अग्रवाल, समीर जैन, नरेश कुमार, अमित गुप्ता सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

ट्रैक्टर ट्राली से होगा सिर्फ किसानी कार्य, चालक का होगा डीएल रदद

लखनऊ। किसानो के लिए जारी होने वाले ट्रैक्टर और ट्राली इन दिनो सवारी ढोने का कार्य कर रहे है जिससे बीते दिनो कई घटनायें हो चुकी है। जिसको देखते हुए डीएम ने निर्देश जारी करते हुए आरटीओं और पुलिस विभाग को सर्तक किया है। गाड़ी मालिको नोटिस देने के लिए कहा है। इसके साथ ही ट्राली का पंजीयन करने से पहले शपथ पत्र पर लिखवाना होगा कि किसी भी प्रकार की सवारी को गाड़ी में बैठालने पर पंजीयन रदद कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर सवारी लेकर जा रहा है तो उसे तत्काल रोका जाना चाहिए। जिससे कोई बड़ी दुर्घटना न हो। इसके साथ ही गाड़ी चलाने वाले के पास डीएल है कि नही बीमा की भी जांच होनी चाहिए। ट्राली शहर में चलाने के लिए विशेष परमिशन लेना होगा। ट्राली को कृषि कार्य के लिए परमिशन दिया गया है और ट्राली से ईट भेजने का कार्य किया जा रहा है तो एआरटीओ ऐसे गाड़ियों को चलान और सीज की कार्रवाई किया जाना चाहिए।

अवैध मिट्टी कटान हर हाल में रोका जायः डीएम

लखनऊ। अवैध मिटटी का खनन अब दिन में नही रात में हो रहा है। जिससे किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि रात में सब विभाग के अधिकारी को सेट कर लिया जाता है फिर मिटटी कही भी खोदा जाय और कही भी बेचा जाय इसके लिए कोई रोकता नही है। लेकिन किसी मिटटी खनन वाले ने कुछ भी पैसा देने से मना किया तो उसके खिलाफ रात में भी अभियान चलाकर उसकी गाड़ियों को भी जब्त कर दिया जाता है। ऐसे में डीएम सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध मिटटी का खनन नही होना चाहिए। शहर के अन्दर मिटटी खनन करना है तो इसकी परमिशन क्षेत्रिय अधिकारियों से लिया जाना चाहिए।

प्रो. भुवनेश्वरी भारद्वाज बनीं संकायाध्यक्ष

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रो. भुवनेश्वरी भारद्वाज को अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ एथलेटिक्स एंड शैव फिलॉसफी संकाय का संकायाध्यक्ष (डीन) नियुक्त किया है। इस संबंध में गुरुवार को कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार उनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए या अधिवर्षता आयु प्राप्ति तक अथवा अन्य कोई आदेश होने तक जो भी पहले घटित हो तक के लिए स्वीकृत किया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के सात छात्र चयनित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष (बैच 2025) के सात मेधावी छात्रों का चयन देश की प्रमुख आईटी कंपनी एचसीएल टेक में हुआ।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एके सिंह और केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और प्रतिबद्धता का सजीव प्रमाण है। उन्होंने कहा, आप सभी ने यह साबित किया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उस तक पहुंचने की इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं होती। मैं सभी चयनित छात्रों की इस उपलब्धि के लिए सराहना करता हूं और आशा करता हूं कि यह सफलता विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक सशक्त प्रेरणा का कार्य करेगी। प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि एचसीएल टेक की बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया (रिज्यूमे शॉर्टलिस्टिंग, अप्टिट्यूड टेस्ट, तकनीकी साक्षात्कार, बिजनेस एचआर राउंड और कैंपस एचआर इंटरव्यू) में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयन सुनिश्चित किया। चयनित छात्र-छात्राओं में बी.टेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के कार्तिकेय वर्मा, शेख बिलाल अहमद, देवांशु शाक्य, निदा परवीन और अंकुश यादव के साथ बी.टेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के आदर्श केशरवानी एवं आशीष पाल शामिल हैं। छात्रों की नियुक्ति ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद पर 3.25 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुई। डॉ. हिमांशु पांडेय ने यह भी जानकारी दी कि अब तक लखनऊ विश्वविद्यालय के कुल 61 छात्र-छात्राओं का चयन एचसीएल टेक में हो चुका है।

नगर निगम में आज 'संपूर्ण समाधान दिवस'

लखनऊ। नगर निगम की ओर से शहरवासियों की समस्याओं के समाधान को लेकर हर महीने आयोजित किए जाने वाले संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। यह समाधान दिवस हर महीने के पहले शुक्रवार को सुनिश्चित किया गया है। इस बार भी त्रिलोकनाथ सभागार, नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल करेंगी, जबकि नगर आयुक्त गौरव कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे। जीआईएस सर्वेक्षण के बाद कई भवन स्वामियों की ओर से कर निर्धारण को लेकर आपत्तियां जताई गई थीं। ऐसे मामलों के समाधान के लिए इस संपूर्ण समाधान दिवस में भाग लें। साथ ही जलकल, सफाई, सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, और अन्य नागरिक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

पेन्टिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने जीता प्रथम पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सीएमएस के स्टेशन रोड कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्राओं हाजरा शमाइल एवं आराध्या त्रिवेदी ने जल एवं नदी संरक्षण पर आधारित अंतर-विद्यालयी पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन स्टेट मिशन फॉर क्लीन गंगा, उप्र के संयोजकत्व में जिला गंगा कमेटी, लखनऊ द्वारा किया गया, जिसमें कक्षा-3 की छात्रा हाजरा शमाइल ने जूनियर वर्ग में जबकि कक्षा-7 की छात्रा आराध्या त्रिवेदी ने सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया है। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने दोनों प्रतिभाशाली छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि सीएमएस की इन प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी कलात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ ही रचनात्मक सोच का प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया। इन छात्राओं ने अपनी प्रथम पुरस्कृत पेंटिंग के माध्यम से सामाजिक जीवन में नदियों की महत्ता को उजागर करते हुए किशोर व युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के साथ ही जल एवं नदी संरक्षण के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सीएमएस की इन प्रतिभाशाली छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

अभियन्ताओं के स्थानान्तरण से बिजली कर्मियों में फैला गुस्सा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र ने आरोप लगाया है कि पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन और चेयरमैन निजी घरानों के साथ मिलीभगत कर कौड़ियों के दाम 42 जनपदों का बिजली का निजीकरण करने में लगे हैं। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि निजीकरण के नाम पर अभियन्ताओं को अनावश्यक रूप से दण्डित किया गया तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया होगी। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबन्ध निदेशक द्वारा प्रशासनिक आधार पर अभियन्ताओं का स्थानान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में बिजली कर्मियों में गुस्सा फैल गया है। आज लगातार 190वें दिन बिजली कर्मियों का प्रान्तव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। एक बड़े कारपोरेट घरानें के प्रबन्ध निदेशक बयान दे चुके हैं कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए बनाया गया आरएफपी डॉक्यूमेंट उनसे चर्चा करके बनाया गया है और उनकी कम्पनी निजीकरण का टेण्डर डालने हेतु उत्साहित है। संघर्ष समिति ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन ने बढ़ाकर घाटा दिखाने हेतु नियामक आयोग को सौंपे गये एआरआर को पुनरीक्षित किया है। संघर्ष समिति ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2017 में 41 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2024 में एटी एण्ड सी हानियां 16.5 प्रतिशत रह गयी हैं। किन्तु 2025-26 के लिए पॉवर कारपोरेशन द्वारा दिये गये एआरआर में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की 2024-25 में 18.49 प्रतिशत हानियों के सापेक्ष बढ़ाकर 36.08 प्रतिशत और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में 2024-25 में 18.97 प्रतिशत के सापेक्ष बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 28.48 प्रतिशत हानियां दिखाई गयी हैं। सवाल यह है कि आरडीएसएस स्कीम में प्रणाली सुधार में हजारों करोड़ रुपए खर्च करने के बाद बढ़ी हुई हानियां किस आधार पर दिखाई गयी हैं। साफ है कि निजीघरानों को लाभ दिलाने हेतु बढ़ा-चढ़ा कर प्रबन्धन घाटा दिखाया जा रहा है जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इसी प्रकार लाखों करोड़ रुपए की परिसम्पत्तियां निजी घरानों को कौड़ियों के मोल बेचने के लिए साजिश रची जा रही है। 42 जनपदों की सारी जमीन मात्र 1 रुपए की लीज पर निजीघरानों को देने की तैयरी है।

संघर्ष समिति निजीकरण के पीछे हो रहे घोटालों का चरणबद्ध ढंग से खुलासा करेगी।

निर्देश के बाद भी उपकेन्द्र पर नही तैनात हुए सुरक्षा गार्ड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में जिस उपकेन्द्र पर जमा हो रहा है बिल उस उपकेन्द्र को अधिकारी के मांग पर मिलेगा सुरक्षा गार्ड। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के ई-सुविधा पर कार्यरत प्राइवेट कर्मचारियों को हटा दिया गया है। उनके जगह पर सरकारी कर्मचारी बिल जमा करने का कार्य कर रहे है। ऐसे में उपकेन्द्रो पर जमा हुआ पैसे का रखरखाव और बैंक में पैसा जमा करने की जिम्मेदारी अवर अभियंता और एसडीओं को दिया गया है। ऐसे में कुछ ऐसे उपखण्ड कार्यालय है जो गांव के बीच में बनाये गये है। जिसको लेकर बिजली कर्मचारी अपने विभाग से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मांग कर रहे है। वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक अखबार में छपी खबर का संज्ञान लेकर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने निर्देश जारी करते हुए लिखा था कि ई-सुविधा द्वारा प्राप्त बिल कनेक्शन 19.5 जीएसटी अतिरिक्त चार्ज किया जाता है और प्रतिमाह 6.5 लाख मविविनिलि के तहत बिल जमा होता है जिससे विभाग पर 1.50 करोड़ अतिरिक्त भार पड़ रहा था। जो कि विभागीय कर्मचारियों के जमा करने से बचत हो रही है। लेसा में बिजली बिल जमा करने का कार्य ई-सुविधा द्वारा किया जाता है। समय-समय पर ई-सुविधा के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से पैसा कलेक्शन करने में असुविधा होती थी जिनपर विभाग का नियन्त्रण भी नही था। जमा किया हुआ पैसा ई-सुविधा एक दिन बाद विभाग को देती थी अब वही पैसा सीधे तौर पर जमा हो रहा है। निर्देश में कहा है कि वर्तमान में विभागीय कर्मचारियों द्वारा पैसा जमा कराया जा रहा है।

विभाग के पास बिजली उपभोक्ता का रिकॉर्ड नही सुरक्षित!

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। पावर कारपोरेशन प्रदेश के करोडों विद्युत उपभोक्ताओं की केवाईसी अपडेट करने के नाम पर उनका मोबाइल नंबर ईमेल नंबर व्हाट्सएप नंबर अपने रिकॉर्ड में दर्ज कर रहा है। जबकी पावर कारपोरेशन उसकी गोपनीयता सुरक्षा बरकरार रखने के लिए नियामक आयोग को उपभोक्ता परिषद ने लिखित में दिया है।

प्रदेश में लगभग एक करोड 73 लाख बिजली उपभोक्ताओं ने अपना मोबाइल नंबर 24 लाख विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना ईमेल और 9 लाख 86 हजार विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना अपना व्हाट्सएप केवाईसी विभाग के पास अपडेट कराया है। उपभोक्ता परिषद ने उपभोक्ताओं से केवाईसी अपडेट कराने की अपील के साथ उनकी सुरक्षा की भी उठाई मांग।

लाखों विद्युत उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर फ्रॉड ग्रुप के पास कैसे पहुंचा यह चिंता का विषय और उसमें से हजारों विद्युत उपभोक्ताओं के साथ फ्राड ग्रुप में कर लिया। प्रदेश में लगभग 3 करोड 22 लाख ऐसे विद्युत उपभोक्ता है जिनकी बिलिंग हो रही है बिजली कंपनियां केवाईसी अपडेट करा रही हैं निश्चित ही केवाईसी अपडेट होने से बिजली उपभोक्ताओं को सही जानकारी समय-समय पर बिजली कंपनियों से मिलती रहेगी। लेकिन बिजली कंपनियों को इस ओर भी विशेष ध्यान देना होगा की पूरे देश में बडे पैमाने पर फ्रॉड ग्रुप बिजली कंपनियों से विद्युत उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर लेकर उस पर अनेकों मैसेज भेज कर उनके साथ चीटिंग व फ्रॉड कर रहे हैं ऐसे में बिजली उपभोक्ताओं का डाटा पूरी तरीके से सिक्योर रहे किसी को भी इसकी जानकारी ना दी जाए इसके लिए पावर कारपोरेशन को सख्त कदम उठाना होगा। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की मोबाइल नंबर व्हाट्सएप नंबर और ईमेल की गोपनीयता पूरी तरीके से बिजली कंपनियां बनाए रखें इसके लिए भी सख्त निर्देश जारी किए जाने चाहिए वर्तमान में 1 सितंबर 2022 तक की बात करें तो हमारे प्रदेश के लगभग 1 करोड 73 लाख विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना मोबाइल नंबर विभाग के जानकारी में उपलब्ध करा दिया है लगभग 9 लाख 86 हजार विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना व्हाट्सएप नंबर उपलब्ध करा दिया है और इसी प्रकार लगभग 24 लाख विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना ईमेल भी विद्युत कंपनियों को उपलब्ध करा दिया अब बिजली कंपनियों को इसकी गोपनीयता बनाए रखनी है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

ढाई साल की बच्ची के साथ दरिंदगी, हालत गंभीर

पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, पांच टीमों का गठन, तलाश तेज, जल्द होगी गिरफ्तारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमबाग इलाके में एक ढाई साल की बच्ची के साथ दरिंदगी हुई। बच्ची अपने माता-पिता के साथ आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सो रही थी। बुधवार आधी रात आरोपी ने सोते वक्त उसका मुंह दबाया और मां के बगल से उठा ले गया। आरोपी ने बच्ची के साथ रेप किया।

बच्ची दर्द से बेहोश हो गई तो उसे मरा समझकर झाड़ियों में फेंक दिया। गुरुवार सुबह उस रास्ते से एक दिव्यांग व्यक्ति गुजर रहा था। 500 मीटर की दूरी से उसे बच्ची के कराहने की आवाज सुनाई दी। पास गया तो बच्ची खून से लथपथ थी। इसके बाद उसने जाकर बच्ची के मां-बाप को इसकी जानकारी दी जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास शुरू कर दिया है। बच्ची के प्राइवेट पार्ट में गहरा घाव हुआ है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। बच्ची का प्राइवेट पार्ट बुरी तरह से डैमेज है। उसकी प्लास्टिक सर्जरी करनी होगी। हालत बेहद नाजुक है।

नाना बोले- बच्ची के कमर के नीचे से खून बह रहा था: बच्ची के नाना ने बताया- हम लोग उन्नाव के रहने वाले हैं। कल (बुधवार को) कूड़ा बीन कर आए थे। फिर खाना-पीने के बाद सो गए। देर रात कोई बच्ची को कोई उठा ले गया। सुबह चार बजे एक बुजुर्ग ने जगाया, तब घटना की जानकारी हुई। बच्ची लहूलुहान थी। उसके कमर के नीचे के हिस्से में घाव हुआ था। वहां से खून बह रहा था। मैं और दामाद बच्ची को लेकर लोकबंधु अस्पताल के लिए भागे। वहां डॉक्टरों ने रेप होने की जानकारी दी। राजनारायण लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया- सुबह साढ़े 7 बजे करीब पीड़ित परिवार बच्ची को लेकर आया। वह गंभीर हालत में दर्द से कराह रही थी। उसे तुरंत इमरजेंसी के कक्ष में शिफ्ट में किया गया। गायनी एक्सपर्ट डॉ. शालिनी कटियार, पीडियाट्रिक एक्सपर्ट डॉ. ब्रजेश कुमार, सर्जन डॉ. राजेश श्रीवास्तव सहित कई एक्सपर्ट ने बच्ची को एग्जामिन किया।

शुरुआती जांच में बच्ची के प्राइवेट पार्ट में मल्टीपल इंजरी मिली है, जिसके चलते उसे तत्काल सर्जरी की जरूरत थी। ऐसे में दोपहर 12 बजे करीब उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर में पहुंचने के बाद उसे पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में भेजा गया है। वहां डॉ. जेडी रावत की निगरानी में बच्ची का इलाज चल रहा है।

शुक्रवार को होगी बच्ची की सर्जरी: केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. जेडी रावत ने बताया कि 2 बजे के करीब बच्चों को केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में भर्ती कराया गया है। बच्ची फिलहाल स्टेबल कंडीशन में है। उसके प्राइवेट पार्ट में गहरे जख्म आए है। पर इंजरी कितनी गहरी है, फिलहाल इस बारे में कुछ कह पाना संभव नहीं है। कल सर्जरी होगी। अभी एक्सपर्ट चिकित्सकों की निगरानी में इलाज चल रहा है।

डीसीपी बोले- आरोपी की तलाश में 5 टीमें लगायीं: बच्ची से रेप की घटना की जानकारी मिली है। आलमबाग थाने में सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं। घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर नंदौली गांव में लगाये गये पौधे

लखनऊ। सरल केयर फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा लखनऊ जिले के नंदौली गांव में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 53 वां जन्म दिन 11 पौधे लगा कर मनाया गया। इस मौके पर सरल केयर फाउंडेशन की अध्यक्ष रीता सिंह, नंदौली की ग्राम प्रधान रीना सिंह, पूर्व प्रधान राम बहादुर, पूर्व बीडीसी सदस्य वंदना सिंह, राजाराम, रज्जाक खान, छोटे लाल, रमेश, शुभम और गजेंद्र प्रताप सिंह सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सरल केयर फाउंडेशन की अध्यक्षा रीता सिंह ने कहा मुख्यमंत्री के जन्मदिन के साथ ही साथ 5 जून को अन्तर राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस भी मनाया जाता है। सरल केयर फाउंडेशन हर साल की तरह इस साल भी अपने वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत कर रहा है। इस अभियान के तहत अक्टूबर माह तक अलग अलग जगहों पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके साथ ही साथ दूसरो को जागरूक भी किया जाएगा। वो न केवल पौधे लगाये बल्कि उनकी देखभाल सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। नंदौली की ग्राम प्रधान रीना सिंह ने कहा की गांव में बड़े पैमाने पर पौधे लगाने का काम किया जाएगा।

रेसर मोबाइल बाइकों से कंट्रोल होगा ट्रैफिक

लखनऊ। पुलिस लाइन में गुरुवार को 42 रेसर मोबाइल बाइक (इंटरसेप्टर) यातायात पुलिस को दी गईं। ये रेसर मोबाइल बाइकें ट्रैफिक कंट्रोल करेंगी। विभिन्न चौराहों और तिराहों को कवर कर ट्रैफिक दबाव वाली जगहों पर जाम से निजात दिलाएंगी।

सूचना

सूचित करना है मैंने अपने पुत्र गुलजार को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। मो. शरीफ पुत्र स्वः सुलेमान निवासी-मोहल्ला उत्तर टोला, बंकी, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी।

यूपी पुलिस में नयी भर्ती की दस्तक, 24 हजार पदों पर जल्द जारी होगा नोटिफिकेशन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी पुलिस विभाग में नियुक्तियों की राह फिर से खुलने जा रही है। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही और उप निरीक्षक के लगभग 24,000 पदों पर भर्ती की तैयारी पूरी कर ली है। जैसे ही शासन से अंतिम मंजूरी मिलती है, भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित कर दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार यह प्रक्रिया 15 जून तक शुरू हो सकती है। यह भर्ती पहले अप्रैल के आखिरी सप्ताह में प्रस्तावित थी, लेकिन कुछ औपचारिकताओं के चलते इसमें देरी हुई। अब इसे हर हाल में जून के मध्य तक जारी करने का लक्ष्य रखा गया है।डीजीपी मुख्यालय की ओर से भेजे गए प्रस्ताव में सिपाही संवर्ग के 19,220 पद और उप निरीक्षक के 4,543 पद शामिल हैं। सिपाही पदों में सबसे अधिक संख्या पीएसी से जुड़ी है, जिनमें महिला वाहिनी, विशेष सुरक्षा बल और घुड़सवार पुलिस जैसे वर्गों के लिए भी नियुक्तियां प्रस्तावित हैं। वहीं, सब इंस्पेक्टर स्तर की भर्तियों में नागरिक पुलिस, महिला प्लाटून कमांडर और विशेष बलों के पद शामिल हैं।भर्ती बोर्ड को इस बार बड़े पैमाने पर आवेदन मिलने की संभावना है। अनुमान है कि करीब 35 लाख से अधिक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि पिछली सिपाही भर्ती में 60,244 पदों के लिए 48 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए थे।

दहेज में 20 लाख न देने पर प्रताड़ित किया

लखनऊ। दहेज में 20 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर पति समेत अन्य ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा पीड़िता ने चिनहट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के मुताबिक वह बैंक ऑफ बड़ौदा झाबुआ में नौकरी करती है। उनकी शादी वर्ष 2016 में फतेहपुर के भैसारी निवासी पुष्पराज सिंह के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पुष्पराज दक्षिण अफ्रीका चले गए। एक साल बाद पुष्पराज लौटकर आ गए। कुछ समय बाद से ही पति पुष्पराज, सास अर्चना व ससुर राजेन्द्र दहेज में 20 लाख रुपये की मांग करने गले।

बीकेटी में तैयार हो रही थी नकली सीमेंट, 8 गिरफ्तार

- एसटीएफ नें छापा मार कर सरगना सहित आठ को पकड़ा, विभिन्न कम्पनियो की भारी मात्रा में सीमेंट बरामद
- काकोरी के नरौना गांव में भी यही गिरोह कर चुका नकली सीमेन्ट बनाने और सप्लाई करने का काम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी एसटीएफ नें विभिन्न ब्राण्डेड कम्पनियों के नाम से नकली सीमेन्ट बनाने वाले गिरोह के सरगना सहित आठ लोगो को राजधानी के बक्शीतालाब थाना क्षेत्र के नेक्सा मारूती शोरूम के बगल में बने गोदाम से गिरफ्तार किया है।जिनके पास से भारी मात्रा में नकली सीमेन्ट बरामद हुई है।

यूपी एसटीएस नें पकड़े गये ठाकुर प्रसाद उर्फ अजय निवासी बेला पुरवागढ़ी, थाना मछरेहटा, जनपद सीतापुर व मनोज कुमार निवासी नवीगंज चक पुरवा थाना सदरपुर, सीतापुर व संजीत राय निवासी 286/49क, जवाजखेडा थाना नाका लखनऊ व शकील निवासी संजय नगर, मकान नं0 285क/395 ऐशबाग, लखनऊ व सलमान निवासी रहीमाबाद थाना औरास जनपद उन्नाव व विरेन्द्र निवासी अमजदपुरवा, थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर वराम आसरे निवासी बेलापुरवा, थाना मछरेहटा, जनपद सीतापुर व नसीम निवासी कचहरी थाना कासिमपुर, जनपद हरदोई के पास से 705 बोरी नकली अल्ट्राटेक सीमेंट व 420 बोरी नकली माईसेम सीमेंट व 365 बोरी नकली एसीसी गोल्ड कंक्रीट व 225 बोरी डैमेज माल जेके लक्ष्मी सीमेंट व 120 बोरी नॉनट्रेड सरकारी एसीसी सीमेंट व 500 बोरी पलाई एश (राख) व ट्रैक्टर और बोलेरो डाला तथा पिकअप व 191 खाली बोरी एसीसी गोल्ड कम्पनी तथा 1011 खाली बोरी अल्ट्रा टेक कम्पनी व 1000 खाली बोरी एसीसी कम्पनी व छह छान्ना तथा तेरह कीप बोरियो में सीमेन्ट भरने के लिए व सात कन्नी सीमेंट भरने के लिए तथा तीन इलेक्ट्रॉनिक तराजू व दो मोबाइल फोन व दो ड्राइविंग लाइसेंस और 1740 रुपये नगद बरामद किये।

यूपी एसटीएफ को नकली सीमेन्ट बनाने वाले गिरोह के बारे में जानकारी मिली। इस पर विभिन्न इकाईयों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।इस पर अमित कुमार नागर अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ के नेतृत्व में टीम लगाई गईं।सटीक जानकारी पर निरीक्षक दिलीप तिवारी व उप निरीक्षक विनोद सिंह व मुख्य आरक्षी राजेश मौर्या, रूद्र नारायण उपाध्याय, कौशलेन्द्र सिंह, रवि वर्मा, चालक कपिलदेव के साथ टीम नें बीकेटी पुलिस व अल्ट्राटेक सीमेन्ट के लीगल मैनेजर को साथ लेकर नेक्सा मारूती शोरूम के बगल में बने गोदाम में छापा डाला गया जहाँ से भारी मात्रा में विभिन्न ब्राण्डेड कम्पनियों के नकली सीमेन्ट तैयार किया रहा था। जिस पर एसटीएफ टीम द्वारा मौके से सभी आठो व्यक्तियों को गिरफ्तार को गिरफ्तार किया। एसटीएफ चीफ अमिताभ यश नें बताया कि पकड़ा गया ठाकुर प्रसाद ने पूछताछ पर बताया कि वह रिषभ अग्रवाल से 50 हजार रुपए महीना के रेट से यह गोदाम किराये पर लिया था।बीते कई वर्षो से अवैध रूप से विभिन्न ब्राण्डेड कम्पनियों के नाम से नकली सीमेन्ट तैयार कराकर उसकी सप्लाई करता है। इससे पहले काकोरी क्षेत्र के गाँव नरौना में नकली सीमेन्ट बनाने एवं सप्लाई करने का काम करता था।इसको लेकर राजधानी के थाना पारा में मुकदमा दर्ज हुआ था।पकड़ा गया आरोपी मेरठ के रहने वाले मित्तल नाम के व्यक्ति से कच्चा माल लेता है।यह फ्लाइ एश (राख) शाहजहाँपुर निवासी कमल किशोर शुक्ला से लेता है। अलग-अलग कम्पनियों के नाम से छपी बोरियों संजीत राय निवासी लखनऊ से लेता है।यह कच्चा माल लेकर मजदूरों की मदद से नकली सीमेन्ट तैयार कराता है, जिसे बक्सी का तालाब, चिनहट, रहीमाबाद, मोहनलालगंज आदि जगहों पर डीलरों को कम दामों पर नकली सीमेन्ट सप्लाई करता था। उसे प्रति बोरी 80-100 रुपए फायदा होता था।ठाकर प्रसाद उर्फ अजय के विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज है। इसे बीकेटी थाने में दाखिल कर मुकदमा दर्ज किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत हरैया, विकास खंड पिपरौली, गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत हरैया विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा-चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05-06-2025 से 12-06-2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 12-06-2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 11.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

नियम एवं शर्तेः-
1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

धनमती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हरैया
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

समीर कुमार यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत हरैया
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

माण्डवी फाउंडेशन ने चलाया सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आलमनगर क्षेत्र के सरीपुरा में माण्डवी फाउंडेशन ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में 20 स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सिलाई-कढ़ाई की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कपड़ों की सिलाई, डिजाइनिंग, और कढ़ाई के साथ-साथ उद्यमिता के मूलभूत सिद्धांतों की भी जानकारी दी गई। माण्डवी फाउंडेशन की इस पहल से महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर मिलेगा, बल्कि वे अपने परिवार और समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकेंगी। कार्यक्रम के अंत में फाउंडेशन की ओर से सभी प्रतिभागी महिलाओं को उपहार (गिफ्ट) वितरित किए गए, जिससे उनका उत्साह और आत्मविश्वास और भी बढ़ गया। महिलाओं ने इस सम्मान के लिए फाउंडेशन का आभार प्रकट किया। स्थानीय लोगों और प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए मांग की कि भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएं, जिससे अधिक से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम में माण्डवी फाउंडेशन की टीम में शिवेंद्र सिंह, आलोक त्रिपाठी, शोभा, लक्ष्मी सिंह, पूजा व रानी सिंह, मौजूद रहीं।

उतरेठिया रेलवे क्रॉसिंग के पास बगीचे में मिला मजदूर का शव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। एक मजदूर की नशे की हालत में मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपक पासवान (42) के रूप में हुई है। वह बिहार के दरभंगा जिले का रहने वाला था और वर्तमान में लखनऊ के सेक्टर 10 ए बृंदावन कॉलोनी में रहता था।

घटना 5 जून को दोपहर करीब 3:30 बजे की है। मृतक की पत्नी रीता ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि उतरेठिया रेलवे क्रॉसिंग के पास बगीचे में उनके पति का शव मिला है। पुलिस के अनुसार, अत्यधिक नशे के कारण दीपक की मृत्यु हुई। दीपक सनी मंदिर के पास अधिकतर समय बिताता था। उसके एक बेटी है। पीजीआई पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

एचटी लाइन से मोर समेत सात बकरियों की मौतः निगोहां के चंदीखेड़ा गांव के बाहर हाईटेंशन तार टूटकर जमीन में गिरने से सात बकरियों समेत मोर की झुलस कर मौत हो गई। सूचना पाकर वन विभाग, पुलिस और लेसा की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान बिजली अधिकारियों ने किसान को मुआवजा राशि दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं वन विभाग की टीम ने बकरियों व मोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए निगोंहा पशु चिकित्सालय भेज दिया। निगोहां के चंदीखेड़ा गांव निवासी किसान मंगल के खेत के पास से होकर हरिहर पुरपटसा जाने वाली हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर पड़ा। इस दौरान पुरहिया गांव निवासी तकदीरून निशां की बकरियां चर रही थीं। अचानक बिजली तार की चपेट में आकर सात बकरियां व मोर की मौत हो गई। किसानों ने बताया कि जहां तार टूटकर गिरा है। वहां कोई व्यक्ति नहीं पहुंचा। अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकती थी। निगोंहा उपकेंद्र के जेई विजय शर्मा ने बताया कि हाईटेंशन लाइन के पास किसानों ने खेतों के किनारे यूकेलिप्टस के पेड़ लगा रखे हैं। इससे पेड़ की टहनियां बिजली लाइन से टकराकर तार टूट गये और जमीन पर गिर गया।

बी फार्मा के छात्र ने किया सुसाइड

लखनऊ। चिनहट इलाके में बी फार्मा के छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। कथित तौर पर छात्र को प्रैक्टिकल देने से रोका जा रहा था। इसके बाद वह कॉलेज से अपने हॉस्टल के कमरे में गया और रस्सी से पंखे के सहारे लटक कर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। छात्र ने सुसाइड नोट में लिखा था कि मैंने कॉलेज में फीस जमा की थी, लेकिन सिस्टम में फीस पेंडिंग दिखा रही थी। कई बार सही करवाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ नहीं हो पाया। मुझे प्रेक्टिकल एग्जाम देने से रोक दिया गया। मेरे दोस्त पता नहीं क्या-क्या सोचेंगे। सभी लोग मुझे माफ करना। रायबरेली निवासी शुभम कुमार (25) समर्पण कॉलेज ऑफ फामेर्सी में बी फार्मा फोर्थ ईयर का छात्र था। साथी छात्रों ने बताया कि शुभम गुरुवार को प्रैक्टिकल देने कॉलेज गया। कॉलेज में उसको 22 हजार फीस न जमा होने की वजह से प्रैक्टिकल देने से रोक दिया गया। इसके बाद वह अपने हॉस्टल आ गया। टीचर ने उसको कॉल की तो कोई जवाब नहीं मिला। टीचर ने उसके साथियों को देखने के लिए भेजा। साथी प्रभात, आकाश और श्रीकांत हॉस्टल पहुंचे। जहां कमरा नंबर 109 अंदर से बंद मिला। दरवाजा काफी खटखटाने पर जवाब नहीं मिला। साथियों ने दरवाजा तोड़ दिया। शुभम अंदर रस्सी से पंखे के सहारे लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। कमरे की छानबीन की। मौके से 2 पन्ने का सुसाइड नोट मिला। उसमें छात्र ने लिखा- मैंने कॉलेज में फीस जमा की थी, लेकिन सिस्टम में फीस पेंडिंग दिखा रहे थे। कई बार सही करने का प्रयास किया, लेकिन कुछ नहीं हो पाया।

पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार ने दी सीएम योगी को जन्मदिन की बधाई

लखनऊ। यूपी के पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने सामाजिक मीडिया पोस्ट में उन्होंने मुख्यमंत्री के जीवन, नेतृत्व और योगदान की सराहना करते हुए उन्हें एक तपस्वी, दूरदर्शी और प्रेरणादायक व्यक्तित्व बताया।

प्रशांत कुमार ने अपने संदेश में लिखा है कि ह्लमाननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उनका तपस्वी जीवन, दूरदर्शिता और नेतृत्व सभी के लिए प्रेरणा है। ईश्वर से प्रार्थना है, वे सदैव स्वस्थ, ऊजार्वान व यशस्वी रहें और इसी प्रकार प्रदेश को सुशासन व सुरक्षा के पथ पर निरंतर अग्रसर करते रहें।पूर्व डीजीपी का यह संदेश न केवल व्यक्तिगत शुभकामना है। बल्कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की मजबूती और सुशासन की दिशा में योगी सरकार की भूमिका को भी रेखांकित करता है। पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार, जो स्वयं अपने कार्यकाल में नक्सल, माफिया और संगठित अपराधों के विरुद्ध कई महत्वपूर्ण अभियानों के लिए जाने जाते हैं।उन्होंने मुख्यमंत्री योगी को एक ऐसे नेता के रूप में सम्मानित किया है जो राज्य को ईमानदारी और शक्ति के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

सीए समेत चार लोगों से 2.42 करोड़ ऐंठे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। साइबर जालसाजों ने ट्रेडिंग पर मुनाफे का झांसा देकर सीए समेत चार लोगों से 2.42 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। जालसाजों ने मुनाफा निकालने के लिए भारत- पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के चलते टैक्स का भुगतान करने के लिए भी कहा। चारों पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। विजयंत खंड -4 निवासी सीए शलभ पांडेय के मुताबिक कुछ दिन पहले उनके फेसबुक पर भाविका शेट्टी नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। युवती ने चैटिंग में कहा कि वह कोलकाता में एक स्कूल और वृद्धाश्रम खोलने की योजना बना रही है। उसे सीए से वित्तीय योजना और टैक्स सलाह लेनी है। उन्होंने एएक्स एमैक्स पोर्टल के माध्यम से 50 हजार का निवेश किया। इसके बाद उन्होंने कई बार में 1 करोड़ रुपये का निवेश किया। जिसका मुनाफा 2.34 करोड़ दिखने लगा। शलभ के मुताबिक उन्होंने 34 लाख रुपए निकालने का प्रयास किया तो उनसे 49 लाख रुपये अमेरिकी टैक्स और भारत- पाकिस्तान के बीच भू-राजनीतिक तनाव के कारण 53.82 लाख रुपए और भरने के लिए कहा। मना करने पर पोर्टल से उनका पोर्टफोलियो हटा दिया। उधर, सुशांत गोल्फ सिटी के नीलमथा निवासी अमित कुमार सिंह के मुतबिक ट्रेडिंग पर मुनाफे का झांसा देकर 40 लाख रुपये जमा करा लिए। वहीं, अलीगंज के त्रिवेणी नगर निवासी अपूर्वा कटियार के मुताबिक वर्क फ्राम होम के नाम पर उनसे 8.80 लाख रुपये ठग लिए। साथ ही वृंदावन योजना सेक्टर-सी के अरुण कुमार सिंह भतीजे ने ऑनलाइन सामान का आर्डर किया। क्रेडिट कार्ड से 25 रुपए का भुगतान करने के बाद खाते से 7.44 लाख रुपए निकल गए।

इंदिरानगर में दो महिलाओं से लूटः इंदिरानगर इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने 30 मिनट के भीतर दो महिलाओं के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया। एक का पर्स तो दूसरे का मोबाइल लूट लिया। हादसे के समय दोनों महिलाएं पैदल ही लौट रहीं थी। इंन्दिरानगर पुलिस दोनों मामले में मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इंदिरानगर के शिवाजीपुरम निवासी अजय कुमार शर्मा के मुताबिक पत्नी अमृता शर्मा 3 जून को दूध लेने गई थी। दूध लेकर वह गली नंबर- चार पार्वती लॉन के पास पहुंची थी तभी पीछे से आए बाइक सवार बदमाश ने झपट्टा मारकर उनसे मोबाइल लूट लिया। चीख पुकार सुन जब जब तक राहगीर जुटते बदमाश बाइक से फरार्टा भरते हुए भाग निकले।

हत्यारा गिरफ्तार

लखनऊ। अलीगंज इलाके में भांजे ने मामा की गला काटकर हत्या कर दी। आरोपी कुछ दिन पहले मामा की नाबालिग साली को लेकर भाग गया था। पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 15 दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था। तब से हत्या करने की फिराक में था। बुधवार रात जब परिवार के लोग बाहर चले गए तो कमरे में बंद करके अपने मामा को पीटा। इसके बाद धारदार हथियार से गला काट दिया। चीख-पुकार सुनकर मकान में रहने वाले अन्य किराएदार दरवाजा खोलने के लिए चिल्लाने लगे।

कार्यालय ग्राम पंचायत भिलौरा खुर्द विकास खंड पिपरौली, गोरखपुर

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत भिलौरा खुर्द विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा-चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05-06-2025 से 12-06-2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 12-06-2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 11.00 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

नियम एवं शर्तेः-
1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो ।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

मिथलेश
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भिलौरा खुर्द
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

समीर कुमार यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत भिलौरा खुर्द
वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। एडमिन यूनिट/जोन : लखनऊ-पू०उ०रे० -मण्डल-वाणिज्य/ पू०उ०रे०, नीलामी सूची सं०/लॉट सं० : LJN-ADVT-07-25, नीलामी सूची प्रकाशन तिथि : 02-06-2025 समयः 13.10 बजे, नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) : 18-06-2025 समयः 13:00 बजे, नीलामी बन्द करने की तिथि व समय : 18-06-2025 समयः 13:50 बजे, नीलामी का प्रकार : Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता हैः E-Auction Module of www.ireps.gov.in

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वा०- 58 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

लखनऊ की कला-संस्कृति और स्वाद की दिवानी हूं : श्रिया पिलगांवकर

अभिनेत्री ने लखनऊ में असली महिला पुलिस अधिकारियों के साथ की मुलाकात, वेब सीरीज का किया प्रमोशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जी 5 की आने वाली ऑरिजिनल सीरीज, छल कपट द डिसेप्शन में एक पुलिस अधिकारी के रूप में अपने जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन से लोगों का ध्यान अपनी और खींचने वाली, श्रिया पिलगांवकर लखनऊ पहुंचीं और नवाबों के शहर में उन्होंने इंस्पेक्टर देविका के किरदार में जान डाल दी। श्रिया बेहद लुभावनी ड्रेस में तैयार होकर लोगों के बीच पहुंची और अपने जाने-पहचाने अंदाज में फैन्स से मुलाकात की। शहर की हमेशा कायम रहने वाली गर्मजोशी का आनंद लिया और दर्शकों को उस रोमांचक थ्रिलर की एक शानदार झलक दिखाई, जिसका उन्हें बेसब्री से इंतजार है।

श्रिया पिलगांवकर की लखनऊ यात्रा का एक और खास पल उस वक़्त सामने आया, जब उन्होंने उत्तर प्रदेश की महिला पुलिस अधिकारियों- जिनमें पद्मजा चौहान भी शामिल थीं से दिल से जुड़ी बातें की। इस दौरान श्रिया को 1090 हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी गई।

यह सिर्फ.एक औपचारिक मुलाकात नहीं थी बल्कि एक ऐसा अनुभव था जिसने श्रिया को महिला पुलिसकर्मियों की रोजमर्रा की ज़िंदगी, उनके मानसिक संघर्ष, शारीरिक चुनौतियाँ और ड्यूटी में नजर आने वाले अडिग जज्बे को करीब से देखने का मौका दिया। छल कपट द डिसेप्शन में एक जज्बाती और बहुआयामी महिला पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहीं श्रिया ने इस अनुभव को आँखें खोल देने वाला और बेहद विनम्र बना देने वाला बताया। इस मुलाकात ने न सिर्फ.उनके किरदार की समझ को और गहरा किया, बल्कि वर्दी के पीछे छिपी उन असल महिलाओं की ताकत और भावना के प्रति उनका सम्मान भी कई गुना बढ़ गया।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर से भरपूर कहानी: 'छल कपट द डिसेप्शन' की कहानी बुरहानपुर के पास एक गाँव के डरावने माहौल पर आधारित है, जिसकी शुरूआत एक निजी शादी समारोह से होती है। दुल्हन बनने जा रही अलीशा अपने बचपन की सहेलियों– महक, इरा और शालू के साथ जश्न मनाने के लिए फिर से एकजुट होती है, जिसका उन्हें लंबे अरसे से इंतजार था। लेकिन उनकी ये खुशी जल्दी ही दहशत में बदल जाती है, जब उन्हें उभरती हुई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, शालू की लाश मिलती है। इस जश्न पर शक, गहरे राज और धोखे की परछाई पड़ते ही उत्सव का माहौल एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर में बदल जाता है। हर सहेली के दिल में गहरे जख्म और दबी हुई नाराजगी है, और जाँच के धीरे-धीरे आगे बढ़ने के साथ ही हर रिश्ता कमजोर पड़ने लगता है। इंस्पेक्टर देविका (श्रिया पिलगांवकर का किरदार) रोंगटे खड़े कर देने वाली इस रहस्यमयी कहानी के केंद्र में हैं, जो एक तेज-तर्रार और सीधी बात करने वाली पुलिस अधिकारी हैं, जिनका अपना अतीत काफी भयावह है।

देविका सामान्य तरीके से मामलों की जाँच करने वाली पुलिस वाली नहीं हैं घरेलू बदसलूकी को मुंहतोड़ जवाब देने के अपने अनुभव से उनमें ऐसी समझ विकसित हुई है, जो हर धोखे को आसानी से पहचान लेती है। उनकी निजी ज़िन्दगी के शैतान उन्हें कमजोर नहीं कर पाते हैं बल्कि वे उनके नजरिये को और पैना करते हैं, जिससे वह उन झूठों को भी पहचान लेती हैं जिन पर दूसरों का ध्यान नहीं जाता। जैसे-जैसे वह समूह के पेचीदा रिश्तों और एक-दूसरे के विरोधी इरादों की गहराई से पड़ताल करती हैं, वैसे ही पुराने राज सामने आने लगते हैं, आपस की दोस्ती बिखर जाती है, और वफादारी तथा धोखे के बीच की लकीर मिटने लगती है।

लखनऊ की मोहब्बत कभी पुरानी नहीं होती

लखनऊ में बिताए अपने समय को याद करते हुए, श्रिया पिलगांवकर ने कहा, लखनऊ एक ऐसा शहर है, जिसकी मोहब्बत कभी पुरानी नहीं होती। मैं पहले भी शूटिंग के लिए यहां आ चुकी हूँ और हमेशा इसकी समृद्ध संस्कृति, यहां के अपनत्व से भरे लोगों और लजीज खाने की दीवानी रही हूँ। लेकिन इस बार का अनुभव अलग था- महिला पुलिस अधिकारियों से मिलना और 1090 हेल्पलाइन के बारे में जानना दिल को छू गया। यह महज एक कॉल सेंटर नहीं है- बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की महिलाओं के लिए यह एक जीवन रेखा है। मुझे इसकी कार्यप्रणाली का स्केल देखकर हैरानी हुई, और जिस समर्पण से ये अधिकारी हर रोज डिस्ट्रेस कॉल्स हैंडल करती हैं, वो काबिल-ए-तारीफ है खासकर तब, जब ये कॉल्स बेहद नाजुक और गंभीर हालातों से आती हैं। जिस संवेदनशीलता, तत्परता और दृढ़ता से वे जवाब देती हैं, उसने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला। इसने मुझे अपने किरदार देविका से और भी गहराई से जोड़ दिया। छल कपट में देविका सिर्फ.एक पुलिस अफसर नहीं है- वो एक ऐसी महिला है जो अपने अतीत के दर्द और निजी संघर्षों को सँभालते हुए भी अन्याय के सामने मजबूती से खड़ी रहती है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस किरदार की जज्बाती सच्चाई से जुड़ाव महसूस करेंगे, जब वे इस सीरीज को देखेंगे। जी 5 की ऑरिजिनल सीरीज, छल कपट द डिसेप्शन में श्रिया पिलगांवकर को एक और दमदार भूमिका में देखना न भूलें, जिसका प्रीमियर 6 जून को होगा।

शुक्रवार को ओटीटी पर होगी रिलीज: अजय भुयान के डायरेक्शन में बनी, और जुगरनॉट प्रोडक्शन द्वारा प्रोड्यूस की गई इस जबरदस्त थ्रिलर में बेहतरीन अदाकारा, श्रिया पिलगांवकर उन्होंने मुख्य किरदार निभाया है, जो 6 जून को जी 5 पर एक्सक्लूसिव प्रीमियर के लिए तैयार है। काम्या अहलावत, रागिनी द्विवेदी, तुहिना दास, याहवे शर्मा, प्रणय पचौरी, स्मरण साहू और अनुज सचदेवा जैसे बेहतरीन कलाकारों से सजी इस सीरीज की कहानी सस्पेंस, जबरदस्त उतार-चढ़ाव, गहरे राज और धोखे से भरी है।

निर्जला एकादशी आज, भक्त करेंगे श्रीहरि की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। वैदिक पंचांग के मुताबिक, 6 जून को निर्जला एकादशी व्रत किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। इस व्रत का पारण अगले दिन यानी द्वादशी तिथि पर किया जाता है। इससे साधक को पुण्य फल की प्राप्ति होती है। साथ ही भगवान विष्णु की कृपा बरसती है।

निर्जला एकादशी व्रत पारण का टाइम: एकादशी व्रत का पारण द्वादशी तिथि पर करना चाहिए। ऐसे में निर्जला एकादशी व्रत का पारण 7 जून को किया जाएगा। व्रत का पारण करने का शुभ मुहूर्त दोपहर 01 बजकर 44 मिनट से लेकर शाम 04 बजकर 31 मिनट तक है।

निर्जला एकादशी व्रत पारण की विधि : द्वादशी तिथि पर सुबह जल्दी उठें और स्नान करने के बाद सूर्य देव को अर्घ्य दें। मंदिर की सफाई करने के बाद पूजा की शुरूआत करें। देसी घी का दीपक जलाएं और भगवान विष्णु की आरती करें। मंत्रों का जप और विष्णु चालीसा का पाठ करें। भगवान विष्णु को सात्विक भोजन का भोग लगाएं। प्रभु से जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति के लिए कामना करें। आखिरी में लोगों में प्रसाद का वितरण करें और स्वयं प्रसाद को ग्रहण करें।

बन रहे कई शुभ संयोग, 3 राशियों के लिए शुभ

लखनऊ। हिंदू धर्म में निर्जला एकादशी व्रत का विशेष महत्व है। इस व्रत में अन्न व जल ग्रहण करने की मनाही होती है। इस साल निर्जला एकादशी व्रत 06 जून को रखा जाएगा। इस साल निर्जला एकादशी पर बनने वाले कई शुभ संयोग कुछ राशियों को शुभ फल प्रदान करेंगे। निर्जला एकादशी पर बुध के मिथुन गोचर से भद्र राजयोग बनेगा। इसके साथ ही मिथुन राशि में बुध और गुरु की युति बनेगी। निर्जला एकादशी पर रवि योग का भी शुभ संयोग बन रहा है। निर्जला एकादशी पर बनने वाले शुभ संयोग मेष, मिथुन व सिंह राशि वालों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

मेष राशि– निर्जला एकादशी पर बनने वाले शुभ संयोग मेष राशि वालों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। मेष राशि के जातकों को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है और आपकी मेहनत से पदोन्नति की भी संभावना है। नौकरी में पदोन्नति या वेतन वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है।

मिथुन राशि– निर्जला एकादशी का दिन मिथुन राशि वालों को कई लाभ मिलेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगा और कमाई में वृद्धि होगी। आपका बैंक बैलेंस अच्छा होगा। खर्चों पर कंट्रोल होगा और बचत करने में सफल रहेंगे। संतान पक्ष से भी आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। रिश्तों में मधुरता आएगी। सेहत में सुधार होगा।

सिंह राशि– सिंह राशि वालों को निर्जला एकादशी के दिन बनने वाले शुभ संयोग लाभकारी सिद्ध होंगे। करियर में लाभ होगा। आपको नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं जिससे भविष्य में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। पुराने निवेश से अचानक धन लाभ होने की संभावना है और इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। करियर में स्थिरता आएगी।

गंगा दशहरा पर महंत देव्यागिरी ने की गोमती आरती

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्री मनकामेश्वर मठ -मंदिर के तत्वावधान में महंत देव्यागिरी महाराज की अगुवाई में गंगा दशहरा पर डालीगंज के उपवन घाट पर आदि गंगा गोमती की आरती की गई। आरती से पहले आदि गंगा पर व्याख्यान और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। श्रीमहंत ने वृक्षारोपण भी किया।

महंत देव्यागिरी महाराज ने आदि गंगा की आरती की। आरती के समय घंटे, मंजीरा, शंख की ध्वनि से गोमती के तट का वातवरण भक्ति भाव से भर गया। लोगों ने गोमती माता की जय जयकार की। इस मौके पर श्रीमहंत ने कहा कि गोमती हमारी माता है। क्योंकि इन्हीं का जल पीने से हमारा जीवन है। अगर जल नहीं होगा तो जीवन भी नहीं होगा। जीवन को बचाने के लिए गोमती मैया को स्वच्छ रखना भी जरूरी है।

आरती से पहले श्रीमहंत ने घाट पर पीपल, बरगद के पौधों को रोपण किया। इसके अलावा भक्तों ने भजन किए। घाट को दीपों से सजाया भी गया। कार्यक्रम में मंदिर की प्रमुख सेवादार उपमा पांडेय, दुवार्षा, ममता कश्यप, श्रुति वर्मा, सरिता वर्मा, ऊषा, पूजा यादव, सुमन तिवारी, मुकेश सहित अन्य सेवादारों का सहयोग रहा।

गंगा दशहरा पर लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी: भारत की जीवनधारा के साथ ही मोक्षदायिनी व जीवनदायिनी के नाम से सुशोभित गंगा नदी के अवतरण दिवस यानी गंगा दशहरा का पर्व उत्तर प्रदेश में काफी धूमधाम ने मनाया जा रहा है। गंगा दशहरा लखनऊ से लेकर वाराणसी तक गंगा नदी में पुण्य की डुबकी लगाई है। लखनऊ में लोग तड़के ही गोमती नदी के तट पर एकत्र हो गए और पुण्य की डुबकी लगाई। वाराणसी में गंगा दशहरा पर श्रद्धालु बड़ी संख्या उमड़े। बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा दशहरा पर्व पर स्नान किया। इसके बाद पूजा-पाठ तथा दान-पुण्य का सिलसिला चला। भारत में तीर्थों के राजा माने जाने वाली नगरी प्रयागराज में पापनाशिनी सुरसरि के धरा पर अवतरण का पर्व गंगा दशहरा संगम नगरी में आस्था के साथ मनाया जा रहा है।

लालच न करने की सीख दे गया नाटक 'फितूर'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आनंद अनुभूति वेलफेयर सोसाइटी की नाट्य प्रस्तुति नाटक फितूर का मंचन अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया गया। नाटक का लेखन मोहम्मद अनवर बेगम व निर्देशन सोनी सिंह ने किया।

नाटक फितूर आपराधिक प्रवृत्तियों में संलग्न लोगों के दिमागी फितूर पर आधारित है। नाटक में एक सुन्दर लड़की अपने हुस्न का इस्तेमाल करके एक अधेड़ शादीशुदा बड़े पद पर कार्यरत सरकारी मुलाजिम सुभाष को फंसा लेती है और फिर उसे एक अनजान फ्लैट में लेकर आती है। फ्लैट में पहले से उपस्थित युवती के साथी मिलकर उसे किडनैप करते है। फिर 2 करोड़ रूपयों की फिरौती मांगते है। और अंत में पता चलता है सुभाष कोई बड़ा सरकारी मुलाजिम नहीं है, वो तो बस एक ड्राइवर है, जो बड़े अधिकारी की गाड़ी चलाता है। सुभाष की वास्तविक्ता जानकर सभी किडनैपर हैरान रह जाते है और फिर इस असमंजस में रह जाते है कि अब क्या किया जाय। फिर किडनैपर सुभाष से केवल 10 लाख रुपए की डिमांड करते है। पहले तो सुभाष मना करता है फिर बाद में अपनी जान जोखिम देखकर 10 लाख देने को तैयार हो जाता है। फिर कुछ ऐसा समंजस बनता है कि चारों किडनैपर आपस में एक-दूसरे के दुश्मन बन जाते है। और अंत में पैसों की लालच की वजह से सभी किडनैपर मर जाते है। ड्राइवर सुभाष बच जाता है और वो अपने पैसे लेकर जाने ही वाला होता है कि दरवाजें पर खट-खट होता है। इसी सस्पेंस के साथ नाटक समाप्त होता है। नाटक में अहम भूमिका संतोष प्रजापति, माही, मनोज तिवारी, ओमकार पुष्कर, अक्षत ऋषि, संतोषी, ज्योति गुप्ता और रीति गुप्ता ने निभायी।

समर कॉर्निवल : मुशायरे संग लोकनृत्य ने समां बांधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अद्भुत संयोग एक अनूठा मिलन है जो भाग्य को बदल सकता है, जो जीवन में नई दिशा दिखा सकता है, जो हमें सफलता की राह पर ले जा सकता है, जीवन में हमें नए अवसर प्रदान कर सकता है। आज का दिन एक ऐसे ही अद्भुत संयोग का दिन है। आज विश्व पर्यावरण दिवस है, गंगा दशहरा है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस है। यह ऐसे संयोग का मिलन है जो निश्चित रूप से हमारे जीवन की हर बाधा को दूर करके हमें सफलता की नई मंजिल दिला सकता है।

गोमती नगर के यूपी दर्शन पार्क में चल रहे समर कार्निवल 2025 में भी एक अनूठा मिलन है प्रगति इवेंट, जेटेक और लखनऊ विकास प्राधिकरण की सम्मिलित भागीदारी ने लखनऊ वासियों के लिए एक अद्भुत संयोग का निर्माण किया है। समर कार्निवल 2025 में झूला मस्ती, फूड स्टॉल, सांस्कृतिक मंच, फर्नीचर, क्रोकरी सभी आयु वर्गों के शानदार परिधानों की रेंज, इत्र, सजने सवरने के सभी उत्पाद, आइसक्रीम कुल्फी चाय कॉफी के साथ पिज्जा, बर्गर यह सब कुछ उपलब्ध है। 30 मई 24 जून तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रगति इवेंट तथा जेटक की तरफ से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में सैकड़ो पौधों तुलसी, आम, आंवला आदि का निशुल्क वितरण किया गया। सांस्कृतिक मंच पर आज विशेष रूप से बाती बाजी अंताक्षरी का कार्यक्रम तबस्सुम खान के नेतृत्व में संचालित किया गया। तत्पश्चात मुशायरा का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसको आए हुए सभी लोगों द्वारा बहुत ही पसंद किया गया और लोगों ने खूब लुफ्त उठाया गया। इसी कड़ी में अंकित बाजपेई ने परफॉर्मेंस सबको अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मजबूर किया।

प्रगति इवेंट और जेटेक ने यूपी दर्शन पार्क में आंवला, नीम, आम, चीकू, बेल सहित तमाम पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एन बी सिंह तथा उपस्थित स्टॉल धारकों ने वृक्षारोपण किया। जेटेक की तरफ से अभिषेक सूरज सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सैकड़ो पौधों का निशुल्क वितरण किया गया और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागृत किया गया। इस अवसर पर कृष्णानंद राय ने अपने गीतों के माध्यम से प्लास्टिक हटाओ पौधा लगाओ का संदेश दिया।

अपराध के बीच दोस्ती की गहराई परखती है फिल्म 'पुणे हाईवे'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



- ऐक्टर: अमित साध, जिम सर्भ, अनुवब पाल, मंजरी फडनिस, केतकी नारायण
- डायरेक्टर : बग्स भार्गव कृष्णा, राहुल

रेटिंग-2.5/5

लखनऊ। विलियम शेक्सपियर की 'रोमियो जूलियट', 'मैकबेथ', 'हेमलेट' और 'ओथैलो' जैसे नाटकों पर दुनियाभर में फिल्में बनी हैं, लेकिन राइटर-डायरेक्टर राहुल डा कुन्हा अपने ही चर्चित नाटक 'पुणे हाईवे' को बड़े पर्दे पर लेकर आए हैं। बग्स भार्गव कृष्णा के साथ मिलकर लिखी और डायरेक्ट की यह फिल्म अतीत के घाव और मौजूदा समय में हुए एक अपराध के बीच दोस्ती की गहराई परखती है।

हालांकि, कमजोर स्क्रीनप्ले के कारण यह मर्डर मिस्ट्री कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाती। कहानी चार दोस्तों खांडू उर्फ प्रमोद खंडेलवाल (अमित साध), विष्णु (जिम सर्भ), निक्की (अनुवाब पाल), खांडू की बहन नताशा (मंजरी फडनिस) और बाबू (हिमांशु बालपांडे) की है। चारों बचपन के दोस्त हैं। ये सभी साथ बड़े हुए हैं, इसलिए इनका रिश्ता बहुत मजबूत है। फिर भी जब बाबू पर जानलेवा हमला होता है, तो बाकी तीनों दोस्त चुपचाप बस देखते रहते हैं, क्योंकि वह हमला ताकतवर नेता मानसेकर (शिशिर शर्मा) ने करवाया होता है। यही नहीं, खांडू खुद मानसेकर के लिए ही काम करता है। इस वजह से विष्णु और खांडू में नैतिकता को लेकर बहस भी होती है, मगर उनकी दोस्ती बरकरार रहती है। यह दोस्ती तब भी नहीं टूटती, जब विष्णु की वजह से खांडू की बहन नताशा का दिल टूट जाता है। मगर तभी मानसेकर की बेटी मोना (केतकी नारायण) का मर्डर इन चारों की जिंदगी में उथल पुथल मचा देता है। मोना के मर्डर से इनका क्या कनेक्शन होता है? किसने किया है मर्डर? यह जानने के लिए फिल्म देखनी होगी। फिल्म की कहानी ठीक ठाक है। वह एक क्राइम थ्रिलर का मजा देने के साथ किरदारों का मनोवैज्ञानिक पड़ताल करने की कोशिश करती है, मगर कमजोर स्क्रीनप्ले और साधारण एग्जीक्यूशन के कारण प्रभावित नहीं कर पाती। हालांकि, मर्डर के कई सस्पेक्ट्स और उनकी बैक स्टोरी के जरिए चौंकाने वाले खुलासे डाले गए हैं, मगर स्क्रीन पर वे जिस तरह से आते हैं, आपको झटका नहीं लगता।

हां, निक्की का अपनी मां से रिश्ता और उससे उसके दिमाग पर जो असर होता है, वह हैरान करता है। मगर डायरेक्टर्स निक्की के व्यक्तित्व का यह पहलू भी अपनी सुविधानुसार बदलते रहते हैं। शुरू में वह नॉर्मल होता है, अचानक अजीब बर्ताव करने लगता है, फिर सामान्य हो जाता है। कहानी में कई सवाल अनसुलझे रह जाते हैं। विष्णु के अलावा, बाकी किरदारों के बैकग्राउंड पर मेहनत नहीं की गई है। यहां तक कि खांडू और नताशा के परिवार का कोई जिक्र नहीं मिलता। खांडू को पॉजिटिव रखना है या नेगेटिव, इसे लेकर भी भार्गव और डा कुन्हा कंफ्यूज लगते हैं, जिसकी वजह से यह किरदार मजबूत होने के बावजूद दमदार नहीं बन पाता। एक ताकतवर सत्ताधारी नेता की बेटी के जघन्य मर्डर की पड़ताल भी जितने आराम से होती है, उस पर भी यकीन नहीं होता। कहानी का मजबूत पहलू ये है कि इसका सस्पेंस अंत तक बना रहता है। कातिल का अंदाजा आखिर तक नहीं लगता। बात करें एक्टिंग की, तो जिम सर्भ सबसे ज्यादा निखरकर दिखते हैं। उन्होंने अपने किरदार के अंदरूनी द्वंद को अच्छे से पर्दे पर उतारा है। अमित साध ने भी अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाई है, लेकिन उनके किरदार में ही गहराई की कमी रह गई है। अनुवब पाल और केतकी नारायण का काम अच्छा है, लेकिन इन दोनों के किरदारों को भी और विस्तार दिया जाना चाहिए था। मंजरी फडनिस ने सीमित स्क्रीन स्पेस में ठीकठाक काम किया है।

अंकुश राजा के भोजपुरी गाने 'सड़िया करिया' ने मचाया धमाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भोजपुरी गानों और इनके दीवानों की अपनी एक अलग दुनिया है। वक्त के साथ म्यूजिक इंडस्ट्री में भोजपुरी की धमक भी बढ़ती जा रही है। आकांक्षा पुरी से लेकर अनु मलिक जैसे सितारे भोजपुरी से नाता जोड़ रहे हैं। इसी बीच भोजवुड के कुछ ऐसे भी फनकार है, जो अपने गीतों में मिट्टी की मिठास, सुरीली आवाज और लोकगीतों जैसे धुन पर धूम मचा रहे हैं। ऐसे ही एक सुपरस्टार सिंगर हैं अंकुश राजा। उनकी पॉपुलैरिटी का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि उनके गीत को 5 महीने में ही करीब 13 करोड़ बार देखा और सुना जा चुका है।

अंकुश राजा का ये बेहतरीन गीत है 'सड़यिा करिया', जिस पर फैंस और भोजपुरी संगीत के चाहने वाले दिल हार बैठे हैं। आदिशक्ति फिल्म्स के यूट्यूब चैनल पर अंकुश का ये गाना बीते साल दिसंबर 2024 को रिलीज हुआ था। यह ना सिर्फ इस वक्त टॉप ट्रेंडिंग सॉन्ग है, बल्कि भोजपुरी इलाकों में इसके बिना कोई आयोजन फीका ही लगता है। 'सड़िया करिया' गाने को 12 करोड़ 97 लाख से अधिक बार देखा और सुना जा चुका है। इस भोजपुरी गाने को जहां अंकुश राज और करिश्मा कक्कर ने मिलकर गाया है, वहीं इसके बोल यादव लालू ने लिखे हैं। संगीत से सजाने का काम श्याम सुंदर ने किया है। 'सड़यिा करिया' गाना सुनने में जितना सुरीला है, इसका म्यूजिक वीडियो भी उतना ही मजेदार है। अंकुश राजा के साथ इसमें अनिशा पांडे हैं। गाने का थीम और अंदाज बहुत ही प्यारा है, जहां अंकुश अपनी हमदम अनिशा के लिए काजल, बिंदी, सेंट, लिपस्टकि जैसे श्रृंगार के सामान लेकर पहुंचते हैं। कहते हैं कि सब तुम्हारे लिए है। इस पर अनिशा कहती हैं कि साज-श्रृंगार का सामान तो ले आए, लेकिन कमर की लहक रही है।

शोधार्थियों और शिक्षकों ने हरित पहल के साथ मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

राजधानी में शिक्षण संस्थानों सहित सभी विभागों में पौधरोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग ने कुलपति प्रो. आलोक राय एवं विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस को एक अनोखे ढंग से मनाया। इस अवसर पर विभाग के शोधार्थी एवं शिक्षक एकत्रित हुए और विभागीय उद्यान साहनी वाटिका में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रत्येक शोधार्थी अपने साथ एक 8 इंच का गमला, जिस पर उनका नाम अंकित था और अपनी पसंद का पौधा लेकर आया। सभी प्रतिभागियों ने निर्धारित स्थानों पर पौधे लगाए और उनकी देखभाल की ज़िम्मेदारी स्वयं ली। यह पहल न केवल विभाग की हरित आच्छादन में योगदान देने वाली सिद्ध हुई, बल्कि यह इस बात की भी स्मृति दिलाती है कि पर्यावरण की रक्षा में प्रत्येक व्यक्ति की अहम भूमिका होती है। विभाग ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों और प्रतिबद्धता की सराहना की तथा आशा व्यक्त की कि इस प्रकार की पहलें भविष्य में भी सतत विकास के प्रति प्रेरणा देती रहेंगी।

भाषा विवि: हर्बल गार्डन में वृक्षों के लाभों पर प्रदर्शनी की शुरुआत

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के हर्बल गार्डन में वृक्षों के लाभों पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी विषयक प्रकृति का महत्वः एक ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण की सतत रक्षा एवं संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एक सतत और स्वच्छ पर्यावरण का निर्माण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, और हमें वृक्षारोपण एवं हरित आच्छादन बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा ने वृक्षों के जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वृक्ष न केवल हमारे पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद शारिक, प्रभारी, शारीरिक शिक्षा विभाग ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवाओं को आगे आकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए ताकि पृथ्वी का हरित आवरण बढ़ाया जा सके।

लविवि में पौधरोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राउंड्स एवं गार्डन विभाग द्वारा वाणिज्य विभाग परिसर में तथा डीन, छात्र कल्याण द्वारा डीएसडब्ल्यू लॉन एवं सरस्वती वाटिका में पौधरोपण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। वाणिज्य विभाग में आयोजित कार्यक्रम का समन्वय प्रो. एसएन पांडेय, अधीक्षक, ग्राउंड्स एवं गार्डन विभाग द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कई गतिविधियां आयोजित की गयीं, जिनमें प्रमुख रूप से पौधरोपण अभियान, पौधों का वितरण और स्वच्छता अभियान शामिल थे। कार्यक्रम में शोध छात्र, शिक्षकगण एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और पोस्टर प्रस्तुति, परिसर की सफाई, तथा वृक्षारोपण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। पोस्टर की विषयवस्तु में पुनर्चक्रण, प्रदूषण नियंत्रण, और पर्यावरण जागरूकता जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे।इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए, जिनमें क्रोटन, मुर्रया (करी पत्ता), लैजेस्ट्रोमिया, इक्सोरा, प्लूमेरिया, तुलसी, एलोवेरा, टेबरनेमोंटाना, चमेली, रात की रानी, रंगून क्रीपर और सावनी शामिल हैं। साथ ही, आम और अमरूद जैसे फलदार वृक्षों का भी रोपण किया गया, जिससे विश्वविद्यालय परिसर को और अधिक हरित और स्वच्छ बनाया जा सके। वनस्पति विज्ञान विभाग ने भी इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया।

प्रकृति संरक्षण हमारी जिम्मेदारी : कांग्रेस

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी एवं उप्र कांग्रेस वॉर रूम के इंचार्ज संजय दीक्षित ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस कार्यालय के प्रांगण में 21 पेड़ लगाकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इसी क्रम में सिद्धिश्री, संजय सिंह, राकेश पाण्डेय, अनामिका यादव, मुनीष चौधरी, परवीन खान, साबरा खातून आदि ने भी पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया।

सपा छात्रसभा ने पर्यावरण स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

लखनऊ। समाजवादी छात्रसभा लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया व वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय समाजवादी छात्र सभा के इकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार के देखरेख में हुआ। इस दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. राम मिलन यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे और छात्रों सतत विकास के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान प्रदेश सचिव अक्षय यादव, इकाई महासचिव रजत अग्रहरि, इकाई उपाध्यक्ष रोहित यादव, शिवा जी यादव, आदित्य पांडे, धर्मेंद्र कुमार, अक्षत पांडे, सत्यम राज पटेल, अभय राज, सुजीत कुमार, शिवा श्रीवास्तव, रोहित, ऋषभ गुप्ता, आरुष जैसवाल, रोहित कुमार, आर्यन यादव, प्रिंस यादव, सूरज सिंह व आदि छात्र मौजूद रहे।

नुक्कड़ नाटक कर प्रकृति के दोहन पर किया सचेत

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा वर्ष 2025 की थीम प्लास्टिक को खत्म करना को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कैडेट तेजस्विनी गुप्ता, शीलू रावत, प्रज्ञा शुक्ला, वर्तिका सक्सेना, प्रीति कुमारी, रिया लालवानी, गरिमा तिवारी, सृष्टि नायक, प्रियांशी सोनी और आस्था त्रिपाठी ने नुक्कड़ नाटक तथा कविता के माध्यम से इस बात को दर्शाया कि हम सब की लापरवाही और प्रकृति के अत्यधिक दोहन से पर्यावरण पर अत्यंत दुष्प्रभाव पड़ रहा है और यदि समय रहते हम सचेत नहीं हुए इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। कार्यक्रम 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल दीपक कुमार के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो मंजुला उपाध्याय ने कहा कि दिन प्रतिदिन बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण और जनसंख्या बोझ के कारण पर्यावरण संरक्षण विश्व में सभी लोगों के लिए चिंता और चुनौती का विषय बन गया है क्योंकि जहां प्रकृति है वहां जीवन है और यदि प्रकृति को नुकसान पहुंचता है तो हमारे जीवन का भी नुकसान होता है। प्रकृति मानव के जीवन के लिए बहुत कुछ प्रदान करती है परंतु मनुष्य स्वयं उसका अत्यधिक दोहन करके पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करते हैं, जिससे जीव-जंतु और पर्यावरण को नुकसान होने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की बीमारियां भी उत्पन्न हो रही हैं। हमें प्राकृतिक स्त्रोतों का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि इस वर्ष के थीम का उद्देश्य है प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में सभी को जागरूक करना। प्लास्टिक हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गया है कम वजन कम लागत एवं आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर इसे ले जाया जा सकता है इसलिए इसकी खपत बढ़ती जा रही है लेकिन इससे होने वाला प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि इससे न केवल पर्यावरण प्रभावित होता है बल्कि स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है कइसलिए आवश्यकता है कि सब मिलकर अपने-अपने स्तर पर प्रयास करें ताकि फिर से पर्यावरण हरा भरा हो सके। इस अवसर पर कैडेट खुशी सिंह, नेहा सोनी, अरुंधति यादव, भूमिका,कशिश गौतम, आंचल सोनी, रेशमा कुमारी, प्रज्ञा शुक्ला, अर्पित शर्मा, माया यादव,दिव्यांशी वर्मा, खुशी निषाद, पूर्णिमा साहू, रजनी, सहरीन फातिमा आदि ने सदाबहार, अवोकेडो, स्नेक प्लांट, मेरीगोल्ड, तुलसी, एलोवेरा आदि विभिन्न पौधों का रोपण किया तथा उसके संरक्षण का संकल्प भी किया। प्रो. मंजुला उपाध्याय ने सभी को इस बात की शपथ भी दिलाई कि पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी दैनिक जीवन शैली में हर संभव बदलाव करेंगे। कार्यक्रम में डॉ सुनीता सिंह, डॉ आभा दुबे, प्रो.निशी गुप्ता, डॉ मनीषा समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी : प्रो. विनीत कंसल

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को आईईटी, लखनऊ में संस्थान के निदेशक प्रो विनीत कंसल की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विशेष दिन को और भी अधिक प्रेरणादायक बनाने के लिए यह कार्यक्रम वन विभाग के सहयोग से और मुख्यमंत्री एवं पर्यावरण संरक्षक योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री का जीवन संयम, सेवा एवं प्रकृति प्रेम का प्रतीक है और इसी भावना के अनुरूप संस्थान में गुरुवार को वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के ग्राउंड में पौधरोपण से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने पीपल, बरगद और पाकड़ जैसे पर्यावरण के लिए उपयोगी पौधों का रोपण कर हरिशंकरी परंपरा को जीवंत किया। डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि वृक्ष न केवल जीवनदायिनी हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति में इन्हें देवतुल्य स्थान प्राप्त है। उन्होंने हरिशंकरी वृक्षारोपण की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह परंपरा संस्कृति और पारिस्थितिकी के अद्भुत संगम का प्रतीक है। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में संस्थान की आयी ट्रिपल ई स्टूडेंट टीम द्वारा प्रो. नीलम श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र प्लास्टिक प्रदूषण, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और अपशिष्ट प्रबंधन पर केंद्रित था। इस सत्र का आयोजन भी मुख्यमंत्री के जन्मदिवस को समर्पित किया गया, जो हमें स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध उत्तर प्रदेश की ओर प्रेरित करता है। इस अवसर पर प्रो. विनीत कंसल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी केवल सरकारी नीतियों तक सीमित नहीं है, यह हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नवाचार, पुनः उपयोग और रीसाइक्लिंग की आवश्यकता पर बल दिया। इसी क्रम में संस्थान में ₹एक वृक्ष माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत भी वृक्षारोपण किया गया, जिससे छात्रों और शिक्षकों ने अपनी भावनाओं को पर्यावरण सेवा से जोड़ने का सुंदर प्रयास किया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप कुमार ने प्लास्टिक के अनियंत्रित उपयोग से उत्पन्न पर्यावरणीय संकटों पर प्रकाश डाला और भविष्य की पीढ़ियों को जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

बीबीएयू में हुआ पौधरोपण

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बागवानी एवं सौंदर्यीकरण अनुभाग की ओर से वृक्षारोपण अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के डीन (शैक्षणिक) प्रो. केके पांडेय एवं विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष,

विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारीगण के साथ मिलकर अम्बेडकर भवन परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की नियमित देखभाल का वचन भी लिया। विवि कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने सभी को संदेश दिया कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानें और पौधारोपण जैसे सतत प्रयासों को जीवन का हिस्सा बनाएं। इसके अतिरिक्त प्रो. मित्तल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण कोई एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि यह एक दीर्घकालिक संकल्प होना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को चाहिए कि वह प्रकृति के प्रति संवेदनशील बने और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरा-भरा एवं संतुलित पर्यावरण का निर्माण करने में अपना अहम योगदान दे। क्योंकि वृक्ष न केवल पृथ्वी को सुंदर बनाते हैं, बल्कि वे मानव जीवन की रक्षा करने वाले मौन प्रहरी हैं। कार्यक्रम के दौरान कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, हार्टिकल्चर इंस्पेक्टर डॉ. समीर कुमार दीक्षित सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

दृष्टि बाधित विद्यार्थी अब पौधों की सुगंध के सहारे एक विभाग से दूसरे विभाग का करेंगे सफर तय

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने एकेडमिक ब्लॉक ए 1 के सामने सुगंध पथ पौधरोपण योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय में बड़े पैमाने पर सुगंधित पौधों का रोपण किया जाएगा। एक विभाग से दूसरे विभाग में जाने वाले परिपथ पर एक ही प्रकार के सुगंधि पौधे रोपे जायेंगे, जिसकी सुगंध के सहारे ही दृष्टि दिव्यांग विधार्थी एक विभाग से दूसरे विभाग में जा सकेंगे। यह विश्वविद्यालय के लिए एक उत्कृष्ट पहल है। इससे दृष्टिबाधित विद्यार्थी सुंगध के आधार पर विश्वविद्यालय के प्रमुख भवनों को पहचान सकेंगे तथा

भ्रमण को सुगम बना पायेंगें। इस अवसर पर प्रो. संजय सिंह ने कहा कि यह अभिनव प्रयोग विद्यार्थियों को एक ओर प्रकृति के साथ साहचर्य का भाव बढ़ायेगा तो दूसरी ओर स्वतंत्र संचलन का विश्वास भी पैदा करेगा। परिसर विकास के अध्यक्ष प्रो. अवनीश चन्द्र मिश्र ने बताया कि प्रथम चरण में छात्रावास तिराहे से शैक्षणिक भवन 01 तक के मार्ग सुगंधित पौधों का रोपण किया जा रहा है। शैक्षणिक भवन 01 पर गंधराज, शैक्षणिक भवन 02 पर मधुकामिनी, प्रशासनिक भवन पर मनोकामिनी, पुस्तकालय के पास बेला और इंजीनियरिंग संकाय के पास चमेली और बैंक के पास हरसिंगार का रोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलपति ने गंधराज का रोपण किया। साथ ही कुलसचिव रोहित सिंह, डीन एकेडमिक प्रो. वीके सिंह, डीन फाइन आर्टस प्रो. राजीवनयन, निदेशक अनुसंधान प्रो. एके दुबे, डीन छात्र कल्याण डॉ आशुतोष पाण्डेय, कैम्पस डेवपलमेंट के सदस्यों ने भी पौध एवं वृक्षारोपण किया।

64 यूपी बटालियन के कैडेटों ने किया पौधरोपण

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के ओल्ड कॉमर्स तथा मछली द्वार के निकट में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर (लखनऊ ग्रुप) ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही कमान अधिकारी कर्नल पीपीएस चौहान 64 यूपी बटालियन एनसीसी लेफ्टिनेंट (डॉ) रजनीश कुमार यादव और जेसीओ सूबेदार राम किशन की विशेष उपस्थिति रही। इस सफल आयोजन में 64 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।

डीएम ने पौधरोपण कर पृथ्वी को हरा भरा रखने का दिया संदेश

जिला संवाददाता

कुशीनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर आधारित पर्यावरण जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा प्रकृति को हरा भरा तथा स्वच्छ, सुंदर बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खंड दुदही के ग्राम बांसगांव चौरिया व खैरवा में पौधरोपण कर समस्त जनपदवासियों से हरिशंकरी (पीपल, पाकड़ व बरगद)वृक्षों का अपने घर के समीप लगाकर उसे मां की भांति संरक्षित करने एवं चौपाल संस्कृति वापस लाने हेतु आवाह्न किया गया।जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी में पेड़ों को मां की पूज्यनीय मानते हुए उसकी सेवा, संरक्षा करने की अपील भी की। आप सभी से जनसहयोग अपेक्षित है। आमजनमानस की सहभागिता से ही यह सफल हो सकता है।जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी को सर्वप्रथम पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं आप सभी यह अपील करना चाहूंगा कि अपने आसपास पेड़ अवश्य लगाए।

यही पेड़ कल को आपको छाया फल, जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी देंगे। उनकी देखभाल बिल्कुल अपने बच्चों की करें। पूरे जनपद में 37 लाख लगभग वृक्ष रोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है हम इससे कई आगे जाकर पौध रोपेंगे।इसकी शुरूआत आज से प्रारंभ की जाती है। प्रत्येक ग्राम सभा में एक स्थान चिन्हित किया जा रहा है जहां भविष्य में पूर्व की तर्ज पर चौपाल लग सकता है। उस स्थान पर हरिशंकरी पौधों पीपल, पाकड़ एवं बरगद को लगाएंगे जब यह कुछ सालों के उपरांत बड़े और छायादार हो जाएंगे तो उस स्थान पर बड़े बुजुर्गों की सहायता से ग्राम में मामले अधिकतर ग्राम में सुलझाने में अग्रिम भूमिका निभाएंगे। पहले भी यही हमारे समाज में प्रचलन था।ज्यादातर विवाद ग्राम के बड़े बुजुर्ग ही आपस में समझौते के आधार पर सुलह कराए जाते थे।हम सभी इसका शुभारंभ पुनः करेंगे।पेड़ को लगाने से ज्यादा अहमियत है उसे जीवित रखना उसका संरक्षण करना। आइए हमसब मिलकर एक संकल्प ले की एक पेड़ अपने मां के नाम का लगाएंगे उसकी सेवा तथा संरक्षण स्वयं ही करेंगे आगे आने वाले कार्यक्रम वनाधिकारी पेड़ों के नीचे उनकी छाया में ही आयोजित करें। आगे आने वाले वन महोत्सव में भी पेड़ लगाए जाएंगे।प्रकृति को सम्मान दें।ये हमे हर सुख सुविधा प्रदान करते है।जल्द ही विवाद रहित राजस्व ग्राम अभियान भी शुरू करने जा रहा हूं।

प्रत्येक ग्राम में एक भूमि विवाद रजिस्टर बनाए जाएंगे जिसमें सभी प्रकार के विवाद दर्ज किए जाएंगे उनका हल ग्राम स्तर पर ही सर्वप्रथम कराने का प्रयास किया जाएगा, अगर उच्च अधिकारियों की आवश्यकता पड़ी को उनका भी सहयोग लिया जाएगा। अभियान का लक्ष्य है गांव की समस्या का गांव स्तर पर ही निवारण करना।

इस असवर पर प्रभागीय वनाधिकारी वरुण सिंह, खंड विकास अधिकारी दुदही रामराज कुशवाहा, देवरिया सांसद प्रतिनिधि ईवा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं अन्य जनमानस उपस्थित रहे।

दीवानी न्यायालय परिसर में किया गया पौधरोपण

कुशीनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर की अध्यक्षता में वृक्षारोपण व जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला जज सुशील कुमार शशि द्वारा वटवृक्ष लगाकर किया गया।

इस अवसर पर अनिरुद्ध तिवारी, विशेष न्यायाधीश एस०सी०/एस० टी० एक्ट, आनन्द प्रकाश-।।।, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर, सत्यपाल सिंह प्रेमी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ०टी०सी०-।।, दिनेश कुमार विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, विजय कुमार वर्मा-क्कमुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रभात सिंह, सिविल जज (एस0डी0)/एफ० टी०सी०, शान्तनु तनवर, न्यायिक मजिस्ट्रेट, बार एसोसिएशन कुशीनगर के अध्यक्ष मिथिलेश दीक्षित एवं फणीन्द्र मिश्र द्वितीय लिपिक प्रशासनिक कार्यालय, करूणेश सेन्ट्रल नाजीर, सन्दीप वर्मा कोर्ट मैनेजर, अमित कुमार तिवारी उप क्षेत्रीय वन अधिकारी , आकाश तिवारी वन रक्षक एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के कर्मचारीगण राजकुमार वर्मा, प्रदीप झा, विजय कुमार मिश्र, अमरनाथ यादव, रविन्द्र नाथ, मारकण्डेय यादव, उपेन्द्र यादव आदि कर्मचारीगण ने दीवानी न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया।इस अवसर पर पीपल, बरगद, पाकड़, पेल्टोफोरम, गोल्डमोहर, बाटलब्रश, केसियास्यामिया सहित छायादार व फलदार पौधे लगाये गये। इस अवसर पर उप क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित कुमार तिवारी, वन रक्षक आकाश तिवारी अपने विभागीय सहयोगियों के साथ उपस्थित रहकर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान किये।

श्यामा देवी इंटरमीडिएट कॉलेज में हुआ पौधरोपण

कुशीनगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा गुरुवार को रामकोला विकास खण्ड के टेकुआटार ग्राम सभा स्थित श्यामा देवी इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हाटा विधान सभा के विधायक प्रत्याशी रहे रणविजय सिंह ने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हेतु हम सबको अधिकाधिक पौधे लगाने और बचाने की जरूरत है। उन्होंने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगाँठ, पुण्यतिथि आदि पर पौधे लगाने की अपील करते हुए नयी दिशा के पौधरोपण अभियान की सराहना किया।

कवि अश्विनी द्विवेदी ने अपने गीतों से लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र, आगंतुकों का स्वागत कॉलेज के संस्थापक शम्भू राव एवं आभार गुड्डी राव ने किया। इस अवसर पर डॉ0 गौरव तिवारी, डॉ0 निगम मौर्य, डॉ0 सौरभ द्विवेदी, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, सतवंत यादव, इंद्र कुमार मिश्र, कृष्णमोहन, निशांत मिश्र, अनिल मिश्र, अभिषांक शर्मा, रंजीत राय, मनीष यादव, खुर्शीद आलम, मोहम्मद सरफराज, राजेन्द्र यादव, राजेश शर्मा, ध्रुव नारायण पांडेय, अंगिरा विश्वकर्मा, प्रीति सिंह, मुकेश राव, शौकत अली, मेंहदी, दिनेश सिंह, हसनैन अंसारी, आजाद अली, कौलेश्वर प्रसाद, इंद्रेश चौधरी, शिवा, नीतीश आदि उपस्थित रहे।

पर्यावरण, संरक्षण के लिए प्रतिदिन कुछ प्रयास करना जरूरी

देवरिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर आज एस एस बी एल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा. अजय मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में वृहद स्तर पर पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस का मूल उद्देश्य यह समझना है कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण हमारे अस्तित्व के लिए अत्यन्त आवश्यक है और हम अपने स्तर छोटे-छोटे बदलाव करके इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। मुख्य अतिथि 49 वढ इल्ल ठउउ के एडम लेफ्टिनेंट कर्नल टी.बी. थापा ने कैडेटों व छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मात्र एक दिन नहीं है बल्कि प्रकृति व पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रत्येक दिन कुछ सोचने तथा करने हेतु प्रेरित करता है।

इस अवसर पर एनसीसी अफसर लेफ्टिनेंट अखिलेश कुमार पाण्डेय, सुबेदार मेजर कुलदीप सिंह, शिक्षक रमाशंकर चौरसिया, देवव्रत श्रीवास्तव, पी.स्टाफ सरोज, हरेंद्र, शशिभूषण शुक्ल, शम्भुनाथ,संजय मणि,अमित, प्रदीप दूबे,मनोज, विकास, कैडेट आलोक यादव, कैडेट सपना बरनवाल, कैडेट कृति मिश्रा, अभय पाण्डेय, बिट्टू, अमरीश यादव आदि के साथ विद्यालय परिवार उपस्थित रहा ।

सबके प्रयास से प्रदूषण मुक्त होगी पृथ्वीः पवन मिश्र

देवरिया। भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि बीज गोदाम परिसर बैतालपुर में पौधरोपण का आयोजन किया गया, जिसमे किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने किसानों के साथ आम, अमरूद, आंवला, निम और गुलमोहर का पौधा लगाया।

इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि लोगो को पर्यावरण के प्रति सचेत रखना ही विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य है, वर्ष 2025 में विश्व पर्यावरण दिवस का थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने का रखा गया है, हम सभी प्लास्टिक के प्रयोग से दूरी बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरियाली भरी और प्रदूषण मुक्त पृथ्वी तैयार हो सकती है, इसके लिए हम सभी को अपने आसपास खाली जमीन पर पौधरोपण कर उनको संरक्षित करना चाहिए।

अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि देश के सभी नागरिकों को जागरूक होकर पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधरोपण

पेशी पर आया बंदी सिपाही से हाथ छुड़ाकर फरार, महकमे में मची खलबली

देवरिया। दीवानी न्यायालय में गुरुवार को पेशी पर आया बंदी सिपाही का हाथ छुड़ाकर फरार हो गया। वह पाक्सो एक्ट में आरोपी है। बंदी के भागने की सूचना मिलने के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई। एएसपी समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और उसकी तलाश शुरू हुई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत अन्य टीमें भी लगाई गई हैं। कुशीनगर जनपद के हाटा कोतवाली के ग्राम गांधी नगर निवासी शिवा बांसफोर एक किशोरी का बहला-फुसलाकर कुछ माह पहले अपहरण कर लिया था।इस मामले में महुआडीह थाने की पुलिस केस दर्ज कर एक माह पहले ही उसे जेल भेजी थी। गुरुवार को उसकी न्यायालय में पेशी थी, सिपाही उसे न्यायालय में पेश कराने के बाद न्यायालय परिसर स्थित हवालात की तरफ ले जा रहा था।इसी बीच वह सिपाही से हाथ छुड़ा चहारदीवारी फांद सीसी रोड की तरफ निकल गया। सिपाही की सूचना के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई और पुलिस जगह-जगह उसकी तलाश करनी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही एएसपी अरविंद कुमार वर्मा, सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी, प्रभारी निरीक्षक देवरिया डीके सिंह, महुआडीह अमित राय भी पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

भाजपा की जिला कार्यशाला आज

देवरिया। गुरुवार, विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वार विशेष अभियान चलाकर केंद्र सरकार के कार्यों को गांव गांव, घर घर जाकर लोगों को बताने के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की कार्यशाला आज जिला कार्यालय औरा चौरी में 11 बजे आयोजित की जाएगी ।इस संबंध में पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में तैयारी बैठक की गई तथा पदाधिकारियों को अभियान की जिम्मेदारी दी गई ।पार्टी द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा को बनाया गया है ।जिला कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह करेंगे ।इस कार्यशाला में पार्टी सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। बैठक के दौरान जिला मंत्री रामाज्ञा चौहान, अंकुर राय, जितेंद्र सिंह, राजन सोनकर, राहुल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

शुक्रवार को आधार कैंप का आयोजन

देवरिया। जिले के लोगों को नया आधार कार्ड बनवाने या फिर उसमें संशोधन कराने के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। आधार कार्ड बनाने के लिए डाकघरों में हो रही भीड़ को देखते हुए डाक विभाग विशेष अभियान चलाकर आगामी शुक्रवार को आधार कार्ड नामांकन व अपडेशन का कार्य करेगा।

यह एक दिवसीय अभियान देवरिया मंडल के अंतर्गत आने वाले दोनों प्रधान डाकघरों यथा प्रधान डाकघर देवरिया एवं प्रधान डाकघर पड़रौना में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक तथा मण्डल के अन्य उप डाकघरों में सुबह 9 बजे से 4 बजे तक चलाया जायेगा जिसमे बरहज , भागलपुर, भटनी, फाजिलनगर, गौरा जयनगर, हाटा, हेतिमपुर, खुखुंदू, लार, मदनपुर, मझौली राज, नई बाजार, रामकोला, रामपुर, रुद्रपुर, तरकुलवा, सलेमपुर, उप डाकघर शामिल हैं। डाक अधीक्षक अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि डाकघरों मे नया आधार निःशुल्क बनाया जाता है। डेमोग्राफिक संशोधन (नाम, जन्मतिथि, लिंग, पता, मोबाइल, ईमेल) के लिए 50 रुपये और बायोमेट्रिक संशोधन (फिंगरप्रिंट, आइरिस व फोटो) के लिए 100 रुपये शुल्क जमा करवाना होगा।

प्लेसमेंट 10 को

देवरिया। प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, शोभनाथ ने बताया कि आनन्द ग्रुप कंपनी द्वारा प्लेसमेंट राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौरीबाजार में 10 जून को प्रातः 10:00 बजे से किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि चयन हेतु तकनीकी योग्यता के रूप में फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, वायरमैन, मैकेनिक मोटर व्हीकल तथा इलेक्ट्रिक मोटर व्हीकल निर्धारित की गई है। इस प्लेसमेंट में आईटीआई सत्र 2020 से 2025 तक उत्तीर्ण अथवा वर्तमान में अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम 24 वर्ष होनी चाहिए।साथ ही न्यूनतम वजन 50 किलोग्राम एवं लंबाई कम से कम 5.5 फीट होना अनिवार्य है।

पत्नी की हत्या के दोषी को उम्रकैद

कुशीनगर। जिले की एक अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोपी एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी। विशेष लोक अभियोजक कृष्ण कुमार पांडेय ने बृहस्पतिवार को बताया कि कुबेरस्थान क्षेत्र के लक्ष्मीपुर मुसहर टोली में सुरेंद्र नामक व्यक्ति ने 14 सितंबर 2019 को अपनी पत्नी ऊषा की उसके मायके में सिर पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी थी।इस मामले में ऊषा के भाई रामप्रवेश मुसहर ने सुरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि सुरेंद्र और ऊषा का अक्सर झगड़ा होता था।इसकी वजह से ऊषा अपने मायके में रहने लगी थी।सुरेंद्र उसे अपने घर ले जाने के लिये बार-बार आता था मगर ऊषा उसके साथ नहीं जाना चाहती थी।

अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक अदालत- द्वितीय) सत्यपाल सिंह ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद बृहस्पतिवार को सुरेंद्र को पत्नी की हत्या का दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर व पौधरोपण का हुआ आयोजन

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर कुशीनगर जनपद के कुबेरस्थान बाजार स्थित शिव मंदिर प्रांगण में ₹सेवा दिवस₹ के रूप में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।रक्तदान करने वालों में स्थानीय नागरिकों व कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बना। इस अवसर पर रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में कुशीनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।इसके साथ ही, विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विधायक पी. एन. पाठक ने शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।उन्होंने क्षेत्रीय जनता से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की और कहा कि ₹पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है।₹ विधायक ने कहा कि ₹रक्त की एक बूंद, किसी के जीवन की एक नई शुरूआत बन सकती है। सेवा और समर्पण की भावना ही आज के दिन को सार्थक बनाती है।₹ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थित रहे।

गौपालक बन सकते हैं बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर के संचालक

देवरिया। उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया कि जनपद देवरिया में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (प्राकृतिक खेती) योजना के अंतर्गत कुल 54 क्लस्टरों का चयन किया गया है।इन क्लस्टरों में कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक, बीटीएम, एटीएम एवं कृषि सखियों के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक जैविक आदानों – जैसे जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत, दशपर्णी अर्क आदि – के निर्माण एवं वितरण के लिए बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) की स्थापना प्रस्तावित है, जिसका चयन जिला स्तरीय निगरानी समिति द्वारा किया जाएगा बीआरसी के लिए चयनित उद्यमी, संस्था या समूह को प्राकृतिक खेती का अनुभव होना चाहिए अथवा उसमें ऐसे सदस्य सम्मिलित होने चाहिए जिन्हें इस विषय का पूर्व अनुभव या प्रशिक्षण प्राप्त हो। बीआरसी संचालक को अपने खेतों में भी प्राकृतिक जैविक आदानों का प्रयोग करना अनिवार्य होगा। यदि चिन्हित क्षेत्र में कोई सक्रिय प्राकृतिक किसान उपलब्ध नहीं है, तो राज्य प्राकृतिक खेती सेल द्वारा ऐसे इच्छुक और प्रशिक्षित किसान उद्यमियों की पहचान की जाएगी।

खरीफ फसलों में रोग व कीट नियंत्रण के लिए समय से करें बीज व भूमिशोधन

जिला संवाददाता

देवरिया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी इरम ने कृषकों से अपील की है कि वे खरीफ फसलों, विशेषकर धान की नर्सरी डालने एवं रोपाई/बुवाई से पूर्व बीजशोधन एवं भूमिशोधन अवश्य करें। इससे फसलों को भूमि एवं बीज जनित अनेक रोगों तथा कीटों से सुरक्षित रखा जा सकता है, जिससे उत्पादकता में वृद्धि संभव है।

उन्होंने बताया कि भूमिशोधन के लिए ट्राइकोडर्मा तथा ब्यूवेरिया बेसियाना जैसे जैविक उपाय अत्यंत लाभकारी हैं।ट्राइकोडर्मा एक जैविक फफूंदनाशक है, जो जड़ सड़न, तना सड़न, डैम्पिंग-ऑफ, उकठा, झुलसा आदि रोगों से बचाव करता है। यह फफूंदों के तंतुओं को नष्ट कर बीजों के चारों ओर एक सुरक्षा कवच निर्मित करता है, जिससे अंकुरण अच्छा होता है एवं पौधे रोगमुक्त रहते हैं। इसे 25 किग्रा मात्रा में 75 किग्रा सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर हल्की नमी देकर 7-8 दिन छायादार स्थान पर रखना चाहिए और बुवाई से पूर्व अंतिम जुताई में खेत में मिला देना चाहिए।बीजशोधन हेतु 4 ग्राम ट्राइकोडर्मा प्रति किग्रा बीज की दर से सूखा उपचार करना चाहिए।

ब्यूवेरिया बेसियाना एक जैव कीटनाशी है, जो फलीबेधक, पत्ती लपेटक, दीमक, सफेद गिडार जैसे कीटों पर प्रभावी है और अधिक नमी व कम तापमान में अत्यंत उपयोगी होता है। इसका उपयोग भी ट्राइकोडर्मा की तरह ही किया जाना चाहिए।

यदि नर्सरी में कीटों का प्रकोप दिखाई दे तो 1.25 लीटर क्यूनालफास 25 ईसी या 1.5 लीटर क्लोरपायरीफास 20 ईसी प्रति हेक्टेयर या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत की 1 मिली प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि ये सभी रसायन अनुदानित दर पर कृषि रक्षा इकाइयों पर उपलब्ध हैं, जहाँ से किसान इन्हें प्राप्त कर सकते हैं।

आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश हेतु आवेदन लिए जाने की तिथि बढ़ाई गई

कुशीनगर। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना आलोक कुमार मौर्य ने बताया कि जनपद के राजकीय / निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों एवं टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 02 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित हो रहे 05 दीर्घकालीन व्यवसायों में माह सत्र-2025 से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेबसाइट को खोलना होगा।

दिव्यांगजनों के चिन्हांकन शिविरों का आयोजन

जिला संवाददाता

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से जनपद देवरिया के सभी विकास खण्डों में चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।ये शिविर प्रातः 10 बजे से

● पहले दिन गौरीबाजार ब्लॉक में आयोजित होगा चिन्हांकन शिविर

सायं 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे, जिनमें दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा।जिले के विभिन्न विकास खण्डों में इन शिविरों का आयोजन क्रमशः किया जाएगा। सबसे पहला शिविर 6 जून को गौरीबाजार विकास खण्ड में आयोजित होगा।

इसके बाद 9 जून को बैतालपुर, 11 जून को रुद्रपुर, 13 जून को बरहज, 16 जून को भागलपुर, 18 जून को लार, 20 जून को सलेमपुर, 23 जून को भाटपाररानी, 25 जून को भलुअनी, 27 जून को भटनी, 30 जून को देवरिया सदर, 2 जुलाई को बनकटा, 4 जुलाई को रामपुर कारखाना, 7 जुलाई को देसही देवरिया, 9 जुलाई को तरकुलवा और अंत में 11 जुलाई को पथरदेवा विकास खण्ड में शिविर का आयोजन किया जाएगा।इन शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, श्रवण यंत्र, स्मार्ट केन, ब्रेल किट, एम.आर. किट, कृत्रिम अंग सहित अन्य सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए जाएंगे।

इसके साथ ही जिन लाभार्थियों को विगत तीन वर्षों (छात्रों के लिए एक वर्ष) से किसी योजना का लाभ नहीं मिला है, उनका चिन्हांकन कर दिव्यांग पेंशन योजना, शादी-विवाह प्रोत्साहन, दुकान निर्माण/संचालन, कॉक्लियर इम्प्लांट, यूडीआईडी कार्ड और फैमिली आईडी जैसी योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम 200 दिव्यांगजनों के चिन्हांकन का लक्ष्य तय किया गया है। ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को शिविरों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करें।

शिविर में भाग लेने वाले दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो अपने साथ लाना अनिवार्य होगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविर स्थलों पर बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल तथा विभागीय टीम के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आने पाए, इसकी तैयारी पूर्व से सुनिश्चित कर ली जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

कुशीनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा निर्वाचन कार्यालय ईवीएम वेयरहाउस का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की की स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानो को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य विदुओं का गहन निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण दौरान वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिएइस दौरान सीडीओ गुंजन द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व्यास नारायण उमराव, ईवीएम के नोडल अधिकारी , केशवनाथ उपाध्याय, सुभाष भास्कर, मो जहीरूद्दीन, राम अवध गुप्ता, सुरेश चौधरीतथा प्रधान सहायक सैयद कमाल असगर रिजवी, वरिष्ठ सहायक मुरलीधर शुक्ल, ब्रजभूषण प्रजापति, मकसूद अहमद कनिष्ठ सहायक, शशि कुमार मद्धेशिया कंप्यूटर सहायक व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

मानक के विपरीत कार्य कराने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

जिला संवाददाता

तमकुहीराज, कुशीनगर। फाजिलनगर कस्बे के नहर से निकलने वाले फाजिलनगर बड़हरा मार्ग का मानक के विपरीत कार्य कराए जाने का आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय लोगों ने ग्राम प्रधान दीपक सिंह के नेतृत्व में सड़क पर धरना प्रदर्शन कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने का मांग किया। क्षेत्रीय लोगों के काफी प्रयास के बाद वर्षों से खराब पड़ी इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ। लोगों का आरोप है कि कार्य प्रारम्भ होते ही ठेकेदार द्वारा मानक के विपरीत निर्माण कार्य कराया जाने लगा उस समय भी लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था जिसके बाद मौके पर पहुंचे लोकनिर्माण के अधिकारियों ने गुणवत्ता के अनुसार कार्य कराए जाने का भरोसा दिया था और लगभग सौ मीटर बने सड़क को तोड़कर पुनः निर्माण कार्य शुरू कराया। लेकिन कूच दुरी तक ठीक से काम कराने के बाद ठिकेदार सड़क पर बने गढ्ढे में बिना गिट्टी गिराए ही काम शुरू कर दिया है। लोगों का कहना है कि यह सड़क दर्जनों गांव के लोगों को एनएच से जोड़ने वाला एक मात्र मार्ग है।

इसके अलावे इस सड़क पर कई निजी विद्यालय भी है जिससे सैकड़ों की संख्या में रोज छात्र छात्राओं का आने जाना रहता है इसलिए इसके निर्माण में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। विरोध की प्रदर्शन की जानकारी पर पहुंचे अवर अभियंता ने सड़क को गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराने के साथ इसका रिपोर्ट विभाग को देने को कहा। धरना प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान परसौनी दीपक सिंह, साहब अंसारी प्रधान जोगिया, रिंकू राव, नंदकिशोर कुशवाहा, राजू मिश्रा, अरुण यादव, अजय प्रसाद, रियाजउद्दीन, धुरेंद्र प्रसाद, गुड्डू यादव, जीरामन गोंड आदि शामिल थे।

चौपाल के माध्यम से बच्चों व ग्रामीणों से किया संवाद : किया पौधरोपण

देवरिया। नगर विकास विभाग के सचिव एवं जनपद देवरिया के लिए नामित नोडल अधिकारी श्री अजय कुमार शुक्ला द्वारा आज जनपद भ्रमण के दौरान विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का निरीक्षण एवं सहभाग किया गयाश्री शुक्ला द्वारा प्रातः 10:00 बजे राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया में आयोजित समर कैम्प का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने समर कैम्प में प्रतिभाग कर रहे छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उनकी रचनात्मक गतिविधियों की सराहना की। बच्चों द्वारा प्रदर्शित कला, विज्ञान मॉडल, खेलकूद एवं शैक्षणिक गतिविधियों को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा बच्चों को प्रेरणादायी संदेश भी दिए।

समर कैम्प परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से उन्होंने पौधरोपण भी किया और उपस्थित सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दियाइसके उपरांत नोडल अधिकारी द्वारा विकास खण्ड देवरिया सदर की ग्राम पंचायत बगहा मठिया में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

संक्षेप

फर्जीवाड़ा कर युवती के बैंक खाते से हड़पे 57 हजार रुपये

बिसवां नगर (सीतापुर)। सीतापुर में प्रशासन के भ्रष्टाचारों की कतार में एक और भ्रष्टाचार हुआ उजागर। भ्रष्टाचार के गर्त में आकंठ समाए सीतापुर में एक अत्यंत गंभीर मामला संज्ञान में आया है। जहां एक खाताधारिका के खाते से फर्जीवाड़ा करते हुए, 57 हजार रुपए की रकम हड़प ली गई। पीड़िता को जब इस बात की जानकारी मिली तो उसने शाखा प्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक व मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र दिया पर आज तक उसे न्याय नहीं मिल पाया। अंततः थक हारकर भारतीय किसान यूनियन जनमंच से हड़पी रकम दिलवाए जाने की गुहार लगाई। जिसे संगठन ने संज्ञान ले बैंक शाखा के समक्ष धरना प्रदर्शन प्रारम्भ कर दिया। जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष रामशंकर सिंह, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रेशु भार्गव, संगठन मंत्री राममिलन यादव, तहसील अध्यक्ष प्रमोद वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील राज, मंत्री लवकुश राज, पार्वती, मीरा, इलियास, अबरार, जुनेद सहित करीब आधा सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

गौवंश पर तेंदुए ने किया हमला

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला के ग्राम पंचायत अकबापुर में तेंदुए ने दहशत फैला दी है। बुधवार रात करीब 10 बजे श्रवण कुमार के घर के पास मिर्च के खेत में तेंदुआ देखा गया। श्रवण कुमार तेंदुए को देखकर तुरंत घर में चले गए। इसी दौरान तेंदुए ने उनके घर के पास बंधी गाय पर हमला किया।

ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ वहां से भाग निकला। कुछ लोगों का कहना है कि शारदा नहर के किनारे भी राहगीरों ने तेंदुए को देखा। जुगुल किशोर मौर्य, राधा रमण तिवारी, सरवन तिवारी, मोनी तिवारी, राजा तिवारी, राम शंकर तिवारी, जीतू वर्मा, बंटी वर्मा, मुकेश तिवारी, युवराज मौर्य समेत कई ग्रामीणों ने तेंदुए को देखा। ग्राम पंचायत अकबापुर के प्रधान प्रतिनिधि युवराज कुमार ने महमूदाबाद वन विभाग को इसकी सूचना दी।

कारागार और नगर विकास राज्यमंत्री सहित डीएम ने किया पौधरोपण

जिला संवाददाता

सीतापुर। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन की स्मृति में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीतापुर नगर क्षेत्र स्थित कैंची पुल के निकट सरायन नदी के किनारे पवित्र त्रिवेणी (पीपल, बरगद तथा नीम) के पौधों का रोपण किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत वन एवं वन्यजीव विभाग, उ0प्र0 के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सभी को त्रिवेणी वृक्ष के महत्व के विषय में भी सभी को जानकारी दी। विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर सीतापुर की जीवन दायिनी सरायन नदी की सफाई अभियान का भी आयोजन किया गया। इस वर्ष ह्यप्लास्टिक प्रदूषण मुक्त की थीम को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जनमानस में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सीतापुर की जीवन दायिनी सरायन नदी की सफाई अभियान से हुआ। जिसमें नगर पालिका परिषद, सीतापुर जिला ग्राम समिति सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के सहयोग व स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस ऐतिहासिक अभियान में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही एवं माननीय नगर विकास राज्यमंत्री उ0प्र0 सरकार राकेश राठौर गुरू की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अगले चरण में त्रिवेणी वृक्षारोपण (पीपल, नीम व बरगद के वृक्षों का त्रिकोणीय स्वरूप में रोपण) अभियान का शुभारंभ किया गया। यह त्रिवेणी संयोजन भारतीय संस्कृति में पवित्रता, स्वास्थ्य व पर्यावरणीय संतुलन का प्रतीक माना जाता है। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश एवं केन्द्र सरकार पर्यावरण के प्रति अत्यन्त संवेदनशील है तथा पर्यावरण की सुरक्षा के दृष्टिगत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा सरांयन नदी की सफाई और नगर को प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खंडेलवाल, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, डी0सी0 मनरेगा चन्दन देव पाण्डेय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे और पर्यावरण की रक्षा हेतु सामूहिक संकल्प लिया।

बिसवां नगर संवाददाता के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को बिसवां विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भिनैनी में वृक्षारोपण किया गया है। जिसमें छायादार, आम का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर एपीओ आदिल खान व सचिव चंदन विष्ट ने कहा वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। इनकी देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है और कहा आज विश्व पर्यावरण दिवस है। हम लोग वृक्षारोपण कर पर्यावरण को शुद्ध करना है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रेम सागर सहित ग्रामीण मौजूद थे।

कमलापुर संवाददाता के अनुसार विकासखंड कसमंडा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। खंड विकास अधिकारी कसमंडा राकेश कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि सुल्तानपुर मारूफ, सरौरा कला, छरासी सहित विकासखंड कसमंडा की समस्त ग्राम पंचायतों में पौधरोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया है। जिससे हमारा वातावरण शुद्ध होगा। हम सभी विकासखंडवासियों से अपील करते हैं कि एक पेड़ जरूर लगाएं। ग्राम पंचायत बरेठी में खंड विकास अधिकारी कसमंडा राकेश कुमार श्रीवास्तव तथा एडीओ पंचायत कसमंडा ब्रह्म नारायण शर्मा तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार यादव ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर ब्लॉक के कर्मचारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

विधायक, एसडीएम, प्रमुख सीओ व रेजर ने किया पौधरोपण

महोली/सीतापुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा तहसील परिसर में पैधरोपण का आयोजन किया गया। विधायक शशांक त्रिवेदी, प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद, उप जिलाधिकारी शशी बिंदु द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी विशाल गुप्ता, रेंजर कल्पेश्वर नाथ भार्गव ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि पर्यावरण का मानव कल्याण से गहरा संबंध है क्योंकि यह हमें हवा, पानी भोजन व आश्रय प्रदान करता है। विश्व पर्यावरण दिवस हमारे सामने आने पर्यावरणीय चुनौती जैसे जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता के नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हाल के दिनों में जिस तरह से गर्मी और तापमान बढ़ता जा रहा है पर्यावरण दिवस का महत्व भी बढ़ रहा है। सरकार ने राष्ट्रीय बनीकरण कार्यक्रम की शुरूआत की है जिसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में वनों के आसपास के क्षेत्र में पुनर्वास तथा वन रोपण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाता ह यह पृथ्वी सिर्फ हमारा घर ही नहीं बल्कि हमारी माता भी है। इसके शोषण व दोहन को रोकना हमारा कर्तव्य है। यदि अभी से इसे रोका नहीं गया तो इसका परिणाम स्वयं मानव जाति को ही भोगने होंगे। इस अवसर पर उप क्षेत्रीय वन अधिकारी जहीरूद्दीन खान, बंन दरोगा राहुल यादव, संतराम, नीरज, आनंद यादव, नंदलाल विनीत कुमार, बीट प्रभारी नंदलाल, लाल बहादुर मौजूद रहे वहीं विधायक शशांक त्रिवेदी ने उरदैली निवासी मोहनी पत्नी मुरली की अग्निकांड से मृत्यु होने के पश्चात उनके परिजनों को चार लाख की चेक देवीय आपदा निधि से प्रदान की वही एक लाख रू और प्रशासन से दिलाने का आश्वासन दिया।

जल रही पर्यावरण बचाने की लौ,

सीतापुर। पर्यावरण बचाने के लिए उठा एक कदम आज कारवां बन गया। अब तक करीब एक हजार पौधे लगा चुकी पर्यावरण मित्र नईपहल फाउंडेशन ने इस बार एक हजार फलदार व औषधीय पौधे लगाने का संकल्प लिया है। शुरूआत पर्यावरण दिवस पर ककैयापार गांव व कमलापुर कस्बे, बेलपत्र, आंवला, के पौधे लगाने से की गई। संस्था के पदाधिकारियों के मुताबिक हर घर एक पौधा का अभियान चलाकर पौधे रोपने का कार्य किया जायेगा। संयुक्त प्रयास करें

संस्था के आरूषी तिवारी का कहना है कि नदियों की पवित्रता को लौटाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए यदि संयुक्त प्रयास किए जाएं तो परिणाम अवश्य ही सकारात्मक आएंगे। धरती पर घट रही हरियाली और पर्यावरण और नदियों में घुल रहे जहर की स्थिति से आहत होकर उन्होंने इस दिशा में काम करना शुरू किया।

वर्ष-2019 में उन्होंने नई पहल फाउंडेशन नाम से संस्था बनाई और साथियों के सहयोग से इस क्षेत्र में कार्य करना शुरू कर दिया। संस्था ने विकासखण्ड कसमण्डा के एक दर्जन से ऊपर गांवो में काम कर ही है। हालांकि पेशे से वह ग्रेजुएशनका छात्रा हैं, लेकिन अपने काम से कुछ समय पर्यावरण के लिए निकालने का निर्णय उन्होंने लिया।

क्यू आर कोड को स्कैन करने से पेड़ों से जुड़ी जानकारी मिलेगी

उन्नाव। राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त निदेर्शों की क्रम, तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय भानपुर हसनगंज, उन्नाव में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण दिवस मनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अरुणोदय के सहयोग से एक पेड़ मां के नाम गतिविधि के अंतर्गत छात्रों ने अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाए। साथ ही उन्होंने इन पेड़ों के साथ विद्यालय की वनस्पति, तथा आस पास प्राकृतिक धरोहर की देख भाल करने की शपथ ली। अलीशा, गीता, संतोष, नैन्सी, अमन आदि छात्रों की माताओं के नाम के पेड़ अब विद्यालय वनस्पति का भाग रहेंगे। विद्यालय की इको क्लब नोडल, मसर्रत फात्मा जो कि जनपद की एस आर जी टीम सदस्य भी हैं, विद्यालय में 2019 से इको क्लब का संचालन कर रही हैं। इस वर्ष भी इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत, इको क्लब का गठन हुआ तथा मासिक कैलेंडर के अनुसार विधालय में गतिविधियों का संचालन हो रहा है। उच्च प्राथमिक विद्यालय पिछले पांच वर्षों से समग्र विकास हेतु शिक्षा की थीम पर ही संचालित है। नीम, अमरूद, जामुन, अशोक, आम आदि के पेड़ विद्यालय की शोभा बढ़ाएंगे। हर पेड़ पर छात्र, छात्रा के नाम के साथ पेड़ से जुड़ी जानकारी हेतु क्यू आर कोड लगाए गए हैं। एनसीईआरटी तथा एससीईआरटी द्वारा इस अनोखी पहल से छात्र या अन्य कोई भी आनेवाला इन्हें स्कैन कर पेड़ो से जुड़ी संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 25 से 30 माताओं ने विधालय की इस सामुदायिक गतिविधि में योगदान किया। छात्रों की माताओं में नफीसा, राधा, रूबी, रामवती रानी, शन्नो आदि का विशेष सहयोग रहा।

निर्जला एकादशी और भीमसेनी एकादशी व्रत आज

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। सनातन धर्म का परम पवित्र व्रत निर्जला एकादशी एवं भीमसेनी एकादशी व्रत गृहस्थजन 6 जून दिन शुक्रवार को करेंगे और वैष्णव जन के निर्जला एकादशी व्रत का मान 7 जून शनिवार को करेंगे। सर्व काशी विश्व पंचांग शास्त्रीय मान्यता से 5 जून को रात्रि 3/13बजे से शुरू हो जायेगी और 6 जून को सूर्योदय बेला में प्राप्त हो रही है तथा ब्रह्म मुहूर्त 7 जून शनिवार को द्वादशी तिथि का प्रवेश हो रहा है अतः आप सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्त श्रृद्धा और विश्वास से युक्त होकर सभी स्मार्त गृहस्थ जन 6 जून को व्रत करें और 7 जून शनिवार को सुबह सूर्योदय के उपरांत 9 बजे तक पारण एकादशी व्रत का करें। तथा वैष्णव सन्त जन 7 जून शनिवार को व्रत करके रविवार को सुबह 8 जून को एकादशी व्रत का पारण करेंगे। 8 जून को प्रदोष व्रत किया जाये गा उक्त बातें ऋषि कांत मिश्रा ने बताई।

सालाना उर्स में जवाबी कव्वाली का आयोजन हुआ

पाटन, उन्नाव। हजरत बिस्मिल्लाह शाह आलम गीरी रहमतुल्ला अलैह का दो रोजा सालाना अर्स बाबा की दरगाह पर चादरपोशी, मिलाद-उन-नबी, गागर सागर, लंगर एवं जवाबी कव्वाली के साथ संपन्न हुआ। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम मनिकापुर में हजरत बिस्मिल्लाह शाह आलम गीरी का 40 वां उर्फ समारोह पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मिलाद उन नबी, गागर सागर एवं लंगर जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लंगर में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर बाबा की दरगाह पर शिन्नी व चादर चढ़ाई बाबा की दरगाह पर देर रात तक यह कार्यक्रम अनवरत चलता रहा। कार्यक्रम की विशेष रौनक जवाबी कव्वाली रही जिसमें जाने माने कव्वाल सावेज वारसी व साफेज वारसी देवा शरीफ और अनस चिश्ती ग्वालियर द्वारा अपने अपने फन के साथ नातिया कलाम व कव्वाली गाई गई लोगों ने भोर पहर तक कव्वाली का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला, मुन्ना सिंह, अनिल सिंह बी डी सी ने बाबा की मजार पर चादरपोशी कर सजदा किया तथा अमन चैन से की दुआ की। इस मौके पर आलम गिरी कमेटी के सरवरा कार मजीद आलम गीरी हस्सानी ने आए हुए अतिथियों का माला व अंग वस्त्र भेंट कर खैर मकदमा किया लोगों से ऐसा ही प्यार और स्नेह बनाए रखने की।

निर्माणाधीन अकोइया पाइप पेयजल योजना का किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने खैराबाद विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम अकोइया में निमार्णाधीन अकोइया पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण किया। इस योजना हेतु कार्यदायी संस्था एल0एंड0टी0 लि0 है तथा परियोजना की लागत लगभग 274 लाख है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परियोजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति

- 274 लाख की लागत से कराया जा रहा परियोजना का कार्य

सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ग्राम अकोइया के मजरा खमरिया और नंदापुरवा तक जलापूर्ति हेतु शीघ्र पाइप लाइन डलवाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि रोड रिस्टोरेशन का कार्य मानकों के अनुरूप कराया जाये। नियमानुसार गुणवत्ता जांच के उपरान्त टंकी का टेस्ट ट्रायल कराते हुये जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि गांव में पेयजल आपूर्ति हेतु स्थापित हैण्डपम्प सुचारू चलें, यह भी सुनिश्चित किया जाये। पेयजल परियोजना के द्वारा भी शीघ्र जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खंडेलवाल, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, डी0सी0 मनरेगा चन्दन देव पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी खैराबाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अमृत वाटिका में किया पौधरोपण

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने खैराबाद विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम अकोइया स्थित गंगा गोकर्ण अमृत वाटिका में पौधरोपण किया। जिलाधिकारी ने अमृत वाटिका के निकट बनाये गये तालाब एवं एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने ग्राम अकोइया के निकट प्रवाहित सरांयन नदी के किनारे वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किये जाने हेतु स्थलों को देखा।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सरांयन नदी के पुनजीर्वीकरण हेतु इसके निकट स्थान चिन्हित कर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाये। साथ ही वर्षा जल के प्रवाह को नियमित किये जाने हेतु तथा निरन्तर जलापूर्ति हेतु आसपास के छोटे नालियों पर बंधे बनवाये जायें। साथ ही तालाब के आउटलेट को भी नदी के प्रवाह से जोड़े जाने की व्यवस्था की जाये। गंगा गोकर्ण अमृत वाटिका में व्यापक स्तर पर पौधरोपण कराये जाने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि रोपित किये गये पौधों की सुरक्षा एवं सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाये।

साथ ही खाली पड़ी भूमि पर भी व्यापक स्तर पर पौधरोपण कराया जाये। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना एवं इनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

इस दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खंडेलवाल, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, डी0सी0 मनरेगा चन्दन देव पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी खैराबाद सहित उपस्थित अन्य स्थानीयजनों एवं अधिकारियों द्वारा भी पौधरोपण किया गया।

आरूषी के प्रयासों से

डिजिटल एक्स-रे में मरीजों को सही रिपोर्ट नहीं मिल रही

जिला संवाददाता

उन्नाव। जिला अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे रिपोर्ट को डॉक्टर सही रिपोर्ट नहीं आने की बात कहकर मैनुअल एक्स-रे कराने को मरीजों को अस्पताल के चक्कर लगवाए जा रहें हैं। गुरुवार को आशुतोष मसवाशी निवासी ने बताया बाएं हाथ के एल्बो पर दर्द होने पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विकास सचान को दिखाया और डॉक्टर ने डिजिटल एक्स-रे कराने की सलाह दी। जब मरीज घंटों लाइन में लगकर डिजिटल एक्स-रे कराकर रिपोर्ट लाकर डॉक्टर साहब को दिखाया और रिपोर्ट सही न आने पर मैनुअल एक्स-रे उसी ओपीडी पर्चे पर लिखकर कराने की सलाह दी। परेशान मरीज डॉक्टर की लापरवाही से सुबह से दोपहर एक्स-रे कक्ष के ही चक्कर लगाता रहा। वहीं कुछ दिन पहले डिजिटल एक्स-रे में बैठे बाहरी लड़कों को मेडिकोलीगल एक्स-रे को लेकर मामला अखबारों की सुर्खियों में बना रहा। उसके बाद जिला अस्पताल के छोटे साहब के रहमो-करम पर ट्रामा सेंटर से लेकर डिजिटल एक्स-रे, ओपीडी तक बाहरी बैठे दलालों को सुबह सीएमएस रियाज अली मिर्जा के अस्पताल के राउंड के बाद डॉक्टरों के पास एमआरों का बैठना शुरू हो जाता है। डिप्टी सीएमएस सिर्फ बाहरी दलालों को अस्पताल में न बैठने देने का छलावा कर रहे हैं। इधर डिजिटल एक्स-रे में एसी आउटडोर चोरी हो जाने के बाद एक्स-रे मशीन गरम होने को कहकर बहुत कम डिजिटल एक्स-रे किए जा रहे हैं। वहीं मेडिकोलीगल एक्स-मेडिकोलीगल रिपोर्ट तैयार करने में साथ में लगाए हैं जिसका काम है वार्ड की साफ-सफाई करने का है। अब प्रश्न इस बात का उठता है। मेडिकोलीगल एक्स-रे सरकारी अस्पताल में वार्डबॉय करेंगे तो एक्स-रे टेक्नीशियन का फिर क्या काम होता हैं।

नवनिर्मित परशुराम मंदिर में मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

फतेहपुर चैरासी उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव हफीजाबाद में कल्याणी नदी के समीप नवनिर्मित भगवान परशुराम मंदिर में वेद मंत्रोंचार के साथ भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वही एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी में प्रबुद्ध जनों सहित सहयोगियों को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। विकासखंड फतेहपुर चैरासी के ग्राम हफीजाबाद में कल्याणी नदी के समीप स्थित बलखांडेश्वर मंदिर परिसर में नवनिर्मित परशुराम मंदिर में विगत 1 जून से चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आज गुरुवार को पांचवे दिवस वैदिक रीति से वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना की गई। संगोष्ठी को पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे, कांग्रेस पार्टी की पूर्व जिला अध्यक्ष आरती बाजपेई, सपा के जिला अध्यक्ष राजेश यादव, सी के त्रिपाठी, सफीपुर चेयर मेन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, आलोक त्रिपाठी, मन्दिर समिति के अध्यक्ष डॉ शशांक शेखर शुक्ला, संरक्षक राजीव बाजपेई पूर्व जल कल महाप्रबंधक, शैलेन्द्र कुमार शुक्ला एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता विदुषी बाजपेई, अतुल शुक्ल, अजय तिवारी, वीरेंद्र अवस्थी, रोहित कुमार पाण्डेय सीनियर, संजीव शुक्ला, पप्पू द्विवेदी, अनुभव शुक्ल अभिषेक तिवारी, शिशिर दीक्षित, शोभित, संजीव दुबे, वीरेन्द्र अवस्थी, श्याम दीक्षित आदि द्वारा संबोधित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम रहा।

मनकामेश्वर मंदिर के खुले कपाट

जिला संवाददाता

महोली/ सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के रिछाही पुलिस चौकी के प्रांगण में मनकामेश्वर मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। गुरुवार को रिछाई चौकी अंतर्गत भगवान गणेश, माता गौरी, भगवान कार्तिकेय व नंदी की मूर्तियों के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आचार्य पवन कुमार बाजपेई ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा कराई। विधि विधान से बेदी पूजा और देव आह्वान किया गया। कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा, राधा कृष्ण व हनुमान जी सहित देवी देवताओं की षोडशोपचार की पूजा भी संपन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व सौभाग्यवती महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। रिछाई सहित आसपास के गांव की माताओ व बहनों ने इसमें बढ़-कर कर हिस्सा लिया। मान्यता है कि शिव परिवार की पूजा करने से पति-पत्नी के बीच प्रेम बना रहता है। मनकामेश्वर मंदिर के आयोजक पूर्व कोतवाल विनोद कुमार मिश्रा, चौकी इंचार्ज रिछाई पीयूष सिंह सपत्नी जयप्रकाश सपत्नी, विधायक शशांक त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी शशिबिंद द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी विशाल गुप्ता, कोतवाल दिलीप कुमार चौबे, डॉक्टर स्वप्निल विश्वास, रामू रस्तोगी सपत्नी ने हवन पूजन कर कन्या भोज में लगी इंटरलॉकिंग का उद्घाटन विधायक शशांक त्रिवेदी ने किया इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि रियासत मौजूद रहे।

मछलियों पर हो रही कार्रवाई, मगरमच्छों को मिल रहा अभयदान

जिला संवाददाता

सेउता (सीतापुर)। लम्बे समय से सेउता बाजार में अतिक्रमण की समस्या बनी हुई थी। जिसका संज्ञान विधायक ज्ञान तिवारी ने लिया और अतिक्रमण की समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत कराया। शासन के आदेश पर बृहस्पतिवार को तहसील प्रशासन की टीम व सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन व पीएसी के जवानों ने अतिक्रमण हटाने लिए बुलडोजर लेकर पहुंचे। तहसील प्रशासन की तरफ से लेखपाल लोकेश कुमार व ग्राम प्रधान नन्दराम गौतम ने सभी खोखे दुकानदारों से अपने-अपने खोखे हटाने के लिए कहा। साथ ही पक्की दुकानों के सामने रखी छावनी के लिए टीन भी हटाने का आदेश दिया। स्वयं न हटाने पर बुलडोजर चलाने को कहा। सभी के दुकानों पर निशान लगा दिये गये दुकानदारों के कहने पर दो दिन का समय दिया गया है। तय समय पर दुकान न हटाने पर प्रशासन बिना पूछे बुलडोजर चलाकर हटा देगा। इस मौके पर ड्रोन कैमरा से लगातार निगरानी होती रही। इस विषय में लेखपाल लोकेश कुमार ने कहा मन्दिर के आसपास रखे सारे खोखे हटाकर सारा अतिक्रमण हटेगा। इसके बाद जिन लोगों ने बाजार की जगह में पक्की इमारते खड़ी कर ली है। उन्हें चिन्हित कर उनको नोटिस दिया जायेगा। सारी कानूनी प्रक्रिया पूरी करके अवैध रूप से बनी पक्की इमारतों को भी तोड़ा जायेगा। आखिर अवैध रूप से बनी पक्की इमारतों पर कब चलेगा बुलडोजरपटरी और खोखे वालों ने कहा कि हम लोग तो अपनी अपनी दुकाने हटा लेगें। लेकिन जिन लोगो ने अवैध तरीके से बाजार की जमीन बड़ी बड़ी इमारते खड़ी कर रखी है।

- तहसील प्रशासन, पुलिस प्रशासन व पीएसी के जवानों के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंचा बुल्डोजर
- दुकानदारों के कहने पर दिया गया दो दिन का समय, ड्रोन कैमरा से लगातार होती रही निगरानी

आखिर इन पर शासन का बुलडोजर कब गरजेगा य फिर सिर्फ किसी प्रकार से धंधा करके अपने परिवार की रोजी रोटी चलाते थे सिर्फ उन्ही के खोखों पर बुलडोजर चलेगा। लकड़ी के खोखे तथा पटरी पर दुकान लगाकर अपना तथा अपने परिवार का पेट पाल रहे लोगों ने कहा मन्दिर तथा बाजार की सारी जमीन खाली होनी चाहिए हम सभी लोग इसके पक्ष में है। साथ ही हम लोगों को कही पर विस्थापित भी किया जाये। ताकि हम सभी लोग अपना रोजगार करके अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। जनचर्चा के अनुसार कि कही ऐसा न हो कि मछलियों पर हो कार्रवाई और मगरमच्छ भी मौजूद रहे। हालाकि कुछ लोगों ने अपने पावर पर भरोसा करके अभी भी अपनी दुकान हटाने के मूड में नहीं हैं। इसके पहले भी अतिक्रमण मुक्त हुई बाजार पर हुआ अतिक्रमण

ऐसे अतिक्रमण हटने से क्या फायदा जो फिर हो कब्जा हो जाये। क्योंकि इसके पहले भी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटा दुकानें हटाई गई लेकिन जो जगह अतिक्रमण मुक्त हुई। जिसके सामने थी उसने अपने सामने कब्जा कर लिया। किसी ने चबूतरा बना लिया तो किसी अपने सामने फर्स बिछा ली। से क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी की खूब सराहना हो रही है।

कीड़ा काटने से महिला की मौत

पाटन उन्नाव। घर में काम करते समय जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मृत्यु हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम चुटिहा में बुधवार को देर शाम रामरति 55 वर्ष पत्नी गोपी लाल को उसे समय जहरीले कीड़े ने काट लिया जब वह काम कर रही थी जहरीले कीड़े काटने के पश्चात पारिवारिक जन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले गए तथा झाड़-फूंक कराने के लिए ले जाया जाय कि इससे पहले महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

मवेशी पर जंगली जानवर ने किया हमला, बचाने गये अधेड़ को भी किया घायल

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर में जंगली जानवर ने गुरुवार को बीती रात घर के बाहर बंधे मवेशी पर हमला किया बचाने पहुंचा अधेड़ पर जंगली जानवर ने हमला कर गंभीर रुप से घायल किया। जलालपुर निवासी शत्रोहन कुमार 45 पुत्र बदलू गुरुवार को बीती रात घर के बाहर चारपाई पर लेटा था। इसी दौरान जंगली जानवर का धमका और बंधी मवेशी पर हमला कर दिया। हमला करता देख शत्रोहन मवेशी को बचाने पहुंचा। जंगली जानवर मवेशी को छोड़कर शत्रोहन पर हमला बोल दिया और शत्रोहन को बुरी तरह से नोच कर घायल कर दिया।

संक्षेप

सात दिवसीय भाषा समर कैम्प आयोजित

ललितपुर। केन्द्रीय विद्यालय तालबेहट में सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैम्प का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 30 मई से 5 जून तक सात दिवसीय रहा। कार्यक्रम की थीम-एक और भारतीय भाषा सीखें, रही। कैम्प में छात्रों को रोचक ढंग से पंजाबी भाषा को पंजाबी भाषा के विद्वतजनों श्रीमती हरप्रीत कौर, सतवीर सिंह, कर्नल रविंद्र सिंह, सुश्री सीमा रैकवार एवं विद्यालय के विभिन्न शिक्षकों द्वारा सिखाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में छात्रों को भारतीय भाषाओं की महत्वता एवं बहुभाषी ज्ञान होने के एकता एवं सांस्कृतिक जुड़ाव आदि से परिचित कराया। कार्यक्रम के प्रथम दिन बुनियादी अभिवादन, प्रेरक नारे, वर्णमाला आदि, द्वितीय दिन वास्तविक जीवन संवाद, तृतीय दिन कला, देशभक्ति गीत, स्थानीय कला, चैथे दिन स्थानीय व्यंजन तैयार करना, पंचम दिन सांस्कृतिक सराहना, लघु फिल्में, छठवें दिन इतिहास, भूगोल का अध्यापन कराया गया। आखिरी दिन प्रेरणा और समापन प्रदर्शन एवं प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकंद कुमार, श्रीमती हुस्नाबानो, कर्मवीर, जितेंद्र कुमार, सपना श्रीवास, श्रीमती मोनिका, श्रीमती प्रीती का सहयोग रहा।

प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए करने होंगे सामूहिक प्रयास: सार

जिला संवाददाता

ललितपुर। बजाज पावर प्लांट परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना को ध्यान में रखते हुए परिसर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों तथा वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। शुभारंभ वृक्षारोपण से हुआ, जिसका

एलपीजीसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

उद्घाटन मुख्य अतिथि यूनिट हेड एवं सीईओ ए.एन.सार द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर परिसर के समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण, महिला मैत्री क्लब की अध्यक्ष अलका सार एवं सभी सदस्यगणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण किया। इसमें उ.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी प्रदीप शुक्ला तथा बजाज परिसर के समस्त कामगार भी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या से निपटने हेतु हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे।

इसके लिए, हमें अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का प्रयोग कम करते हुए, धीरे-धीरे इसे पूर्ण रूप से समाप्त करने की दिशा में कार्य करना होगा। बताया कि अब तक बजाज परिसर में लगभग 3.5 लाख पौधों का वृक्षारोपण किया जा चुका है, वहीं परिसर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 4 लाख पौधों का वितरण एवं रोपण कराया गया है। इस वर्ष लगभग 88 हजार पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि केवल परिसर को हरित बनाकर हम पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकते, जब तक कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों, अंचलों में भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता नहीं लाई जाती। इस दौरान प्रेसिडेंट मनोज मेहता एवं आलोक श्रीवास्तव ने भी अपने विचार साझा किए। परिसर के भीतर परिवारजनों एवं बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संचालन उप महाप्रबंधक दीपक आनंद ने किया। इस दौरान अनुराग चैबे, अमित कुमार, उदय एवं नीरज शुक्ला भी उपस्थित रहे।

पर्यावरण दिवस पर स्कूलों में हुए पौधरोपण.

बांदा। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयुक्त अजीत कुमार ने कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से एक पेड़ जरूर लगाने तथा उसे सुरक्षित रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरखित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिए सभी को अपने माता-पिता के नाम एक वृक्ष अवश्य रोपित कर उसे जीवित रखने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण दिवस पर अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उन्हें जीवित रखने के लिए सामाजिक संस्थाओं और अन्य विभागों के सहयोग से करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि गांव से शहर तक खाली स्थानों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाएं जिससे पर्यावरण संतुलित हो सके।

इस दौरान प्रभागीय अधिकारी वानिकी अरविंद कुमार, अपर आयुक्त भगवान दास ने भी वृक्षारोपण किया। आयुक्त कार्यालय के अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इंदिरा नगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विद्यालय प्रबंधक संत कुमार गुप्ता, सलाहकार समिति सदस्य राजेन्द्र अग्रवाल व डायरेक्टर जगनायक यादव ने स्कूल परिसर में पेड़ लगाकर इनके संरक्षण व पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर तिंदवारी रोड स्थित संत तुलसी उपवन में गायत्री परिवार के मार्गदर्शन व स्कूल के कार्यकारी प्रबंधक डॉ मनीष कुमार गुप्ता की देखरेख में पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र गुप्ता, धर्मसिंह, तारा चन्द्र साहू, प्रकाश माली, शशि मिश्रा, रीतू गुप्ता, विमला द्विवेदी, दीपक शर्मा मौजूद रहे।

आपदा राहत बनी लूट का जरिया, सीएम को भेजा शिकायती पत्र

बांदा। जदयू की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में कहा है कि जिले में आपदा राहत लूट खसोट का जरिया बन गयी है। तमाम सामान्य मौतों को सर्पदंश से मृत्यु दिखाकर राहत राशि डकारी जा रही है। उन्होंने कहा है कि एसआईटी अथवा सीबीआई की जांच से सरकारी धन की लूट खसोट का पर्दाफाश हो सकता है। जदयू नेत्री शालिनी पटेल ने कहा है कि स्वास्थ्य और राजस्व विभाग की मिली भगत से भ्रष्टाचार का खेल बदस्तूर जारी है। विभागीय अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। उन्होंने प्रशासनिक हल्कों में जिले के फाइनेंस मिनिस्टर कहे जाने वाले आला अफसर को इस खेल का सूत्रधार बताया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आला अफसर की सह पर ही राहत राशि का फर्जीवाड़ा हो रहा है। शालिनी के मुताबिक निजी अस्पताल संचालक ने फर्जीवाड़े में अहम भूमिका संभाली हुई है। यह अस्पताल संचालक नकली रक्त की बिक्री से लेकर अधिकारियों को तथाकथित कॉलगर्ल भेजने की करतूतों के लिए विशिष्ट माना जाता है। शालिनी ने एसआईटी जांच के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के ऑडिट की मांग की है। मुख्यमंत्री को पत्र भेजने के बाद देखना होगा कि उनके पत्र का संज्ञान लिया जाता है अथवा नहीं और यदि लिया जाता है तो जांच में इस स्कैण्डल के खुलासे पर लोगों की निगाह रहेगी।

पर्यावरण ही परमात्मा है : रुद्रांक

महोबा। आज की दुनिया में जहां पर्यावरणीय संकट लगातार बढ़ रहे हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। पर्यावरण ही परमात्मा है का वाक्य अधिक महत्व रखता है। यह विचार जिसका अर्थ है पर्यावरण भगवान है। हमें प्रकृति की पवित्रता और हमारे उससे गहरे संबंध की याद दिलाता है। जब हम आधुनिक जीवन की जटिलताओं का सामना करते हैं, तो यह विश्वास हमें हमारी दृष्टि में मौलिक बदलाव की आवश्यकता की ओर प्रेरित करता है, जो हमें पर्यावरण को केवल संसाधन के रूप में नहीं बल्कि एक दिव्य तत्व के रूप में देखने के लिए कहता है, जो सम्मान और देखभाल का हकदार है। सदियों से विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं ने प्रकृति को पवित्र माना है। भारत में हमारे प्राचीन ग्रंथों और दार्शनिकताओं ने पर्यावरण के अंतर्निहित मूल्य पर जोर दिया है। नदियां देवी के रूप में पूजी जाती हैं, पहाड़ों को पवित्र निवास माना जाता है और वृक्षों को जीवनदायिनी के रूप में पूजा जाता है। यह प्राकृतिक संबंध केवल प्रतीकात्मक नहीं है; यह इस गहरे ज्ञान का प्रतीक है कि हमारी भलाई हमारे पर्यावरण की सेहत से जुड़ी हुई है। उक्त विचार रुद्र रावत रुद्रांक ने व्यक्त किये।

भाजपा ने मनाया योगी का जन्मदिन वृद्धाश्रम में बांटी मिठाई

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। भाजपा कार्यालय में योगी आदित्यनाथ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात गोष्ठी का आयोजन हुआ। गरीबों व वृद्धों का फल एवं मिष्ठान वितरित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इनकी सरकार में जितने विकास कार्य हुए हैं पिछली अन्य सरकारों में नहीं हुए। कहा कि प्रदेश का चहुमुखी विकास हो रहा है और मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि एवं विकास की अवधारणा का ही प्रतिफल है कि प्रदेश से माफियाओं का सफाया होने के साथ ही आतंकवाद व जंगलराज समाप्त हो चुका है। सुरक्षा के लिए अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के चलते प्रभावी अंकुश लगाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कमजोर व गरीबों को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आवास मुहैया कराने के अलावा किसानों को सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना, महिला सुरक्षा और सुकन्या समृद्धि योजना लागू की गयी हैं। नरैनी रोड स्थित वृद्धाश्रम में जिलाध्यक्ष की अगुवाई में वृद्धजनों को फल और मिष्ठान वितरित कर मुख्यमंत्री के दीघार्यु के लिए उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, मनोज पुरवार, संतू गुप्ता, संतोष नायक, पूर्व पालिका अध्यक्ष विनोद जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना गुप्ता, अमित सेठ भोलू, निखिल सक्सेना, प्रेम गुप्ता, दीपक राजपूत मौजूद रहे।

प्राथमिकता के आधार जन प्रतिनिधियों के प्रस्तावित कार्यों को पूरा करें :सांसद

जिला संवाददाता

बिजनौर। कृषि किलीनीक और कृषि व्यवसाय केंद्र योजना की समीक्षा करते हुए नगीना सांसद चंद्रशेखर एडवोकेट ने पाया कि विगत 10 सालों में विभाग द्वारा कृषि स्नातक के कुल 37 लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है तथा विगत वित्तीय वर्ष में एक भी लाभार्थी उक्त योजना से लाभान्वित नहीं हुआ है। उन्होंने उक्त महत्वपूर्ण रोजगार परक योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि समिति का गठन कर विभाग के कार्यों की जांच कराएं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल लाभार्थियों की सूची उन्हें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

विकास भवन के सभागार में बीते दिन नगीना सांसद चंद्रशेखर एडवोकेट जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया कि कांशीराम आवास योजना के अंतर्गत बने खाली आवासों का आवंटन होने के 6 माह से अधिक अवधि के बाद भी अर्वटियों को कब्जा नहीं दिलाया जा रहा है, जिसको गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया तत्काल नये आवंटित लाभार्थियों को आवास पर कब्जा दिला कर उन्हें आख्या उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कर आमजन को शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्वस्थ विभाग के अधिकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाएं और किसी स्तर भी शिथिलता न बरतें। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित कार्यों को पूरी गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर उनको पूरा करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने डीएफओ को निर्देश दिए गुलदार के हमले में मृत अथवा घायल लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आर्थिक लाभ से संतृप्त कराना सुनिश्चित करें तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कोतवाली-बिजनौर तथा दिल्ली-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणधीन पुल गिरने के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में सुधार लाने तथा निर्माण कार्य में निर्माण सामग्री पूर्ण गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप प्रयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि उनके द्वारा स्वयं दोनों स्थानों का निरीक्षण किया जाएगा। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सांसद को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रति पूरी सजगता और संवेदनशीलता बरतें और पूर्ण पारदर्शिता के साथ विभागीय योजनाओं को पूरा करें। इस अवसर पर माननीय विधायक चांदपुर स्वामी ओमवेश, प्रतिनिधि माननीय सांसद बिजनौर, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजीव बाजपेई, डीएफओ, चेयरमैन नजीबाबाद सहित समस्त विभागीय अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

उप निरीक्षक की सड़क हादसे में हुई मौत पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। बीते दिनों ललितपुर-सागर नेशनल हाई-वे पर सरकारी कार्य से गये उप निरीक्षक की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। प्रकरण में अब मृतक उप निरीक्षक के पुत्र ने एफआईआर दर्ज करायी है। चित्रकूट के थाना कर्वी अंतर्गत एसडीएम कालोनी, शिवपुरी स्कूल के पास निवासी सुयश सिंह परिहार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह परिहार ललितपुर की रिपोर्टिंग चैकी बिरधा में तैनात थे। बीते 26 मई की रात करीब 11 बजे उसके पिता चैकी में तैनात सिपाही मनीष कुमार की मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.सी. 5753 से सरकारी कार्य के लिए ललितपुर कोतवाली आये हुये थे। यहां से कार्य समाप्त कर वह चैकी बिरधा लौट रहे थे। तभी रास्ते में ग्राम खड़ेरा के सामने हाई-वे पर वाहन संख्या टी.एन. 28 बी.एल. 1377 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उन्हें टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया था। सुयश सिंह की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त गाड़ी के चालक पर बीएनएस की धारा 281, 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

फर्जी रजिस्टर्ड बैनामा कराने का आरोप डीएम से की शिकायत

ललितपुर। गांव के दबंगों ने फर्जी तरीके से जमीन का रजिस्टर्ड बैनामा करा लिये जाने के बाद अब पीड़ित पक्ष कार्यवाही की मांग को लेकर दर-दर की ठोकरें खा रहा है। इस सम्बन्ध में थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम तिलहरी निवासी रजुआ पुत्र हिम्मत ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित ने डीएम को बताया कि उसकी आराजी संख्या 12/1 रकबा 1.894 हे. गांव में है। उक्त जमीन पर वह कई वर्षों से काश्तकार है। बताया कि गांव के कुछ लोगों ने षड ?त्र कर फर्जी तरीके से उक्त जमीन का रजिस्टर्ड बैनामा बीती 13 मई को झांसी निवासी महिला के नाम कर दिया है, जो कि बही सं. 1, जिल्द सं. 9176 के पृष्ठ 145 से 166 तक क्रमांक 4600 पर रजिस्ट्रीकृत किया गया। जबकि उक्त रजिस्टर्ड बैनामा पर उसकी फोटो न होकर किसी अज्ञात व्यक्ति की फोटो लगी हुयी है। 28 मई को जब उसे उक्त रजिस्टर्ड बैनामा की जानकारी हुयी तो पीड़ित ने उक्त लोगों को उलाहना दिया, जिस पर उक्त लोगों ने मारपीट पर आमादा होते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

मुख्यमंत्री का जन्मदिवस मनाया गया

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ आज अपना 53वां जन्मदिन अयोध्या में मना रहे हैं, उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन कर अपना जन्मदिन मनाया। वहीं उनके जन्मदिन पर सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक उन्हें बधाईयों का तांता लगा हुआ है। जन्मदिवस कार्यक्रम के क्रम में संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस के काटकर धूमधाम से मनाया गया। जहां संगठन के सभी सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दीघार्यु की कामना की गयी। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ संदीप ने कहा मुख्यमंत्री योगी और भय का माहौल लगातार हासिए पर आता जा रहा है। बड़े-बड़े भूमाफिया और बदमाशों को आज जमींदोज कर जनता को भय मुक्त करने में मुख्यमंत्री योगी के फैसलों का अहम योगदान रहा है।

मुसलमां खुद में तू पैदा तो कर ईमान की ताकत सदा तो आज भी जमाने को हिला देगी

जिला संवाददाता

नगीना, बिजनौर। अंजुमन हसूल ए अदब नगीना की ओर से तरही व गैर तरही नशिस्त का आयोजन नगर के मोहल्ला शाहजहीर स्थित जावेद अहमद के निवास स्थान पर किया गया, नशिस्त की सदारत उमरदीन सहर ने की जबकि निज़ामत मुहम्मद शाहिद नगीनवी ने की। नशिस्त के आगाज में मौलवी इकरार अहमद साहिल मेवा नवादी ने बारगाहें रिसालत ने नातें पाक का नजराना पेश किया।

गजलियात के दौर में इनाम मजीद शाद ने कहा-दिन कैसे उसकी फुरकत में गुजरे तुमसे कैसे कहूं, याद में उसकी रोते रोते हर दिन यारों गुजरा है। मुहम्मद असलम ने कहा-न जाने क्यों हमारा नाम, दुनिया मिटाना चाहती है दास्तां से। मुहम्मद अशरफ बिजनौरी ने कहा-फितरत में अजल से रही हक गोई हमारी, खामोश रह न पाए जमाने के डर से हम। कारी मुहम्मद असलम सादिक मेवानवादी ने कहा- शौक से जिसको अपना रहबर चुन के संसद भेजा था, आज उसी के खौफ से सादिक सहमी सहमी जनता है। मुहम्मद यासीन रहबर ने कहा-वह ईसां खुश हुआ करता है जो मेहमां की आमद पर तो दस्तरखान भर देता है मौला उसका बरकत से। मुहम्मद शाहिद नगीनवी ने कहा-खूबसूरत लोग कहते हैं उसे लेकिन मुझे, चांद से चेहरे पे उसके सादगी अच्छी लगी। शकील अहमद आदिल ने कहा-हर कदम पर खतरा गिर जाने का है, जिंदगी उस मोड़ पर अब आ गई। मौलवी इकरार साहिल ने कहा-महक जाते थे वो रस्ते बिलाशक, मेरे आका गुजरते थे जहां से। उमरदीन सहर ने कहा-मुसलमां खुद में तू पैदा तो कर ईमान की ताकत, सदा तो आज भी तेरी जमाने को हिला देगी। देर रात तक चली इस नशिस्त में शायरों ने वाह वाही लूटी अंजुमन ने इत्तेफाक राय से यह तय किया कि अंजुमन की ओर से तरही नशिस्तों का सिलसिला 1998 से जारी था, जो अब मसरूफियात के पैशे नजर खत्म कर दिया गया।

टोल प्लाजा पर संदिग्ध परिस्थिति में कर्मचारी की मौत, हाईवे पर जाम

बिजनौर। मेरठ-पौड़ी हाईवे स्थित किरतपुर भनेड़ा टोल प्लाजा पर एक कर्मचारी की जनरेटर से करंट लगने से मौत हो गई। गुरुवार की सुबह टोल प्लाजा पर तैनात ग्राम बुढपुर नैन निवासी कर्मचारी संदीप (28 वर्ष) का शव टोल प्लाजा पर जनरेटर के पास मिला। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन सैकड़ों ग्रामीणों के साथ टोल प्लाजा पहुंचे। उन्होंने टोल कर्मचारियों पर हत्या का आरोप लगाया। गुस्साए लोगों ने हाईवे जाम कर दिया। सूचना मिलते ही सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह, सीओ सिटी राकेश वशिष्ठ, नजीबाबाद कोतवाल धीरज सोलंकी और एसओ किरतपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने गुस्साए लोगों को निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर बामुश्किल शांत किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजीव बाजपेई का कहना है कि मृतक के परिजनों द्वारा जो आरोप लगाए गए है उनकी जांच कराई जायेगी। जांच में जो भी सामने आएगा उस हिसाब से कार्रवाही की जायेगी।

संयुक्त कार्यवाही में पांच सौ लीटर शराब बरामद तीन महिलाएं और एक पुरुष गिरफ्तार

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम मऊमाफी में दबिश के दौरान पांच सौ लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर मौके पर करीब 8 हजार लीटर लहन नष्ट किया। मौके से तीन महिलाओं व एक युवक को भी हिरासत में लिया गया है। पकड़े गये युवक का नाम ग्राम बम्हौरीकलां निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र रज्जन कबूतरा व पकड़ी गयीं महिलाओं में ग्राम मऊमाफी निवासी प्रियंका पत्नी कल्लू कबूतरा, रिंकी पत्नी निहाल कबूतरा व आशा पत्नी बद्री कबूतरा बताये गये हैं। इस कार्यवाही को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में सीओ सिटी अजय कुमार, कोतवाली प्रभारी अनुराग अवस्थी, आबकारी निरीक्षक अन्विता तिवारी अपनी टीमों के साथ शामिल रहीं।

योग दिवस की तैयारी बैठक, डीएम ने दिए जरूरी निर्देश

जिला संवाददाता

बांदा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारी बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की थीम पर आयोजित किया जाएगा। 15 जून से रोजाना कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यक्रम संपन्न कराए जाने के लिए आयुष विभाग के अधिकारियों, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए। 15 जून को शहर के अवस्थी पार्क में प्रातः 6 बजे से योग कार्यक्रम आयोजन के लिए सफाई करने एवं प्रशिक्षकों को तैनात करने के अलावा जरूरी व्यवस्था के निर्देश दिए। 16 जून को सभी स्कूलों व महाविद्यालयों में योग संबंधी प्रतियोगिताएं आयोजित कराए जाने तथा 17 जून को न्याय पंचायत में योग दिवस का आयोजन, 18 जून को विशिष्ट व्यक्तियों, दिव्यांगजनों के लिए योग की व्यवस्था, 19 जून को कार्यस्थल पर योग कराने एवं 21 जून को तहसील, ब्लाक व जिला मुख्यालय सहित प्रमुख स्थानों में योग कार्यक्रम आयोजन के निर्देश दिए। योग कार्यक्रम के तहत स्वस्थ्य रहने के लिए शपथ दिलाई गयी। डीएम जे0 रीभा ने योग रैली के बारे में जिला खेलकूद अधिकारी को जरूरी व्यवस्थाएं कर रैली आयोजन के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, आयुष विभाग के चिकित्सक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सीएमओ प्रांगण में हुआ पौधरोपण

ललितपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम, कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रांगण में विभिन्न फलदार वृक्षों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने वृक्षारोपण करते हुये कहा कि हम सभी को अपने परिजनों की याद एवं चाहत में वृक्षारोपण जरूर करना चाहिए। अगर आप अपनी संतानों के रूप में पेड़ लगाते हैं, तो यह पेड़ आपकी संतान की उम्र के साथ साथ बढ़ेंगे और आपको सुकून, ऑक्सीजन एवं हरियाली देंगे।

ईदगाह कमेटी की बैठक, सफाई व्यवस्था व ईद की नमाज का वक्त 7 बजे का हुआ मुकर्रर

स्योहारा, बिजनौर। ईद गाह कमेटी की बैठक जनरल सेक्रेटरी डॉ0 तारिक रजा के आवास पर आयोजित हुई बैठक में ईदगाह की साफ सफाई आदि पर चर्चा की गई व ईद की नमाज का वक्त भी मुकर्रर किया गया ईद की नमाज ईदगाह में सुबह सात बजे अदा की जाएगी। इस मौके पर शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा खुले में कुर्बानी न करें कुर्बानी के अवशेष पोलीथिन में बांधकर नगर पालिका के वाहन में ही डालें साथ ही नमाज के लिए वक्त से पहले ईदगाह पहुंचे और ईदगाह परिसर में ही नमाज अदा करें।

इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट अहसन चौधरी, जनरल सेक्रेटरी डॉ0 तारिक रजा, सोहेल जफर, सरफराज सैफी, साबिर सलमानी, सय्यद आमिर रजा, एडवोकेट नावेद उर्रहमान, साबिर सलमानी, आसिफ मंसूरी, डॉ नफीस उर्रहमान, फिरोज अहमद आदि मौजूद रहे।

गौवंश से टकरायी बाइक, एक की मौत, दो गंभीर

बांदा। अतर्रा तहसील क्षेत्र के कस्बा बदौसा बनियन पुरवा के पास अनियंत्रित मोटरसाइकिल गौवंश से टकरा गयी जिससे तीन मोटरसाइकिल सवा गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने बाइक चालक अरविंद को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली देहात क्षेत्र के जारी गांव निवासी छोटे 22, मवई निवासी पवन व झंडी का पुरवा निवासी अरविंद 25 मोटरसाइकिल से चित्रकूट जिले के ग्राम रौली फुफेरी बहन की शादी में शामिल होने जा रहे थे। मोटरसाइकिल जैसे ही बदौसा बनियन पुरवा के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे चार पहिया वाहन की रोशनी लगने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और राज्यमार्ग पर खड़े गौवंश से जा टकराई। घायल पवन व छोटे की नाजुक हालत को देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

लापरवाही पर नाराहट थानाध्यक्ष निलम्बित

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने निरीक्षक प्रमोद कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना नाराहट को जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण न करने व महिला सम्बन्धित अपराधों की रोकथाम में शिथिलता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। एसपी ने उक्त निरीक्षक के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

राष्ट्रीय एकता बनाये रखें

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जिस तरह विपक्ष व्यग्रता से सवाल पूछ रहा है, सरकार को हर मोर्चे पर कटघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रहा है, ऐसे माहौल बनाने की कोशिश हो रही है मानो ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान ने भारत को हरा दिया है। इस तरह के फर्जी नैरेटिव के जरिए विपक्ष सरकार को बदनाम करना चाहता है। वह भी तब जबकि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म भी नहीं हुआ है। दरअसल ऑपरेशन सिंदूर एक ऐसा सैन्य अभियान था जिसमें सरकार ने बिना किसी बड़े नुकसान और बड़ी जन या सैन्य हानि के अपने लक्ष्य को प्राप्त किया और स्मार्ट तरीके से युद्ध से बाहर निकल आया। कुल मिलाकर भारत ने अपना काम कर लिया, पाकिस्तान को सबक भी दे दिया और युद्ध में रूस या इजराइल की तरह लंबे समय तक फंसा भी नहीं है। लेकिन विपक्ष इन उपलब्धियों पर सियासी कारणों से पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। इससे युद्ध के समय जो राष्ट्रीय एकता नजर आनी चाहिए वह पूरी तरह तार-तार हो गयी है। नुकसान युद्ध का हिस्सा है और हमेशा हुआ है। 1947-48 के भारत-पाक युद्ध में हमारे करीब 6000 जवान शहीद हुए थे। 1965 के युद्ध में यह संख्या 3500 के करीब रही और 1971 के भारत-पाक युद्ध में भी करीब 3000 सैनिक शहीद हुए। 1999 के कारगिल युद्ध में भी यह संख्या 527 तक पहुंच गई। देश के अनुभवी रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, विभिन्न युद्धों, संघर्षों या किसी अन्य ऑपरेशन के दौरान 15,000 से अधिक सैनिक शहीद हो चुके हैं। क्या देश को यह एहसास है कि कितने परिवार अनाथ हुए होंगे? क्या कांग्रेस ये तमाम आंकड़े जानती है, क्योंकि इन युद्धों के कालखंड में अधिकतर वह ही सत्तारूढ़ थी? क्या कांग्रेस देश को बताएगी कि इन शहीद सैनिकों को लेकर संसद के कितने विशेष सत्र बुलाए गए? शहादत के आंकड़े किसी संसदीय रिकॉर्ड में दर्ज हैं? कितने जांबाज जवान घायल हुए होंगे और अपाहिज हो गए होंगे? क्या देश को यह भयानक यथार्थ किसी ने बताया है? लोकतंत्र और सरकार की गतिविधियों, कार्रवाइयों को जानने का अधिकार इतना शिथिल और संकीर्ण नहीं हो सकता। युद्ध और सामान्य, सार्वजनिक मुद्दों के बीच बहुत अंतर होता है। सवाल है कि कांग्रेस यह जान कर कौन-सा राजनीतिक लक्ष्य हासिल कर लेगी कि भारत-पाक के हालिया संघर्ष के दौरान हमारे कितने लड़ाकू विमान गिरे? हमारी वायुसेना ने आतंकियों के 9 बड़े ठिकाने मिट्टी में मिला दिए, करीब 170 आतंकियों को ढेर भी किया, पाकिस्तान के महत्वपूर्ण एयरबेस, रडार सिस्टम और वायु रक्षा प्रणालियां इस कदर तबाह कर दी गईं कि 4-5 साल तक पाकिस्तान युद्ध की सोच भी नहीं सकता। क्या कांग्रेस खुश नहीं है कि हमारी सेनाओं ने तय लक्ष्य हासिल किए और दुनिया के विशेषज्ञ भारत की निर्णायक जीत के विश्लेषण कर रहे हैं? अब चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की आड़ में छिप कर कांग्रेस मोदी सरकार और सेना को निशाना बनाने पर आमादा है। बेशक सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने एक साक्षात्कार में स्वीकार किया है कि हालिया संघर्ष में शुरूआत के दो दिनों में हमें नुकसान उठाना पड़ा। नंबर अहम नहीं हैं, लेकिन हमने गलतियां सुधारीं और अपने टारगेट पर हमला बोल कर उसे तबाह कर दिया। डीजीएमओ (एयर ऑपरेशन) एयर मार्शल एके भारती ने भी लगभग यही बात कही थी कि जंग में नुकसान होता ही है। लेकिन सीडीएस ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार, 5 राफेल विमान गिराने के दावे को सिरे से खारिज कर दिया। कांग्रेस सीडीएस के बयान का एक छोर पकड़ कर सवाल करते हुए संदेह जताने पर क्यों तुली है? उसकी संसद के विशेष सत्र बुलाने में क्या दिलचस्पी है? कांग्रेस चाहती है कि प्रधानमंत्री मोदी सीडीएस के बयान पर संसद में स्पष्टीकरण दें। कांग्रेस को पता होगा कि अभी ऑपरेशन सिंदूर स्थगित है, खत्म नहीं हुआ है। युद्ध की रणनीति अति गोपनीय विषय है, उसे संसद के मंच पर सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। सीडीएस ने रणनीति की ओर संकेत किया है। क्या प्रधानमंत्री के स्पष्टीकरण के जरिए कांग्रेस उस रणनीति का खुलासा करवा देना चाहती है जिसका दुश्मन लाभ उठा सकता है। राजनीति के लिए देश में बहुत मुद्दे हैं, कांग्रेस इस समय ऐसी हरकत से बचना चाहिए।

राजनीति के लिए विपक्ष के पास बहुत मुद्दे हैं, ऑपरेशन सिंदूर और देश की सुरक्षा पर राजनीति करने से इस समय विपक्ष को बचना चाहिए।

विचार

दृढ़ संकल्प एक गढ़ के समान है जो भयंकर प्रलोभनों से हमको बचाता है और दुर्बल एवं डांवाडोल होने से हमारी रक्षा करता है।

-महात्मा गांधी.

हमारा चरित्र कितना ही दृढ़ क्यों न हो, लेकिन उस पर संगति का असर अवश्य पड़ता है।

-प्रेमचंद.

धन का महत्व नहीं अपितु जीवन का है– प्रेम की समस्त शक्तियों में पूर्ण, प्रसन्नता से और प्रशंसा से पूर्ण जीवन का।

-विदुर.

झूठा आदमी बात-बात पर कहता है कि मैं सच कहता हूं, लेकिन सच्चे आदमी अपनी सचाई के बारे में कभी मुंह नहीं खोलते हैं।

-बाल गंगाधर तिलक.

जैसे एक बिन्दु से धीरे-धीरे घड़ा भर जाता है, उसी तरह सारी विद्याओं, धर्म और धन का भी संग्रह करने से विशाल संग्रह हो जाता है।

-चाणक्य.

जी-7 में भारत की अनदेखी के निहितार्थ

वीना सुखीजा

हमें यह मानकर चलना चाहिए कि पश्चिमी देश हमारी लगातार बेहतर होती हैसियत और हममें निर्णय लेने की विकसित होती अपनी रीढ़ के कारण जले-भुने बैठे हैं और इस तरह हमें जी-7 सम्मेलन में निमंत्रण न देकर हमारी अनदेखी करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इससे भारत का नुकसान कुछ नहीं होने वाला बल्कि हम कहीं और अधिक आत्मनिर्भर बनेंगे।

आगामी जी-7 सम्मेलन में भारत को आमंत्रित न किया जाना, क्या हमारी हाल की कूटनीतिक सक्रियता की एक बड़ी चूक है या फिर जब पूरी दुनिया मंदी के अदृश्य घेरे में घिरती जा रही है, उस समय भारत की विकास दर का 6.5 प्रतिशत होना, जो चीन से भी ज्यादा है और इसी दौरान दुनिया की 5वीं अर्थव्यवस्था से एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे पायदान पर पहुंचना, हमारी इस सफलता से विकसित देशों की जलन है, जिस कारण हमें जी-7 शिखर सम्मलेन से दूर रखा गया है? निश्चित रूप से भारत को कनाडा में होने वाले आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन में न बुलाया जाना, गहराई से विश्लेषण की मांग करता है। क्योंकि इसमें सिर्फ तात्कालिक नफे, नुकसान नहीं छिपे बल्कि इसमें कूटनीतिक, वैश्विक हैसियत, भू-राजनीति और रणनीतिक प्राथमिकताएं सवालों के घेरे में हैं। जी-7 देशों का समूह आर्थिक रूप से सम्पन्न शक्तिशाली और लोकतांत्रिक देशों का समूह है।

अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा इसके सदस्य हैं। पहले रूस भी हुआ करता था और जी-7, जी-8 बन चुका था। लेकिन इन देशों ने रुस को निकाल दिया और पिछले लगभग एक दशक से हर सम्मेलन में भारत को बतौर विशिष्ट अतिथि बुलाया जाता था। क्योंकि भारत भले अभी विकसित देश न हो, लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था न केवल कई विकसित देशों से बड़ी है बल्कि उनकी विकास रफ्तार से भी बहुत तेज है। सवाल है ऐसे में भारत को आगामी सम्मेलन में न बुलाये जाने की वजह क्या हो सकती है? जाहिर है ये बड़ा निर्णय किसी तात्कालिक बात को लेकर तो नहीं लिया गया। भारत पिछली बार यानी 2023 में इस सम्मेलन में आमंत्रित था और अगर इस बार हमें नहीं बुलाया गया तो इसके कई दूरगामी और वैश्विक कारण हैं। दरअसल भारत की वैश्विक प्राथमिकताएं जी-7 देशों के साथ मेल नहीं खा रहीं। भारत लगातार पश्चिमी देशों के विरोध के बावजूद रूस के साथ अच्छे रिश्ते बनाये हुए है, इससे जी-7 के विकसित देश लगातार असहज हो रहे हैं, लेकिन उन्हें भारत का

चमकता हुआ मध्यवर्गीय उपभोक्ता बाजार भी चाहिए, इसलिए वो अपने अपने स्तरों पर इसकी अनदेखी भी करते रहे हैं। लेकिन शायद पश्चिमी देशों को अब यह लग रहा है कि भारत न केवल उनके काबू में नहीं हैं बल्कि ग्लोबल साउथ का नेता बनकर उभर रहा है, जो कि पश्चिमी विकसित देशों के हित में तो कतई नहीं है। इस दृष्टिकोण से यह कूटनीतिक संकेत हो सकता है कि पश्चिमी देश भारत के साथ अपने रिश्तों पर पुनर्विचार करना चाहते हैं या कम से कम वे हमें अपना स्वाभाविक सहयोगी तो नहीं ही मान रहे, जिसकी पिछले एक दशक से बार बार ये घोषणा कर रहे थे। लेकिन इसको इस नजर से नहीं देखना चाहिए कि भारत को जी-7 के सम्मेलन में न बुलाया जाना, हमारी हैसियत की हार है। भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है। वह जी-20 का सबसे चमकदार और अर्थव्यवस्था के नजर से सक्रिय सदस्य है। ब्रिक्स में उसका मजबूत आधार है और वैश्विक मंचों पर अब भारत की बात ध्यान से सुनी और स्वीकार्य की जाती है।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

ऐसे में जी-7 जैसे मंच पर न बुलाये जाने से भारत की हैसियत कतई कम नहीं होती। क्योंकि अब हम केवल पश्चिम-निर्भर कूटनीति पर टिके हुए देश नहीं हैं बल्कि भारत एक ऐसे देश के रूप में उभरा है, जो बहुध्रुवीय विश्व की वकालत करता है। हमारी इस वकालत को दुनिया के ज्यादातर देशों द्वारा ध्यान से सुना और सही माना जा रहा है। ऐसे में यह पश्चिमी देशों द्वारा भारत को मिली चेतावनी तो हो सकती है, हमारी अनदेखी नहीं। पश्चिम के देश जानते हैं कि भारत प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से भले पश्चिमी देशों के मुकाबले अभी बहुत पीछे हो, लेकिन संसाधनों, बाजार, निरंतर प्रगति और विशाल मानव संसाधन के मामले में भारत दुनिया का सबसे प्रॉमिसिंग देश है। पूरी दुनिया जानती है कि अगले दो दशकों में दुनिया का 40 फीसदी से ज्यादा मैन पावर भारत से आयेगा। डिजिटल क्रांति की सबसे ज्यादा विश्व में संभावनाएं अगर किसी देश में हैं तो वह भारत है। इसलिए हमें यह मानकर चलना चाहिए कि पश्चिमी देश हमारी लगातार बेहतर होती हैसियत और हममें निर्णय लेने की विकसित होती अपनी रीढ़ के कारण हमसे जले-भुने बैठे हैं और इस तरह हमें जी-7 के एक औपाचारिक सम्मेलन में निमंत्रण न देकर हमारी अनदेखी करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इससे भारत का नुकसान कुछ नहीं होने वाला बल्कि हम कहीं और अधिक आत्मनिर्भर और ग्लोबल साउथ के प्रति जवाबदेह हो जाएंगे।

वैसे भी इस बार का यह सम्मेलन कनाडा में होने जा रहा है और हम सब जानते हैं कि कनाडा के साथ भारत की पिछले कई सालों से कूटनीतिक तनातनी बनी हुई है। ऐसे में मौका पाकर कनाडा अपने आपको और अपने लोगों को यह संतोष देना चाहता है कि उसने भारत को इस मंच में न बुलाकर बड़ा बदला लिया है। लेकिन इसमें न बुलाये जाने से हम पर वह नैतिक दबाव नहीं बनेगा, जो हाल में यूरोप से लेकर अमरीका तक के कई नेता दोहरा चुके हैं कि अगर यूक्रेन के साथ रुस का युद्ध विराम नहीं होता, तो रूस पर तो कड़े प्रतिबंध लगाए ही जाएंगे, रुस के सहयोगी देशों पर भी इसका असर होगा। हालांकि पश्चिमी देशों ने अभी तक खुलकर यह नहीं कहा कि अगर रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता नहीं हो पाता, तो रूस के साथ ही भारत पर भी आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। लेकिन हम सब जानते हैं कि कूटनीति के इशारों में सब कुछ साफ साफ नहीं कहा जाता। यह तय है कि जब से रूस और यूक्रेन के बीच जंग छिड़ी है, रूस का सबसे ज्यादा तेल भारत और चीन ने ही खरीदा है और हमारे और चीन की इसी तेल खरीदी की वजह से रूस के राष्ट्रपति पुतिन लगातार पश्चिमी देशों के सामने अपनी अकड़ बनाये हुए हैं।

ऐसे में यह किसी को अलग से समझाने की बात नहीं है कि रूस के दो सबसे बड़े सहयोगी देश भारत और चीन ही हैं। क्योंकि साल 2000 से ही भारत को लगातार जी-7 के सम्मेलनों में विशिष्ट अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया जाता था और अब नहीं किया गया, तो इसके लिए साफ इशारा यही है कि पश्चिमी देश नहीं चाहते कि हम चीन की तरह रूस के अभिन्न दोस्त वाली कैटेगिरी में बने रहें और इसी बात से चिढ़कर हमें जानबूझकर एक रणनीति के तहत आगामी जी-7 सम्मेलन से दूर रखा गया है। दरअसल पश्चिमी दुनिया की भारत से यह ईर्ष्या उनकी औपनिवेशिक मानसिकता का भी प्रतीक है। वे अभी भी भारत को अपने बराबर स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं और शायद आगे भी कुछ समय तक उनकी यही मनःस्थिति बनी रहे। भारत इसी बीच एक-एक पायदान ऊपर चढ़ता हुआ उनसे आगे भी निकल सकता है। इसलिए इस अनदेखी को भारत की कूटनीतिक हैसियत से नहीं जोड़ना चाहिए बल्कि इस रूप में देखना चाहिए कि भारत लगातार आर्थिक और सैन्य दृष्टि से महाशक्ति बनकर उभर रहा है।

सोशल मीडिया

संपूर्ण क्रांति दिवस पर आयोजित समारोह में संपूर्ण क्रांति के महा नायक, महान स्वतंत्रता सेनानी लोक नायक जयप्रकाश नारायण जी को पुष्प अर्पित पर उन्हें नमन किया। नीतीश कुमार.

दुग्ध न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है बल्कि पोषण आजीविका व महिला सशक्तीकरण से भी इसका संबंध है। उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश का अग्रणी प्रदेश है। केशव प्रसाद मौर्य.

राज्य के 24 जिलों को जोड़ने वाला 'हिंदू हृदय सम्राट' बाला साहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महा मार्ग सिर्फ एक रोड नहीं ही नहीं है बल्कि इंजीनियरिंग का कमाल है। देवेन्द्र फणडवीस.

सर्वशक्तिमान ईश्वर

ईश्वर सर्वशक्तिमान है। हमारी शक्तियों, संसाधनों, इच्छाओं और ज्ञान-विज्ञान के केन्द्र में ईश्वर ही है। साधना के समय साधक को पूर्ण साहस और धैर्य रखना चाहिए। सिद्धि लाभ करने में कितना ही समय क्यों न लगे साधक को आकुल नहीं होना चाहिए। साधक को असाधारण धैर्य धारण करना चाहिए और यदि इस बीच में कोई अनर्थकारी घटना उपस्थित हो जाये तो भी साधक को घबरा कर साहस नहीं छोड़ देना चाहिए। सच्चिदानन्द परमेश्वर सर्वशक्तिमान है, चाहे वे कितने ही भीषण गड्ढे में हमें क्यों न फेंक दें किसी न किसी दिन वहां से उबर कर वे हमें अपनी गोद में अवश्य लेलेंगे, यह खूब जानिये। साधक के लिए व्याकुलता और उत्तेजना त्याज्य है। पहले-पहले स्वच्छन्द प्रवृत्ति इस प्रकार आडम्बर खड़ा करती है कि साधक के मन में उठने लगता है कि खूब आगे बढ़ गये हैं पर जब अंत में विदित होता है कि लंगर पड़ी जहाज की भांति हम उसी जगह ज्यों के त्यों पड़े हैं और अंगुल मात्र भी आगे नहीं बढ़ सके हैं उस समय भीषण परिताप उपस्थिति होता है। जो साधक आत्मसमर्पण का व्रत ग्रहण करके भगवान के हाथों में अपने को समर्पित करके जितना निश्चिन्त तथा संतुष्ट हो सकेगा, उतनी ही शीघ्रता के साथ उसे सिद्धि प्राप्त हो सकेगी। साधना अत्यंत कठिन काम है पर जो लोग आरम्भ में ही इसमें दृढ़ विश्वास करके इस पर निर्भर हो जाते हैं उनके लिये इसमें सरल कोई और मार्ग नहीं है। साधना के समय साधक को साहस और धैर्य रखने की आवश्यकता है। सिद्धि मिलने में कितना भी समय क्यों न लगे साधक को घबराना नहीं चाहिए। यहां तक कि यदि सिद्धि मिलने के पहले कोई अनर्थकारी घटना भी घट जाये तब भी घबराकर अपनी साधना नहीं छोड़ देनी चाहिए। भगवान सर्व शक्तिमान है इसलिए वे कितने ही भयंकर गड्ढे में चाहे क्यों न फेंक दें फिर भी किसी न किसी दिन वे हमारा वहां से अवश्य उद्धार करेंगे यह निश्चित है। साधक के लिए उत्तेजना और व्याकुलता भी छोड़ने जैसी है।

अंतर्दृष्टि

कभी-कभी साधक को दिखाई देता है जैसे कि वह सिद्धि के क्षेत्र में बहुत दूर पहुंच गया है और कभी भी पीछे मालूम होने लगता है कि वह जहां का तहां है। तिलमात्र भी आगे नहीं बढ़ा। ऐसे अवसरों पर उत्तेजना या घबराहट आ जाती है लेकिन जिन लोगों का आत्म समर्पण का व्रत सम्पन्न हो चुका होता है। वे इन सबसे मुक्त रहते हुए निश्चिन्त और संतुष्ट रहते हैं और इसीलिए उन्हें सिद्धि भी शीघ्र ही प्राप्त होती है। यद्यपि साधना का काम अत्यंत कठिन है पर जो आरम्भ में दृढ़ विश्वास के साथ अग्रसर होते हैं उनके लिए यह मार्ग अत्यंत सरल हो जाता है क्योंकि दृढ़ता होने पर मनुष्य की प्रकृति साधना के अनुकूल है।

गुट-गुट के होकर गुटगुटा रहे

व्यंग्यलोक

सभी मेंढ़कों ने कहा कि हमें तोला जाए। हम तुलने के लिए तैयार हैं। हम गुट-गुट के होकर गुट-गुटा रहे हैं। तालाब की कीचड़-काची में हमारा भी कोई मोल बोला जाए। तालाब की सियासत में मोल-भाव का रंग घोला जाए। शीघ्र ही अपने-अपने स्वार्थ की अपने-अपने ढंग की तरह जुलाई गई। कुर्सी मोल के बोल, सियासी तालाब के पट खोल। मेंढ़कों ने तरह-तरह के सुर में टरार्ना शुरू किया। सांपों ने मीडिया में अपने बयान जारी करने शुरू कर दिए। केकड़ों ने अलग से अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू की। कुछ सांपों और केकड़ों ने भी तराजू की मांग की। इधर कुछ मछलियां विजयी मुद्रा में अपने मास्क हटाने लगी। सरकारी तालाब का कीचड़ देखते ही देखते रिसोर्टों होटलों से होते हुए तमाम मीडिया तक पसर गया। अपने-अपने गुटों के अपने-अपने चैनल खरखराने लगे। अपने-अपने तराजू, अपने-अपने तोलक। मेंढ़कों को तराजू में तोलना, मेंढ़कों का बोलना। यह सब जगजाहिर है! मेंढ़कों के तोलने में अलादीन के चिराग ने धुआं बन फिर से चिराग में घुसने की होशियारी दिखाई थी। दो बिल्लियों की लड़ाई में तौलक महाराज बंदर का किस्सा सुनकर हातिमताई ने हुस्नबानों से तलाक ले लिया था। इसी तुलाई कार्यक्रम के कारण सिंदबाद जहाजी ने अपनी यात्रा को त्यागपत्र दे दिया था। इस पलड़े से उस पलड़े, इस रिसोर्ट से उस होटल! फुदकते रहे मेंढ़क! टरार्ने का मामला भी जगजाहिर है! वे ट्विटर पर इतने टरार्ये कि ट्विटर खुद ही बहरा हो गया। मेंढ़क इतराते, मुस्कुराते बड़ी अदा से अपनी बोलियां लगवा रहे हैं। जहां राजा महाराजा भी बिकने को उतावले हो जाते हैं, वहां एक छोटे से मेंढ़क की क्या बिसात! मेंढ़क तुल रहे हैं। टर्रा रहे हैं। इस तालाब से उस तालाब तक। सियासी तालाब के कीचड़ में छप-छपा रहे हैं। छप-छप छई। मेंढ़कों के बीच मार माथा-फोड़ी चल रही है। एक गैंग ने दूसरे गैंगीय मेंढ़कों के पीछे खड़े होकर तीसरे मेंढ़क गैंग को ललकारा। यहां चौथा गैंग सरकारी तालाब में असरकारी ढंग से कुलांचे मार रहा है। इसी समय मेंढ़कों का 10 वां गैंग दूसरे से तीसरे गैंग में फुदकने लगा। तत्काल ही गैंग दल-दल में बदल गया। कुल मिलाकर परिणाम यह हुआ कि सरकारी तालाब का पानी दल-दल हो लिया। यहां चमचों का रूप धारण करके कई केकड़े दल-दल में जगह बनाने लगे। कई बार ऐसा हुआ कि मेंढ़कों की ऑडियोवाणी के साथ केकड़े भी लग गए। कुछ केकड़ों ने अपना वीडियो पाठ भी शुरू कर दिया। बड़े दलाल सांपों ने छोटे चमचा सांपों को अपने साथ लेते हुए इस कीचड़ में अपने फन फैलाने शुरू कर दिए। राजनीति कीचड़ में सरसराने लगी। बड़ी मछली छोटी मछली को षड़यंत्र पूर्वक खाने लगी।

रामविलास जॉंगिड़

अपने लेखन से दुनिया का ध्यान खींच रहीं महिलाएं

साहित्य

लोकमित्र गौतम

क्या भारतीय महिलाओं के लेखन ने हाल के दशकों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय पुरुष लेखकों के मुकाबले दुनिया का ध्यान अपनी तरफ ज्यादा खींचा है? इस प्रश्न का उत्तर पूरी तरह से न तो 'हां' में हो सकता है और न ही 'न' में। लेकिन अगर हम पिछले चार-पांच दशकों की भारतीय लेखन की प्रवृत्तियों का विश्लेषण करें, तो पाएंगे कि भारतीय महिला लेखिकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक सशक्त, अधिक मानवीय छवियां प्रस्तुत की हैं, जिन्होंने भारतीय साहित्य को नये सिरे से विश्व पटल पर प्रतिष्ठा दिलायी है। यूं तो वैश्विक लेखन परिदृश्य में भारत की मौजूदगी 1913 में रविंद्रनाथ ठाकुर को मिले नोबेल पुरस्कार से ही सशक्त रही है, उसके बाद आर.के. नारायण, मुल्कराज आनंद, खुशवंत सिंह, सलमान रुश्दी और अमिताव घोष जैसे अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर चमकने वाले भारतीय लेखक पुरुष ही रहे हैं। निश्चित रूप से इन्होंने विदेशों में भारतीय जीवन के यथार्थ की विविध छवियां प्रस्तुत की हैं, पर इनके विश्लेषण पुरुष केंद्रित, शहरी और औपनिवेशिक उत्तर जीविता पर केंद्रित रही है।

इन लेखकों ने भले भारतीय अनुभवों को दुनिया के कोने कोने तक पहुंचाया हो, लेकिन भारतीय समाज के आंतरिक अनुभवों, विशेषकर महिलाओं, दलितों और ग्रामीण तबकों के संघर्ष को या तो ये गहराई से छू नहीं पाये या इसकी अनदेखी की है। लेकिन 1980 के दशक के बाद वैश्विक साहित्य परिदृश्य पर उभरी भारतीय महिला लेखकों ने जिनमें- कमला दास, महाश्वेता देवी, मृदुला गर्ग, नयनतारा सहगल, शशि देसपांडे और अमृता प्रीतम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इन सभी लेखिकाओं ने भारतीय समाज के भीतरी ढांचे की कहानियां बाहर लेकर आयी हैं। इनके लेखन में सामाजिक ढांचे के भीतर महिलाओं के संघर्ष को आवाज दी है। इन महिला लेखकों ने विशेष रूप से लैंगिक असामानता, यौनिकता, प्रेम, अस्मिता और निजी अभिव्यक्ति को बहुत गहराई के साथ प्रस्तुत किया है। गीताजंलि श्री 'रेत समाधि' (हिंदी) और बानू मुश्ताक 'हार्ट लैंप' ने बहुत कम समय में अंतर्राष्ट्रीय बुकर सम्मान हासिल करके महिला लेखन को प्रतिष्ठा के नये आयाम तक पहुंचाया है। महिलाओं का लेखन आत्म कथात्मक अंतर्विरोध से भरा रहा है, जिससे पता चलता है कि उनके लेखन की कितनी गहरी, जटिल और जीवंत परतें हैं। महिलाओं के लेखन में घरेलू हिंसा, दहेज, स्त्री विमर्श, मातृत्व, वृद्धावस्था में उपेक्षा और यौन उत्पीड़न की गहरी और पतली परतें, लगभग हर जगह मौजूद रही हैं। बिना मूल और मुखर स्वर हुए भी, जिससे भारतीय लेखन बहुस्तरीय, पठनीय और कई कहानियों को एक साथ कहने वाला साबित हुआ है। एक बात यह भी है कि हाल के सालों में अनुवाद के माध्यमों से विश्व लेखन परिदृश्य में जो ताजगी और रचनात्मकता आयी है, उसमें भारतीय महिलाओं का लेखन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महिला लेखन का यह अनूठा पहलू अनुवादों के माध्यम से दुनिया के सामने बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सामने आया है। डेजी रॉकवेल, लस्किया शेरिफ और मिरांडा टिंडॉल जैसी विदेशी अनुवादकों ने भारतीय महिलाओं की रचनाधर्मिता को दुनिया के कोने कोने तक पहुंचाया है। इससे महिला लेखन को फेमिनिज्म, जेंडर जस्टिस और डायवर्सिटी जैसी धाराओं को नई ऊर्जा और नई जीवंतता हासिल हुई है।

भारतीय महिलाओं के समृद्ध लेखन ने दुनियाभर में चल रहे इस विमर्श को बड़ी परिपक्वता से समृद्ध किया है। जबकि भारतीय पुरुष लेखकों में यह प्रतिध्वनि अपेक्षाकृत नहीं दिखती। शायद यही कारण है कि 1997 में अरुंधति राय के उपन्यास 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' को जब बुकर पुरस्कार मिला, तो दुनिया के साहित्य पाठकों का ध्यान भारतीय महिलाओं की तरफ गया। इसके बाद साल 2022 में गीताजंलि श्री को अपनी किताब 'रेत समाधि' के लिए इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार मिला और तीन साल बाद 2025 में दोबारा से यही इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार बानू मुश्ताक को अपनी कन्नड़ लघु कहानियों के संग्रह 'हार्ट लैंप' के लिए मिला। जबकि झुम्पा लाहिड़ी जिन्हें यूं तो प्रवासी लेखिका समझा जाता है, लेकिन उनके लेखन की मूल आवाज भारतीय महिलाओं की पीड़ा ही है, उनको इंटरप्रेटर ऑफ मैलाडीज के लिए पुलित्जर पुरस्कार मिला और अनिता देसाई, शशि देसपांडे, कमला दास और महाश्वेता देवी के लेखन को भी अनुवाद के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में खूब सम्मान मिला।

आप की बात

जनसंख्या संतुलन

राष्ट्र की प्रगति और खुशहाली के लिए यह जरूरी है कि देश में जनसंख्या संतुलन की स्थिति बनी रहे। लेकिन सियासी स्वार्थ में देश की राजनीति इतनी डूब जाती है कि राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्र की अनदेखी करने पर उतर आती है। ऐसा ही एक मुद्दा अभी हाल में सामने आया जो भारत स्वरूप को प्रभावित करने वाला है, लेकिन देश की बहुदलीय राजनीति में विभिन्न दल अपने वोट बैंक के प्रति इतने अधिक आग्रही होते हैं कि उन्होंने राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे को सियासी आरोप-प्रत्यारोप का विषय बना दिया। देश में जनसंख्या असंतुलन बढ़ रहा है। बढ़ती आबादी, जनसंख्या असंतुलन देश के लिए चिंताजनक है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार 1950 से लेकर 2015 तक कुल जनसंख्या में बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है। जबकि मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कई अन्य देशों में भी, जहां बहुसंख्यक आबादी गैर-मुस्लिम थी, उसकी हिस्सेदारी में कमी आई है और अल्पसंख्यक आबादी जो मुस्लिम है, की हिस्सेदारी बढ़ी है। यह प्रवृत्ति म्यांमार और नेपाल में भी देखी गई। पाकिस्तान और बांग्लादेश में जहां मुस्लिम खुद बहुसंख्यक हैं, उनकी हिस्सेदारी बढ़ी है। यानी सवाल अल्पसंख्यकों की आबादी बढ़ने का ही नहीं, बल्कि दुनिया में मुस्लिम आबादी बढ़ने का भी है। जिसका असर यूरोप समेत दुनिया के अधिकांश देशों में देखा जा रहा है। अगर बात सिर्फ भारत की करें तो जहां 1950 में हिंदुओं की आबादी का हिस्सा 84.68 प्रतिशत था, वो 2015 तक घटकर सिर्फ 78.06 प्रतिशत रह गया, जबकि इसी दौरान मुस्लिम आबादी का हिस्सा 1950 में 9.84 प्रतिशत से बढकर 2015 में 14.09 प्रतिशत हो गया। गौरतलब है कि भारत की कुल जनसंख्या 1951 में 36.1 करोड़ से बढ़कर 2015 में 132.29 करोड़ हो गई और इसी तरह हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समेत सभी समुदायों की आबादी में भी बढ़ोतरी हुई है। लेकिन खास बात यह है कि मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर अन्य सभी समूहों से ज्यादा रही है। जबकि, हिंदू आबादी 1951 में 30.57 करोड़ से बढ़कर 2001 में 82.75 करोड़ हुई (यानी 2.0 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर), मुस्लिम आबादी 3.55 करोड़ से बढ़कर 13.8 करोड़ हो गई (2.75 प्रतिशत की भारी वार्षिक वृद्धि दर), सिखों की जनसंख्या 0.69 करोड़ से बढकर 1.94 करोड़ हो गई और ईसाइयों की जनसंख्या 0.83 करोड़ से बढ़कर 2.41 करोड़ हो गई, यानी 50 वर्षों में क्रमशः 2.09 प्रतिशत और 2.15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर।

ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, लखनऊ.

दुराचार के बढ़ते मामले

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। दरअसल किसी भी सरकार का प्रथम दायित्व नागरिकों की सुरक्षा करना ही है। ऐसे में अपराध की बढ़ती घटनाएं, महिला संबंधी अपराधों का दिनोंदिन और क्रूर होते जाना न सिर्फ चिंता की बात है बल्कि इस बात पर भी सवाल उठाता है कि सरकारें महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने लिए गंभीर हैं भी या यूं ही लंबी चौड़ी बातें ही करती रहती हैं।

महेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

जीएसटी पंजीकरण जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन

मिल्कीपुर-अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज में बवां मोड़ स्थित प्रज्ञा भवन पर गुरुवार अपराह्न करीब 3:00 बजे राज्य कर अधिकारी अयोध्या द्वारा जीएसटी पंजीकरण जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाजार के छोटे एवं बड़े व्यापारीगण मौजूद रहे। छोटे व्यापारियों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

राज्य कर अधिकारी विनीता दुबे ने बताया कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन करने से व्यापारियों को कई फायदे मिलते हैं। उन्होंने बताया कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन करने से व्यापारियों का व्यवसाय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो जाता है एवं सरकारी संस्थाओं एवं बड़ी कंपनियों से व्यापार करने का अवसर मिलता है।

जीएसटी बिल देने से ग्राहकों को भरोसा होता है कि आपका व्यवसाय व्यवस्थित एवं कानूनी है। जीएसटी पंजीकृत व्यवसाई को सरकारी योजनाओं एवं बैंकों से लोन लेने में प्राथमिकता मिलती है। साथ ही उन्होंने बताया कि जीएसटी पंजीकरण कराने पर व्यापारी को दस लाख रुपए का दुर्घटना बीमा मिलता है।

66 करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में देखी निर्मल गंगाः सीएम

जिला संवाददाता

अयोध्या। नगर निगम के दो वर्ष पूरा होने पर राम कथा पार्क में आयोजित नगर उपलब्धि समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम के पूर्वज भागीरथी की तपस्या का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना की और कहा कि नमामि गंगे की परियोजना की देन है कि मां गंगे अविरल और निर्मल हैं। उनके तट की क्षमता पूरी दुनिया का पेट भरने के लिए अन्य उत्पादन की है। प्रयागराज के तट पर आयोजित महाकुंभ के मौके पर देश-विदेश के 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने इसका दर्शन किया। राममंदिर में रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 500 वर्ष का इंतजार खत्म हुआ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वैभव राममंदिर के रूप में वापस लौटा। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ऐलान किया कि एक से सात जुलाई तक हर जिले में एक नदी को पुनर्जीवित किया जाएगा और उसके तट पर वृक्षारोपण होगा। उन्होंने अयोध्या धाम की एक नदी को पुनर्जीवित करने पर जोर देते हुए लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस की मौके पर

उन्हें लखनऊ में बेल का पौधा लगाने का अवसर मिला तो सरयू तट पर पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम सहित नवग्रह के पेड़ लगाने के अवसर पर भागीदारी करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि आगामी 23 जून को एक प्रधान, एक निशान, एक विधान का नारा देने वाले पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। हाईवे के किनारे भी वृक्षारोपण कराया जाएगा।

उन्होंने अयोध्या के विकास की चर्चा करते हुए महापौर महंत गिरीशपति को धन्यवाद दिया और कहा कि अब अयोध्या राम की अयोध्या की तरह दिखती है, जैसा वर्णन वाल्मीकि और महाकवि तुलसीदास ने किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या को सिक्स लेन और फोरलेन सड़कों से जोड़ा गया है। एयरपोर्ट का निर्माण हुआ है। राम की पैड़ी का विस्तार हुआ है। मंदिरों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 16 करोड़ श्रद्धालु गत वर्ष अयोध्या आए, जबकि पहले बहुत कम श्रद्धालु आते थे। अयोध्या आने वालों को गोली, लाठी का सामना करना पड़ता था। अब उनका स्वागत पुष्प वर्षा से किया जाता है।

उन्होंने कहा कि कभी अयोध्या की पहचान सकरी गलियां, गंदगी, बिजली और पानी संकट से थी, जबकि अब यहां आने वाले को अयोध्या बदली नजर आ रही है। देव नदी के रूप में सरयू का दर्शन हो रहा है। उन्होंने नगर में माता जानकी, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, हनुमान, सुग्रीव, निषाद राज आदि के नाम पर सिटी फॉरेस्ट विकसित करने का आह्वान किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर की उपलब्धियां साझा की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या के दूसरे विक्रमादित्य की उपाधि से नवाज कर जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप अयोध्या को स्मार्ट, स्वच्छ नगर बनाने के लक्ष्य की ओर हम बढ़ रहे हैं हमारा सपना है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को एक बूंद जल न खरीदना पड़े। उन्हें निर्मल सरयू जल उपलब्ध हो। उन्होंने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव, डॉ अमित सिंह चौहान, अभय सिंह, चंद्रभान पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव मंचासीन रहे। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि संचालन कवयित्री पूजा मिश्र ने किया। कार्यक्रम में वामन मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण, बड़े भक्तमाल मंदिर के महंत अवधेश दास, दिगंबर अखाड़ा के महंत रामलखन दास, मधुकरिया संत मिथिला बिहारी दास समेत संतों महंतों ने शिरकत की। महिला कर्मियों का सम्मान मुख्यमंत्री के हाथों नगर निगम की महिला कर्मचारियों में अमृत सखी कोमल यादव सफाई मित्र रीता एवं मिथिलेश का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

63 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

- सेवा के अद्भुत दो वर्ष पूरा होने पर प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन करने के साथ ही मुख्यमंत्री जी ने 63 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात अयोध्यावासियों को दी। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि 30 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित 50 विकास कार्यों का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के साथ किया। इसके अलावा 33 करोड़ आठ लाख 81 हजार रुपये की 92 परियोजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यास किया। वहीं नीक लागै हो मोदी-योगी के शसनवा... गीत के माध्यम से गायक विवेक पांडेय ने सरकार और नगर निगम की उपलब्धियों को रेखांकित किया तो श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे।

विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां भारत के नियम कानूनों का कर रही उल्लंघनः राजीव गुप्ता बब्बी

बाराबंकी। विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां भारत के नियम कानूनों का उल्लंघन कर रही हैं। और गलत तरीके से व्यापार कर रही हैं। ये विदेशी कंपनियां परंपरागत व्यापारियों को एक संगठित तरीके से खत्म करने का प्रयास कर रही है। उक्त विचार उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता बब्बी ने व्यक्त किये। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बब्बी ने आगे कहा कि देश में ई-कॉमर्स की पॉलिसी व रिटेल ट्रेड की पॉलिसी होनी चाहिए। तथा रिटेल सेक्टर के व्यापारियों को प्रतिस्पर्द्धा करने के समान अवसर मिलने चाहिए। क्योंकि ये विदेशी ई-कॉमर्स व्यापार करने की नई विधा है। देश के युवाओं ने इसे अपना लिया है। और भारत के व्यापारी भी ई-कॉमर्स पर आना चाहते हैं। लेकिन इन ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों को ये व्यापार करने का प्लेटफार्म न बनाकर दी गई थी। लेकिन ये प्लेटफॉर्म न बनाकर इन्वेंट्री बेस पे खुद समान बेचने लगे हैं। जो कि गलत होने के साथ साथ नियमों का उल्लंघन भी है। सरकार को भारत के रिटेल सेक्टर के लिए एक पॉलिसी बनानी चाहिए।

स्थानीय कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश ललित कला संगीत अकादमी के तत्वाधान में लखनऊ पब्लिक स्कूल ऑडिटोरियम में जयवर्धन द्वारा लिखित एवं मनीष मेहरा द्वारा परिकल्पना एवं निर्देशित हास्य नाटक मायाराम की माया का सफल मंचन किया गया। मायाराम की माया नाटक राजनीतिक व्यवस्था और मनुष्य के दोगलेपन एवं इंसानियत की कमी को दर्शाती हास्य व्यंग नाटक है। अकादमी द्वारा तीस दिवसीय कार्यशाला में बच्चों ने सीख स्टेज पर मंचित किया। मंचित नाटक में जनपद के सभी कलाकार बच्चो द्वारा प्रदर्शन किया गया। नाटक का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश संगीत कला अकादमी सदस्य सरोज रावत, प्रधानाचार्य रितु सिंह, सुमित श्रीवास्तव, मनीषा मेहरा, पवन सिंह, राजवर्धन पांडे, अंगद वर्मा, प्रभात नारायण दीक्षित, देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू, शरद राज सिंह, प्रवेंद्र सिंह पिंकुल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

पर्यावरण दिवस थीम इंड प्लॉस्टिक पाल्यूशन पर कार्यशाला

जिला संवाददाता

सतरिख,बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पर्यावरण प्रहरी धमेन्द्र कुमार शुक्ला, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्रबन्धक डा0 सुजीत चर्तुवेदी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने छात्र-छात्राओ को विश्व पर्यावरण दिवस की थीम इंड प्लास्टिक पाल्यूशन को ध्याान मे रखकर कार्यक्रम मे प्लास्टिक उत्पादों और उसके उपयोग को पूर्णरूप से न करने को लेकर संकल्प दिलाया। तथा सभी को प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग पूरी तरह से बंद कर पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाये जाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्रबन्धक डा0 चतुवेर्दी ने सभी को पर्यावरण के प्रति अपनी

जिम्मेदारी निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि एंव विशिष्ट अतिथि ने पौधा रोपित कर पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्राचार्य अश्वनी कुमार गुप्ता, डा. दीपमाला श्रीवास्तव समेत प्रवक्ता एवं छात्र छात्राये मौजूद रहे।

सभी डीएम नदी को करें पुनर्जीवितः मुख्यमंत्री

अयोध्या,। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आंजनेय सेवा संस्थान में आयोजित 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में अयोध्या के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित करते हुए नदियों के पुनर्जनन, विकास कार्यों और उत्तर प्रदेश की नई पहचान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से कह दिया गया है कि वो अपने अपने जिले की एक नदी को पुनर्जीवित करें। नदियों में न सीवर डाला जाए, न नाले गिराए जाएं, न मरे हुए जानवर फेंके जाएं। साथ ही नदियों के किनारे व्यापक रूप से पौधरोपण अभियान चलाया जाए।इस वर्ष 35 करोड़ पौधों का रोपण नदियों के किनारे किया जाएगा।उन्होंने कहा कि नदियां धरती माता का आधार हैं और इनके संरक्षण से ही पर्यावरण, जीव-जंतु और मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने



मां सरयू के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान राम ने अयोध्या का जिक्र करते हुए मां सरयू का नाम लिया था।सरयू अयोध्या की आत्मा है और इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है ।मुख्यमंत्री ने गंगा दशहरा के अवसर पर मां गंगा के अवतरण की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में ही भगवान भगीरथ ने अपने पूर्वज महाराज सगर के पुत्रों के उद्धार के लिए लंबी साधना की और मां गंगा को धरती पर लाए।मां गंगा न केवल मुक्ति और भुक्ति का कारक हैं, बल्कि भारत और विश्व का अन्न भंडार भी इन्हीं के कारण समृद्ध है। मां गंगा का मैदानी भाग दुनिया की सबसे उर्वर भूमि है ।उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया ने मां गंगा के तट पर आयोजित इस महोत्सव को देखा, जो भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है ।मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि 10 साल पहले जो असंभव लगता था, वह आज संभव हो चुका है। आज अयोध्या का वैभव देखकर लोग अभिभूत और आश्चर्यचकित हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या में अब 4-लेन और 6-लेन की सड़कें, वाटर एटीएम और अन्य जनसुविधाओं का विकास हुआ है। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण पूरा हो चुका है, और यह शहर देश की पहली सोलर सिटी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या का सोलर सिटी बनना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के इस वैभव ने न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे भारत का सम्मान विश्व पटल पर बढ़ाया है। आज जो भी अयोध्या आता है, वह अभिभूत होकर जाता है। अयोध्या की यह प्रगति उत्तर प्रदेश और भारत की नई पहचान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की प्रगति पर गर्व जताते हुए कहा कि यूपी अब नये भारत का उत्तर प्रदेश बन रहा है। यह विकास के नए कीर्तिमान रच रहा है।

सफाई कर्मचारी रहस्यमय परिस्थिति में लापता

टिकैतनगर, बाराबंकी। नगर पंचायत टिकैतनगर में कार्यरत सफाई कर्मचारी रवि कुमार बीते दिनों से रहस्यमयी ढंग से लापता हो गया है। ग्राम बेलखरा मजरे भुढवा थाना टिकैतनगर निवासी पिछले 15 वर्षों से नगर पंचायत में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत था। परिजनों के अनुसार 28 मई 2025 को अपने काम पर गया। जंहा उसका नगर पंचायत के ही एक अन्य कर्मचारी सत्यम से विवाद हो गया था। अगले दिन 29 मई को रवि जब ड्यूटी पर गया। शाम तक घर न लौटने पर माता नूरजहाँ ने थाना टिकैतनगर में प्रार्थनापत्र देकर अपने पुत्र की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

रास्ते के विवाद में युवक पर हमला

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। थाना टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम भुंडव मजरे बेलखरा में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमे एक युवक का सिर फट गया तथा शरीर पर गंभीर चोटें आई। जिसको लेकर पीड़ित रज्जन लाल पुत्र बाबालदीन निवासी ग्राम भुंदर ने थाना टिकैतनगर में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

गंगा दशहरा पर जनपद की सातो नदियो की धर्मजागरण संस्था ने की गंगा आरती

बाराबंकी। धर्मजागरण धाम द्वारा गंगा दशहरा पर जनपद की सभी सातों नदियों माँ सरयू घाघरा, माँ सुमली, माँ कल्याणी, माँ कौशिकी रेठ, माँ जमुनिया, माँ रारी एवं आदिगंगा माँ गोमती की गंगा आरती का आयोजन संस्था संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी के नेतृत्व मे की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुये संयोजक अधिवक्ता श्री अवस्थी ने बताया कि माँ कल्याणी नदी के उद्गम स्थल धन्नाग तीर्थ में गंगा आरती की गई। उन्होने आगे बताया कि जनपद में माँ सरयू (घाघरा) के तट के सभी 73 गाँवों, माँ सुमली के तट के सभी 46 गाँवों और माँ कल्याणी के उत्तरी तट के सभी गाँवों से गंगा आरती की गई है। इस मौके पर महंत विक्रम दास, रमाकांत द्विवेदी, नरेंद्र त्रिपाठी, संगीत पाठक, सत्य प्रकाश तिवारी, आलोक कुमार, अंशु तिवारी, विमल यादव, शिवानंद, दिनेश कुमार तिवारी, अखिलेश यादव, अभिषेक कुमार मिश्र, शीला देवी, मिथिलेश कुमारी, सरस्वती यादव, नैंसी तिवारी मौजूद रहे।

संगठन सृजन अभियान कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यमः पी. एल पुनिया

जिला संवाददाता

बाराबंकी। आज जब देश के संविधान और लोकतन्त्र पर खतरा है तब कांग्रेस कार्यकताओं की भूमिका अहम हो जाती है। जो कांग्रेस कार्यकर्ता जमीन से जुड़ा है वही संगठन की रीढ़ है। और उसी के बल पर कांग्रेस पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। इसका श्रेय कांग्रेस पार्टी के ऊजावान समर्पित कार्यकर्ता को जाता है। जिसने बूथ पर पहुंचकर मजबूत संगठन बनाया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाया गया संगठन सृजन अभियान केवल एक औपचारिकता नही बल्कि यही हमारी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने ओबरी आवास पर आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम की महत्वपूर्ण बैठक में व्यक्त किये। जिसकी

अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन तथा संचालन राम हरख रावत ने किया। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेशीय क्वार्डिनेटर ममता चैधरी, नगर कांग्रेस कमेटी के क्वार्डिनेटर दिनेश सिंह, फ्रण्टल संगठनों के क्वार्डिनेटर अतुल सिंह मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, अमरनाथ मिश्रा, सरजू शर्मा, आदर्श पटेल, मोहम्मद इजहार, मोईनुदीन अंसारी, साईस्ता अख्तर, इरफान कुरैशी, रमेश कश्यप, सना चैधरी मौजूद रहे।

कृषि संकल्प अभियान तहत गोष्ठी आयोजित

बहराइच। विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत आज 08 वे दिन जनपद की 09 ग्राम पंचायतों में कृषि उत्पादन बढ़ाने हेतु जिले के कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों की टीम द्वारा किसानों को कृषि की तकनीकी जानकारी कृषक गोष्ठी आयोजित कर दी गई। इसी क्रम में विकासखंड रिसिया के ग्राम पंचायत बरई पारा में कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के मुख्य वैज्ञानिक/हेड डॉव शशिकांत, कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉवपीवकेव सिंह तथा डॉव संदीप कुमार की टीम ने किसानों को कृषि विज्ञान की तकनीकी जानकारी प्रदान की।जिला कृषि अधिकारी बहराइच डॉ0 सूबेदार यादव ने किसानों को जनपद में उपलब्ध हो रहे बीज एवं खाद के उपलब्धता की जानकारी दी।

जिला कृषि अधिकारी बहराइच ने उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सोलर पंप की योजना की जानकारी दी तथा किसानों से मृदा परीक्षण कराकर मृदा परीक्षण परिणाम के आधार पर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी बहराइच श्रीमती प्रियनंदा ने उपस्थित किसानों को आईपीएम अपनाने, बायोपेस्टिसाइड का अधिक से अधिक प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि फसल सुरक्षा हेतु अपने खेतों में लियोर, फेरोमैंन ट्रैप , लाइट

ट्रैप का अधिक से अधिक उपयोग करें जिससे आपकी फसलों में कीड़े मकोड़े नहीं लगेंगे तथा रसायन पर होने वाला खर्च बचेगा ।कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के हेड डॉक्टर शशिकांत में किसानों को खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व खेत की जुताई करने कंपोस्ट का उपयोग करना तथा धान की नर्सरी डालने से पूर्व धान बीज को शोधित करने, रोपाई से पूर्व भूमि शोधन करने की सलाह दी। इससे जहां एक ओर फसल में कीड़े नहीं लगेंगे,वही दूसरी तरफ उत्पादन भी अधिक होगा। गोष्ठी को डॉक्टर पी के सिंह डॉक्टर संदीप कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए राम प्रकाश मौर्य, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए कुलदीप वर्मा सहकारिता विभाग के एडीओ प्रतिनिधि सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहेस। नानपारा कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों की टीम ने रिसिया ब्लॉक के जमुनहा,एवं बनगई में भी किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

गोल्डन ब्लॉसम इम्पीरियल रिसोर्ट ने 550 पौधे रोपित किए

बाराबंकी। वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल ऑक्सीजन प्रदान करता है, बल्कि वायु प्रदूषण को कम करने, जैव विविधता को बढ़ावा देने और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी मदद करता है। उक्त विचार गोल्डन ब्लॉसम इम्पीरियल रिसोर्ट द्वारा रिवर फ्रंट गोमतीनगर में वृक्षारोपण करते हुये रिसोर्ट निदेशक इंद्रजीत सिंह ने व्यक्त किये। वृक्षारोपण कार्यक्रम मे उमेश आहूजा, महाप्रबंधक मिथिलेश सिंह, सहकर्मियों द्वारा लगभग 550 वृक्षो को रोपित करते हुये संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।

डीएम व एसपी ने किया महाराजा सुहेल देव स्मारक स्थल का निरीक्षण

जिला संवाददाता

बहराइच। बुधवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ बुधवार को देर शाम साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वारोही प्रतिमा को नमन करने के पश्चात स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की निमार्णाधीन विकास परियोजना मन्दिर, घाट, महाराजा सुहेल देव जी की मूर्ति, भव्य द्वार, पार्किंग स्थल, बाउण्ड्रीवाल इत्यादि कार्यों का जायजा लिया। डीएम ने कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस व राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिया कि परिसर की साफ-सफाई तथा ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पौधों में नियमानुसार वाटरिंग की जाय तथा पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगवाया जाय। डीएम ने स्नानघाट का निरीक्षण करने के दौरान निर्देश दिया कि झील व स्नानघाट के आस-पास साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्ध किये जायें। उन्होंने स्मारक स्थल व परिसर को विभिन्न प्रकार के पौधों से आर्कषक बनाये जाने का सुझाव दिया ताकि पर्यटकों को स्मारक स्थल का भ्रमण करने पर सुकून का एहसास हो।

प्रदेश के किसानों की उपज को प्रसंस्कृत कर अधिक लाभ दिलाने का प्रबंधन है पीएम किसान संपदा योजना

जिला संवाददाता

बहराइच। केन्द्रीय सेक्टर की सम्पदा स्कीम कृषि समुद्री उत्पाद प्रसंस्करण, कृषि प्रसंस्करण समूहों के विकास के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना भारत सरकार ने प्रारम्भ किया है, जो उत्तर प्रदेश में भी संचालित है। यह योजना एक व्यापक पैकेज है, जो खेत से लेकर खुदरा बिक्री केन्द्रों तक दक्ष आपूर्ति श्रृंखला प्रबन्धन के साथ आधुनिक अवसंरचना का सृजन करती है।इससे प्रदेश में न केवल खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की वृद्धि को तीव्र गति प्राप्त हो रही है. बल्कि यह किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने तथा किसानों की आय को दोगुना करने, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के भारी अवसरों का सृजन करने, कृषि उपज की बबार्दी में कमी लाने, प्रसंस्करण तथा प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात के स्तर को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के अन्तर्गत किसानों को बड़े स्तर पर लाभ पहुँचाना ही इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। किसानों को आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मिले, किसान अपनी उपज का सही प्रबन्धन कर सकें, उपज को समय पर बाजार पहुँचा सके और बड़े स्तर पर काम कर नये-नये रोजगार के अवसर पैदा कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। अक्सर यह पाया गया है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर का सही विकास न होने से कृषि उपजों का न तो भण्डारण हो पाता है और न ही प्रोसेसिंग में कोई मदद मिल पाती है। इस योजना के तहत कोल्ड चेन और एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर बनाकर किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाना ही इस योजना का मकसद है।

इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश में मेगा खाद्य पार्क सेन्टर आफ एक्सीलेंस बनाया जा रहा है।जहां विभिन्न खाद्य वस्तुएँ अनाज फल-सब्जियों आदि का संग्रह केन्द्र, प्राथमिक प्रसंस्करण केन्द्रों पर इकाइयों की स्थापना की जा रही है। इसमें कोल्ड चेन, वैल्यू एडिशन और संरक्षण इन्फ्रास्ट्रक्चर की योजना का उद्देश्य खेत से उपभोक्ता तक बिना किसी ब्रेक के एकीकृत कोल्ड चेन और संरक्षण संरचना प्रदान करना है।इस योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण/संरक्षण क्षमता का सृजन/विस्तार निर्माण तथा इकाइयों का आधुनिकीकरण किया जाता है। एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण भी किया जायेगा। देश में इण्डो-इजराइल तकनीक से बनाये गये सेन्टर आफ एक्सीलेंस में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है ।इस योजना में कच्चे माल की उपलब्धता और बाजार के साथ लिंक कर बैकवर्ड एण्ड से फारवर्ड लिंकेज के निर्माण के लिए कार्य होते हैं। इस योजना से खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन इन्फ्रास्ट्रक्चर की सुविधा हो रही है, जहां से खाद्य उत्पाद खाद्य सुरक्षा नियामक द्वारा निर्धारित मापदण्ड को पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के क्रियान्वयन से खेत के मेड से लेकर रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबन्धन के साथ आधुनिक बुनियादी ढाँचे का निर्माण हो रहा है। इससे प्रदेश देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के की खाद्य वस्तुओं के उत्पाद से निर्यात बढ़ेगा। इस योजना से प्रदेश के किसानों की आय में बढ़ोत्तरी व प्रदेश के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी ।प्रधानमंत्री को भारत सरकार द्वारा स्वीकृत अनुदान राशि का 10 प्रतिशत अधिकतम 50 लाख की सीमा तक अतिरिक्त पूंजीगत निवेश अनुदान दिया जा रहा है।

शिक्षकों के प्रयास से ही होगा कृषि शिक्षा का विकासः प्रो. डी.के सिंह

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में कृषि संकाय सदस्यों के बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। जिसमें शिक्षण से संबंधित प्रमोशन, बकाया देयको, बोर्ड में अन्य कॉलेजों से सदस्य नामित करने, स्नातक छात्रों के राबे प्रोग्राम एवं पीसीपी के मोडिफिकेशन, छात्रों के सुगम शिक्षण आदि मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि अधिष्ठाता डॉ. डी.के सिंह ने परास्नातक छात्रों के थीसिस एवं रिसर्च पर चर्चा की। शिक्षकों से आह्वान किया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हम शिक्षण के साथ-साथ रिसर्च कार्य भी करते हैं। शोध कार्यों के प्रस्तावों को तैयार करते समय स्थानीय समस्याओं एवं जरूरतों को ध्यान में रखना होगा। इससे शोध का लाभ स्थानीय लाभार्थियों को मिल सकेगा।

में संगठन के सचिव डॉ आलोक कुमार सिंह ने बताया की शिक्षा के सुधार हेतु कुलपति के मार्गदर्शन में कृषि महाविद्यालय दिन प्रतिदिन उन्नति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इसी तरह शिक्षकों का सहयोग आगे भी प्राप्त होता रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर 54 किलो लड्डू बनवाकर की गई दीघार्यु की कामना

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 54 वें जन्मदिवस के अवसर पर विश्व हिन्दू महासंघ की ओर से विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन द्वारा 54 किलो का विशाल लड्डू बनवाया गया, जिसे पूजन के बाद राहगीरों में वितरित किया गया। आयोजन स्थल टेढ़ी बाजार चैराहे पर श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों ने पूजन कर मुख्यमंत्री योगी के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश यादव उपस्थित रहे, जिन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ का जीवन राष्ट्र और धर्म की सेवा में समर्पित है। मुख्यमंत्री का कार्यकाल विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बन चुका है। कार्यक्रम के दौरान महासंघ के कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व और कार्यों की सराहना करते हुए आगामी सप्ताह भर अलग-अलग कार्यक्रमों के आयोजन की घोषणा की। इनमें सेवा कार्य, भंडारा, वृक्षारोपण एवं रक्तदान शिविर शामिल हैं।

संक्षेप

वृक्ष धरा का भूषण हैं करते दूर प्रदूषण हैं

तिलोई, अमेठी। पर्यावरण वह है ,जो कि प्रत्येक जीव के साथ जुड़ा हुआ है,हमारे चारों तरफ वह हमेशा व्याप्त होता है ।आज वृक्षों के अंधाधुंध कटान के कारण हमारा पर्यावरण संकट में है ।खेतों में खर पतवार और कीटनाशक दवाओं के प्रयोग ने पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित किया है और प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है ।पर्यावरण दिवस पर तिलोई विकास खण्ड की ग्राम पंचायत राजापुर हलीम में ग्राम ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह प्रधान प्रतिनिधि सज्जन अवस्थी बाजपेई ने प्राण वायु देने वाले बरगद,पीपल और नीम के वृक्ष का रोपण किया और लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आवाहन किया। इसके अतिरिक्त बसंतपुर, अकबरपुर फर्शी,ठोकरपुर, व सतगवां के साथ सिंहपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत खेखरूवा व रामपुर पंवारा में ग्राम प्रधान द्वारा धरा को हराभरा रखने के लिए पौधे रोपित किये गए। इस अवसर पर अरुण मिश्रा,हेमेंद्र प्रताप सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

विद्याकलश के स्काउट्स ने वितरित किये पौधे

तिलोई,अमेठी। खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल के स्काउट्स ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय में वृहत पौधरोपण का अभियान चलाया साथ ही तिलोई तहसील में पौधों का वितरण किया। कार्यक्रम प्रभारी व विद्यालय के शिक्षक राहुल यादव ने बताया बच्चों ने आम, अमरूद, जामुन इत्यादि के पौधों को आज एसडीएम, तहसीलदार , सी ओ, विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं को भेट किए साथ ही पेड़ लगाने एवं उसके संरक्षण हेतु निवेदन किया।कार्यक्रम प्रभारी के निर्देशन में विद्यालय के स्काउट आकाश तिवारी, ऋतिक सिंह, हर्षित शुक्ला एवं शैलेश तिवारी ने प्रतिभाग किया ।विद्यालय के संरक्षक डॉ. राम कल्प तिवारी, कोषाध्यक्ष डा. जया तिवारी व प्रबंधक डॉ. आलोक तिवारी ने क्षेत्र वासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए विद्यालय परिवार के प्रयास सराहना की ।

केएनआईएमटी के फॉर्मेसी संकाय में रोपे गये पौधे

सुलतानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के फामेर्सी संकाय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. महेश प्रसाद के निर्देशन में यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों में प्रो. अंतेश कुमार झां, डॉ. शिव कुमार श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, कपिल देव तिवारी एवं अरुण तिवारी ने मिलकर संस्थान परिसर में आम, नीम एवं पीपल के पौधे लगाए।इन वृक्षों का पर्यावरणीय महत्व बताते हुए डॉयरेक्टर ने कहा कि पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अमूल्य धरोहर हैं।कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पर्यावरण की रक्षा के लिए जागरूक किया गया और हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। डॉ. महेश प्रसाद ने कहा कि संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को भी पूरी गंभीरता से निभाता है।इस अवसर पर सभी ने यह संकल्प लिया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए नियमित रूप से योगदान देते रहेंगे।

धोपाप धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

लाखों श्रद्धालुओं ने गोमती में लगायी पुण्य की डुबकी,गंगा दशहरा पर्व पर लंभुआ क्षेत्र में भव्य आयोजन

जिला संवाददाता (vol)

लंभुआ, सुलतानपुर । गंगा दशहरा पर्व पर लंभुआ क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक तीर्थस्थल धोपाप धाम में मंगलवार को श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। भीषण गर्मी के बावजूद लाखों श्रद्धालुओं ने गोमती नदी में स्नान कर पुण्य अर्जित किया और राम जानकी मंदिर में दर्शन-पूजन कर आस्था प्रकट की।पर्व के दृष्टिगत प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। एसडीएम गामिनी सिंगला और सीओ अब्दुस सलाम के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।नदी में स्नान के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गोताखोरों और एसडीआरएफ टीम की तैनाती की गई थी।महिलाओं के लिए अस्थायी चेंजिंग रूम बनाए गए थे। विभिन्न थानों की फोर्स के अलावा जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा।

श्रद्धालुओं ने किया दान-पुण्य

सुलतानपुर। श्रद्धालुओं ने मेले में गोदान, अन्नदान सहित विविध धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। स्थानीय व्यापारी नेता रविंद्र त्रिपाठी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बूंदी प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह शरबत वितरण व भंडारे का आयोजन भी हुआ। स्वास्थ्य सेवाओं हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर लगाया गया था।

राम स्नान की मान्यता से जुड़ा धोपाप का गौरवशाली इतिहास

पौराणिक मान्यता के अनुसार, त्रेतायुग में रावण वध के पश्चात भगवान श्रीराम ने ब्रह्महत्या के दोष से मुक्ति के लिए ऋषियों की सलाह पर गोमती तट पर स्नान किया था। कहा जाता है कि एक पत्ते पर बैठा काला कौआ जैसे ही इस स्थल पर पहुंचा, वह श्वेत हो गया, जिससे यह स्थान पापों से मुक्ति का प्रतीक बन गया। श्रीराम द्वारा स्नान किए गए घाट को आज ह्यराम घाटह्ण के नाम से जाना जाता है। प्रत्येक वर्ष गंगा दशहरा पर लाखों श्रद्धालु इस पुण्य भूमि पर पहुंचते हैं और गोमती की निर्मल धार में डुबकी लगाकर पावनता और मोक्ष की कामना करते हैं।

उद्योग व्यापार मंडल ने लगाया सहायता शिविर, बांटा प्रसाद

लंभुआ। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी की अगुवाई में धोपाप तीर्थ क्षेत्र में गंगा दशहरे के अवसर पर सहायता शिविर और प्रसाद वितरण केंद्र स्थापित किया गया।4 जून की रात को श्रद्धालुओं को तहरी प्रसाद और 5 जून को बूंदी व जल वितरित किया गया। रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि धोपाप भगवान राम के स्नान स्थल के रूप में ऐतिहासिक है, और राम कथा में भारी जनसमूह उमड़ा। कार्यक्रम की शुरूआत एसडीएम गामिनी सिंगला, पुलिस उप अधीक्षक, रवीन्द्र त्रिपाठी, उनकी पत्नी शशि बाला त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा की गई। प्रसाद वितरण में अनूप श्रीवास्तव, रमेश अग्रहरि, विनोद अग्रहरि, राकेश अग्रहरी आदि का सहयोग रहा। सहायता केंद्र के माध्यम से दर्जनों बिछड़े हुए श्रद्धालु परिजनों से मिलाए गए। त्रिपाठी ने सभी सहयोगियों का आभार जताते हुए धार्मिक कार्यों में निरंतर सहभागिता की कामना की।

गंगा दशहरा पर्व पर भक्तों को वितरित किया गया प्रसाद

लंभुआ। गंगा दशहरा पर्व पर धोपाप धाम में राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज बूधापुर निवासी युवराज सिंह तथा समाजसेवी प्रदीप कुमार उर्फ दीपू सिंह के नेतृत्व में प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया तथा परमहंस स्वामी श्री अड़गड़ानंद जी महाराज द्वारा रचित मानव धर्मशास्त्र यथार्थ गीता एवं भजन किसका करें पुस्तकों का वितरण किया गया। इस मौके पर राजू सिंह, पंकज सिंह, बृजेंद्र पांडे, मोनू सिंह, राजदेव यादव, अवधेश विश्वकर्मा, रमेश श्रीवास्तव, गोविंद कुमार, तुलसी भारती, सोनू धुरिया, प्रभात मालवीय, अंकित पाल, कपिल यादव, शशि सिंह आदि मौजूद रहे।

गैंगरेप में सगे भाइयों को 20 साल की कैद

सुलतानपुर। हलियापुर थानाक्षेत्र के एक गांव से सात साल पूर्व गैंगरेप करने के अयोध्या जनपद के कुमारगंज थाने के इटौजा निवासी दो सगे भाइयों प्रदीप यादव व राजकुमार यादव को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को 20 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।अदालत ने दोषियों पर 40 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम कोर्ट ने पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है।एडीजीसी रवींद्र प्रताप सिंह के मुताबिक 19 सितंबर 2018 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीडिता के पिता ने आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को दोषियों ने फोन कर दुकान पर बुलाकर दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया तथा किसी को बताने पर हत्या की धमकी दी।तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की।अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमें के दौरान पेश किए गये छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने दोषी भाइयों को 20 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

अदिति सिंह ने 36 निर्धन लाभार्थियों को दी सहायता राशि

हरीशानन्द मिश्र

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ह्लसेवा परमो धर्मःह्ल की भावना के साथ रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र के 36 निर्धन लाभार्थियों को मई माह में इलाज के लिए ?64 लाख से अधिक की बड़ी सहायता राशि प्रदान की। यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी गई है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना है।

विधायक अदिति सिंह ने इस पहल के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार वंचितों और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जो गरीब और जरूरतमंद वर्ग को सीधा लाभ पहुंचा रही हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत लाखों लोगों को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे न केवल उनका इलाज संभव हो रहा है, बल्कि आर्थिक बोझ भी कम हो रहा है। इस सहायता राशि के वितरण से रायबरेली के लाभार्थियों में नई उम्मीद जगी है, और वे इस मानवीय पहल के लिए विधायक अदिति सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं। यह कदम न केवल रायबरेली के लोगों के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है।

मा० अदिति सिंह जी की सस्तुति से माह मई 2025 मे गम्भीर रोगो के इलाज हेतु प्रदत्त धनराशि

क्रम	सन्दर्भ सं	लाभार्थी का नाम	पता	धनराशि
1	14020325000596	प्रताप नारायण मिश्र	ग्राम धनखरपुर मजरे पेडारा, तिलोई	275000
2	14615625000334	अतीत सिंह	ग्राम बिहार, बीघापुर जिला उन्नाव	150000
3	14017925000536	इजाज अहमद	ग्राम पिपरी, बल्दीराय, सुल्तानपुर	350000
4	14615825000558	सुश्री रामबेटी	बेरहना रायबरेली	34500
5	14615825000559	सविता	ग्राम उमरा पो० राही	150000
6	14615825000537	राम लखन सिंह	निंद्र ग्राम पूरा पो० सेमरा	150000
7	14615825000592	रिजवाना बानों	किला बाजार सैय्यद राजन रायबरेली	150000
8	14615825000593	श्रेयस कोचल	गणेश नगर रायबरेली	150000
9	14615825000597	करन गुप्ता	बाबन बुजुर्ग बल्ला महराजगंज	150000
10	14615825000598	प्रियांशी	देवानी पो० शंकरगंज रायबरेली	300000
11	14615825000617	ललन देई	ग्राम कचौन्दा नानकारी पो० सरांवा	250000
12	14615825000618	राज कुमार	कोला डेकघर पो० मंजूरगंज	150000
13	14615825000619	नीतेश सिंह	बसाइ पो० राही	250000
14	14615825000620	रूपा देवी	मीरगंज जेतुपुर पो० राही	150000
15	14615825000621	शिव प्रताप	पूरे हीह मजरे बेलहा बहादुर नगर	150000
16	14615825000622	लीला देवी	घंटाघर शेखन टोला रायबरेली	150000
17	14615825000623	जड़ावती सिंह	ग्राम सैशी पो० उमरामऊ डलमऊ	60000
18	14615825000624	सुरेन्द्र कुमार शुक्ला	इंदिरा नगर विस्तार योजना रायबरेली	150000
19	14615825000634	अनीता सिंह	अहियारामपुर रायबरेली	72000
20	14615825000636	पंकज सिंह	शक्ति नगर रायबरेली	150000
21	14615825000644	जनक दुलारी	ग्राम सलारपुर पो० दरीबा	250000
22	14615825000659	मंजूलता	गौरीगंज पो० हरदासपुर	150000
23	14615825000660	प्रिया फरवानी	बेलीगंज जिला रायबरेली	150000
24	14615825000681	आशा देवी	रूकनापुर रहवां ब्लाक हरचंदपुर	150000
25	14615825000685	सोनी	खदरी मजरे रुपामऊ अमावां	150000
26	14615825000686	अद्विका सिंह	आस्तिक नगर, राजापुर रायबरेली	150000
27	14615825000687	आनंदी मौर्या	बदरामऊ पो० राही	131750
28	14615825000692	विराट सिंह	ग्राम व पो० सेमरा	100000
29	14615825000709	यासमीन बानों	घग्घा सैय्यद राजन, जिला रायबरेली	300000
30	14615825000711	इंद्रा सिंह	शहजादपुर ऊंचाहार	150000
31	14615825000720	तारावती	चकपीराशाह पो० बुढ़नपुर	60000
32	14615825000721	ओम प्रकाश मिश्रा	अमर नगर, रायबरेली	150000
33	14615825000722	शिव देवी	ग्राम पूरे पण्डित मजरे राही पो० राही	150000
34	14615825000725	शकील खां	बड़ा कुआं, रायबरेली	250000
35	14615825000736	रेनू श्रीवास्तव	राना नगर, रायबरेली	150000

डीएम ने शुरू किया प्लास्टिक मुक्त रायबरेली अभियान

रायबरेली। डीएम हर्षिता माथुर व एसपी डॉ यशवीर सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खण्ड राही की ग्राम पंचायत राही में वृक्षारोपण कर अपनी रायबरेली-रमणीय रायबरेली के संकल्प को सिद्ध करने के लिए एकल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त अभियान का शुभारंभ कर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कर आरआरसी सेन्टर तक पहुंचाने हेतु कूड़ा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 5 जून से प्रारंभ होकर 30 जून तक जनपद के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाएगा। डीएमने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य रायबरेली को प्लास्टिक मुक्त बनाना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। डीएम ने ग्राम पंचायत राही से इसकी शुरूआत करते हुए लोगों से प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण की रक्षा करने की अपील की।इस पहल से क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद में निर्मित समस्त आरआरसी को संचालित करने हेतु संबन्धित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं सचिव ग्राम पंचायत को डीएम द्वारा जिला स्वच्छता समिति की बैठक कर निर्दिष्ट किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जनपद के सफाई कर्मियों को ग्रामीण क्षेत्र से प्लास्टिक एकत्र कर आरआरसी तक पहुंचाने हेतु निर्दिष्ट किया गया है। इसके अतिरिक्त विकास खण्ड शिवगढ़ एवं महराजगंज में बने हुए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत निरीक्षण करते हुए अनावरत संचालन कराया जाएगा। प्लास्टिक के एकत्रीकरण से प्राप्त आय का पंचायत में नियमानुसार वितरण किया जाएगा।समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सचिव ग्राम पंचायत, जिला सलाहकार, खण्ड प्रेरक एवं सफाई महोदया ने आगाह किया है। इसके पश्चात ग्राम पंचायत राही की 100 महिलाओं संग बैठक कर प्लास्टिक मुक्त अभियान के विषय में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ अर्पित उपाध्याय, बीडीओ गौरी सिंह सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे।

डीएम ने डलमऊ गंगा घाट का किया निरीक्षण : ।डीएम ने एसपी के साथ गंगा दशहरा के अवसर पर डलमऊ गंगा घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुरक्षित और सुगम तरीके से पूजा-अर्चना कर सकें। इस अवसर पर सीडीओ अर्पित उपाध्याय, एसडीएम डलमऊ फरीद अहमद खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जन समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर। गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है। भीषण गर्मी में अनिश्चित बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।जिससे लोगों में आक्रोश है। स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों की सुविधाओं को बेहतर करने की भी मांग की गई है।उनकी मांग है कि 24 घंटे जांच सुविधाएं और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। साथ ही सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाने की भी मांग की है। बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में शामिल करने की भी व एक पत्रकार को मिली धमकी के मामले में सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।साथ ही पयागीपुर के ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे 25 वर्षों से रह रहे गरीब परिवारों के घरों को ध्वस्त किए जाने का विरोध करते हुए उजड़े परिवारों को उचित स्थान पर पुनर्वास की मांग की है।

वेल्सपन ने विश्व पर्यावरण दिवस का किया आयोजन

अमेठी- कौहार। वेल्सपन फाउडेशन और हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया के द्वारा संचालित वेल नेतृत्व परियोजना के तहत आज दिनांक 5 जून 2025 को ग्राम पंचायत कौहार के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य मे फलदार पौधरोपण किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि राजा सिंह जी मौजूद रहे ।यह कार्यक्रम वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज के सहयोगी संस्था हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वेल्सपन फाउंडेशन के सीएसआर अधिकारी विजय राय जी ने कहा कि सभी लोग अपने अपने गांव में जन्मदिन व शादी वर्षगाठ पर एक पेड़ जरूर लगाए और संस्था आगे भी पौधरोपण कार्यक्रम करती रहेगी साथ मे ग्रामीणों के बीच अमरुद निम्बू आम और कटहल के 30 पौधा वितरण किया गया,इस अवसर पर वेल्सपन इंटरप्राइजेज से कॉन्ट्रैक्शन मैनेजर आशुतोष एवं उनके टीम के सदस्य के आलावा विजय राय जी वेलसपन हुमाना संस्था से वसीम अकरम, रमेश कुमार शीला यादव, चांदनी शर्मा, अनीता यादव अंजू यादव मौके पर उपस्थित रहे क

डीएम, एसपी और सीडीओ ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण कर जनपद वासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधों को लगाएं और उनकी उचित देखभाल भी करें, पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ-साथ स्वस्थ रहने के लिए हमारे जीवन में वृक्षों का अमूल्य योगदान है जीवन को सुरक्षित रखने के लिए हम सब अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उसकी देखभाल भी करें। उन्होंने समस्त जनपद वासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आवाह्न किया। डीएम ने कहा कि पौधारोपण करना एवं उनकी रक्षा करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती, पौधे जब बड़े होते हैं तो फल, फूल एवं छाया सहित जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक नागरिक का है हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है और जिसके कारण हमारे आसपास हरियाली दिख रही है पर्यावरण को बचाना हम सबकी महती जिम्मेदारी है पौधे लगाकर हम अपने वर्तमान के साथ ही भविष्य को भी संरक्षित करते हैं। उन्होंने समस्त जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस वर्षा काल में अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल भी करें, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे।

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत,दो गंभीर रूप से घायल

तिलोई,अमेठी। मोहनगंज थाना क्षेत्र के अयोध्या-रायबरेली हाईवे पर अलाईपुर चौराहे के पास सुबह यह हादसा हुआ। हादसे में रायबरेली मिल एरिया निवासी 20 वर्षीय आदर्श वाजपेई की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार रतापुर रायबरेली निवासी 21 वर्षीय अभिषेक और मुराईबाग नेवाजगंज थाना डलमऊ रायबरेली निवासी 25 वर्षीय अमन घायल हो गए। दोनों घायलों को 200 बेड रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रेस स्थायी समिति की बैठक संपन्न

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय प्रेस स्थायी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला सूचना अधिकारी शिवदर्शन यादव सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर पत्रकारों और जिला प्रशासन के मध्य मधुर एवं सौहार्द पूर्ण संबंध बनाये रखने और प्रेस की स्वतन्त्रता को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से शासन से प्राप्त दिशानिदेर्शों के क्रम में पत्रकार स्थायी समिति का गठन किया गया है। उन्होंने प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया को प्रत्येक स्थिति में उत्तरदायित्व पूर्ण रिपोटिंग करने का आह्वान करते हुए कहा कि मीडिया को शासन की विभिन्न योजनाओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों की रिपोटिंग करते समय क्रियान्वयन में कमियां दिखने पर प्रशासनिक पक्ष को भी समावेशित करते हुए संतुलित रिपोटिंग करना चाहिए ताकि शासन प्रशासन की छवि अनावश्यक धूमिल न हो तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आम जन में नकारात्मक संदेश न जाये।बैठक में पत्रकार सदस्यों द्वारा फर्जी पत्रकारों, यूट्यूबरों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने, प्रेस क्लब के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराए जाने, बाबूगंज टोल प्लाजा पर पत्रकारों को छूट दिए जाने, पत्रकारों के उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग की गई, जिस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वस्त किया गया कि आप लोगों के द्वारा जो भी मुद्दे उठाए गए हैं उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला सूचना अधिकारी/संयोजक प्रेस स्थायी समिति शिव दर्शन यादव ने अवगत कराया कि जिला स्तरीय प्रेस स्थायी समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों तथा जिला प्रशासन के मध्य मधुर एवं सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करने तथा पत्रकार उत्पीड़न संबंधी शिकायतों पर विचार कर उनका निस्तारण करना है। उन्होंने बताया कि पत्रकार उत्पीडन से संबंधित जिला स्थायी समिति के माध्यम से पत्रकारों की केवल वास्तविक पत्रकारिता संबंधी कठिनाईयों का जिला स्तर पर प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने का मन्तव्य है। बैठक में उक्त के अतिरिक्त प्रेस स्थाई समिति के सदस्य योगेंद्र श्रीवास्तव, नीरज सिंह अनिल भदौरिया तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र पांडेय मौजूद रहे।

लालगंज में केक काटकर मनाया गया सीएम योगी का जन्म दिवस

लालगंज, रायबरेली। लालगंज के अटल चैक गांधी चैराहे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिवस के काटकर मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने योगी जी के तिलक लगाकर उनके दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर भाजपा के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर केक काटकर मिष्ठान वितरण किया गया है। भाजपा नेता अनूप पांडे ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जहां विरासत को संजोने का काम कर रहे हैं वहीं विकास की भी एक नई इबारत लिख रहे हैं। आज उनके कार्यकाल में जहां प्रदेश में उद्योगपतियों के द्वारा लगातार निवेश किया जा रहा है और लोगों को रोजगार मिल रहा है, वही मुख्यमंत्री योगी जी ने काशी स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर, विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी जी का मंदिर और अयोध्या स्थित भगवान श्री राम के मंदिर को भव्य रूप देने का काम किया है।प्रोफेसर अविनाश सिंह ने कहा कि योगी जी ने महाकुंभ का सफल आयोजन किया।

महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ योगी जी की ही सरकार में प्राप्त किया।इस अवसर पर भाजपा नेता अनूप पांडे, प्रोफेसर अविनाश सिंह ,अरुण कुमार सिंह, राम प्रताप सिंह, अतुल त्रिपाठी ,देवेश अग्निहोत्री, अनंत विजय सिंह, राजेश सिंह फौजी, रविनंदन सिंह चैहान, कैलाश बाजपेई ,राजन अवस्थी ,शिवम गुप्ता सतीश पटवा, विजय सिंह रणविजय सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूदरहे।

पर्यावरण दिवस पर आरेडिका में लगाये गये पौधे

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान का प्रारम्भ किया।

इसी कड़ी में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने आरेडिका के इको कम जोगर्स पार्क में महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के साथ वृक्षारोपण किया।

महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस-2025 की ह्लह्यह्यथीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं ह्यह्यह्ल है प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग कम से कम करें, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से पूर्णतः बचें, बाजार से सामान लाने हेतु कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग करें। हम अपने संसाधनों का संतुलित एवं जिम्मेदारी के साथ उपयोग करे जिससे आने वाली पीढ़ियों को संसाधनों की कमी का सामना न करना पडे.।

आरेडिका में पर्यावरण संरक्षण के लिए तापीय विद्युत के स्थान पर सौर ऊर्जा के उपयोग को बढाया जा रहा है। आज आरेडिका में 4.08 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है, जो कुल उपभोग का लगभग 35 प्रतिशत है।गत वर्षों में आरेडिका में 332600 पौधों का तथा 120600 बीजों का रोपण किया गया। आरेडिका में जल संरक्षण के लिए 10 बोरवेल, 12 तालाबों एवे 29 वर्षा जल संचयन केन्द्र बनाए गये हैं, इनके द्वारा 631 मिलियन लीटर जल का प्रति वर्ष संचयन हो रहा है। आगे भविष्य में आरेडिका जितने जल का उपयोग करेगा उतना भूमि में रिचार्ज करने की योजना है। आरेडिका ग्लोबल वार्मिंग एवं कार्बन फुट प्रिन्ट जैसे मानको के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा। इसी लिए आज आरेडिका की पहचान एक हरित परिसर के रूप में हो रही है।

आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, ने बताया कि आज पीपल, अमलताश, गुलमोहर, कचनार, पाकड़, करेंज, चितवन, आदि के 900 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

संक्षेप

पॉक्सो में वांछित गिरफ्तार

टूंडला। थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर नाबालिग से दुराचार करने के मामले में थाना नगला सिंघी पर पंजीकृत मुकदमें में वांछित अभियुक्त सुनील उर्फ छाछी पुत्र कोमल सिंह निवासी ग्राम गदलपुरा थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद को एलई मोड थाना नगला सिंघी फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर थाना पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

प्रियाकान्तजु मंदिर पहुंचे उपमुख्यमंत्री

मथुरा। वृन्दावन ठा. श्रीबांके बिहारी जी कॉरीडोर पर चल रहे विरोध के बीच वृन्दावन आये उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ठा. श्रीप्रियाकान्तजु मंदिर दर्शन करने भी पहुँचे। यहाँ उन्होंने सप्तर्षि धर्मगुरू देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। भेंटवार्ता के दौरान बांके बिहारीजी कॉरिडोर एवं मंदिर न्यास के गठन में ब्रजवासियों के हितों पर भी चर्चा हुई। गुरूवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने छटीकरा मार्ग स्थित ठा. श्रीप्रियाकान्तजु मंदिर में दर्शन किये। मंदिर सेवायत दिनेश शर्मा ने उनको पुष्पचंदन लगाकर छप्पन भोग का प्रसाद प्रदान किया। पाठक ने मंदिर संस्थापक एवं धर्मगुरू देवकीनंदन महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। मंदिर सचिव विजय शर्मा ने बताया कि भेंट के दौरान वृंदावन में कॉरिडोर निर्माण एवं मंदिर न्यास गठन पर चल रहे गतिरोध पर भी चर्चा हुई। देवकीनंदन महाराज ने मंदिर परंपरा के अनुसार गोस्वामी समाज एवं स्थानीय ब्रजवासियों के हितों का ध्यान रखने की बात रखी। उन्होंने कहा कि बाँकेबिहारी मंदिर में लाखों की भीड़ दर्शन को आती है ऐसे में विकास कार्यों की आवश्यकता तो है, लेकिन आस्था से जुड़ी प्रत्येक योजना में स्थानीय ब्रजवासियों की भूमिका और हितों को प्रमुखता से शामिल करना चाहिये।

न्यायाधीश ने किया पौधरोपण

मथुरा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय मथुरा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय आशीष जैन, अपर जिला जज रामकिशोर पाण्डेय, अजयपाल सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेन्द्र प्रसाद सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं वन विभाग के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अन्य न्यायिक अधिकारीगण द्वारा भी पौधे रोपित कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान न्यायालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र प्रसाद द्वारा कहा गया कि पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है कि हम सब अधिक से अधिक संख्या में वृक्षों का रोपण करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद न्यायाधीश विकास कुमार द्वारा कहा कि ह्लपर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण जैसे कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। एक वृक्ष, एक जीवन के समान है।

मथुरा रिफाइनरी ने पर्यावरण कटिबद्धता की शपथ दोहरायी

- रिफाइनरी में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

मथुरा। मथुरा रिफाइनरी में आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। ह्लबीट प्लास्टिक प्रदूषणह्न - विषय पर इस वर्ष मनाए जा रहे विश्व पर्यावरण दिवस के वैश्वकि समारोह का हिस्सा बनते हुए रिफाइनरी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी कटिबद्धता को दोहराया। रिफाइनरी में आयोजित कार्यक्रम मे मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने इकोलोजिकल पार्क में पौधरोपण कर दिन की शुरूआत कीद्य इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में उन्होने सभी उपस्थित रिफाइनरी कमीर्यों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ ग्रहण करवाई।

कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और हमें अपनी आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखने की आवश्यकता है स इस वर्ष के विषय पर जोर देते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि सिंगल यूस प्लास्टिक पूरे विश्व की सबसे बड़ी समस्या है जिसने सभी जीवों को प्रभावित किया है और हम सभी को मिलकर इससे लड़ने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे।

इससे पूर्व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ए एस साहनी द्वारा भेजा गया संदेश मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं एवं एच इस ई) वी सुरेश ने सभी को पढ़ कर सुनायास निदेशक (रिफाइनरीज) अरविंद कुमार का संदेश मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एच एस रुखियार ने सभी को पढ़कर सुनायास इंडियनऑयल मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के महामंत्री रामकिशन व इंडियनऑयल ओफीसर्स एसोसियशन मथुरा रिफाइनरी के सचिव रविन्द्र यादव ने सभी को पर्यावरण के प्रति अपना स्नेह और प्रेम दशार्ने का आग्रह किया। इससे पूर्व एक जून को रिफाइनरी के अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने रिफाइनरी नगर में रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली के दौरान शामिल रिफाइनरी अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं व बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाकर सभी को धरती माँ के प्रति स्नेह और सम्मान दशार्ने का संदेश दिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रिफाइनरी कर्मियों, महिलाओ, बच्चो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था।

मथुरा सदर तहसील परिसर में सांसद हेमा ने किया पौधरोपण

मथुरा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तहसील सदर परिसर में माननीय सांसद श्रीमती हेमा मालिनी जी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने वृक्षारोपण किया। जिलाधिकारी ने अधिकाधिक वृक्षारोपण हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पौधों की सेवा अपने बच्चों के समान करनी चाहिए। पौधारोपण के साथ साथ पौधे की सुरक्षा एवं देखभाल भी हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति की थीम पर आज जनपद मथुरा में प्लास्टिक मुक्त-बृज की रज अभियान अन्तर्गत माह मई 2025 में एकत्रित की गयी प्लास्टिक की विकास खण्ड मुख्यालय से सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्ति यात्रा निकाली गयी। यात्रा तहसील मथुरा पर समाप्त हुई जहां सांसद हेमा मालिनी, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं सीडीओमनीष मीना की उपस्थिति में प्लास्टिक मुक्ति यात्रा को तहसील मथुरा से विकास खण्ड मथुरा के ग्राम पंचायत तोष स्थित कचरा से कंचन केन्द्र हेतु हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस की सभी को बधाई देते हुए इस अभियान में हर ग्रामीण को स्वच्छता अभियान में स्वयं प्रतिभाग करने के साथ-साथ कूड़ा एवं प्लास्टिक को गली व नाली में न डालकर ग्राम पंचायत की कूड़ा गाड़ी में डालने का आवाहन किया। सीडीओ मनीष मीना ने बताया कि अभी 123 ग्राम पंचायतों में अभियान चलाया जा रहा है तथा नियमित अनुश्रवण कर अभियान को गति दी जायेगी। जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिन घरों से कूडा उठ रहा है एवं गाड़ी चली या नही इसका अनुश्रवण विकास खण्ड एवं जनपद वाररूम से किया जायेगा। साथ ही बताया कि आज 51 ग्राम पंचायतों में बैठक कर अभियान चलाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है एवं चरणबद्ध तरीके से 495 पंचायतों में यह अभियान क्रियान्वित किया जायेगा। प्लास्टिक मुक्ति यात्रा में पवन कुमार, मनोज कुमार उपाध्याय एवं मनोज कुमार उपाध्याय, जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के साथ-साथ सहायक विकास अधिकारी (पं.) विकास खण्ड मथुरा, मांट व छाता भी उपस्थित रहे। अभियान अन्तर्गत ग्राम पंचायत हाथिया विकास खण्ड नन्दगांव में लक्ष्मीकान्त गौड, मुन्डोना ग्राम विकास फाउण्डेसन द्वारा भी ग्रामीणों एवं बच्चों के साथ पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक मुक्ति अभियान का संदेश दिया।

पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा राहगीरों से लूट करने वाले दो शातिर लुटेरो को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। दिनांक 28-05-2025 को वादी द्वारा थाना रामगढ़ पर तहरीर दी गयी कि वह अपनी पत्नी के साथ बाइक से दारापुर जा रहा था, रास्ते में जैसे ही वह फिरोजाबाद चनौरा बाईपास पुहँचा तो पीछे से एक अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्तियों द्वारा उसकी पत्नी के हाथ से पर्स छीनकर मौके से भाग गये। वादी की तहरीर के आधार थाना रामगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस विवेचना के दौरान 3 अभियुक्तों ताजुद्दीन उर्फ राजा, नदीम, व अकील का नाम प्रकाश में आया। उपरोक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था, इसी क्रम में गुरुवार को थाना रामगढ़ पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि लूट की घटना करने वाले अभियुक्तगण नैपई फिरोजाबाद रोड़ के पास लूट के माल सहित छिपे हुए है तथा उस सामान को ठिकाने लगाने की फिराक में कहीं जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा नैपई फिरोजाबाद रोड़ पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटरसाइकिल पर सवार सदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगे। हड़बड़ाहट में भागते समय उक्त संदिग्ध व्यक्तियों की बाइक फिसलकर गिर गई, पुलिस टीम को नजदीक आता हुआ व खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की गई, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लगी और उन्हे मौके पर ही घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। 01 अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल अभियुक्तों की पहचान ताजुउद्दीन उर्फ राजा पुत्र शहीद खाँ निवासी जौंधरी थाना नारखी फिरोजाबाद व नदीम पुत्र शिराज निवासी हसमतनगर थाना रामगढ़ फिरोजाबाद के रुप में की गई। अभियुक्तों के कब्जे से 01 पीली धातु की चैन, 01 एन्ड्रॉयड मोबाइल, 02 अवैध तमंचा 05 खोखा कारतूस 02 जिंदा कारतूस लूट के 35,800 रुपये लूटा गया पर्स, घटना में प्रयुक्त एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती करा अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

विधायक ने केक काटकर मनाया सीएम योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस

टूंडला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53 वे जन्म दिवस के अवसर पर गुरुवार को पचोखरा मंडल के बूथ गालिव में शिव मंदिर पर विधायक टूंडला प्रेमपाल सिंह धनगर के द्वारा केक काटकर मुख्यमंत्री योगी जी का जन्मदिन मनाया इस अवसर पर जिला मंत्री भाजपा संजय सिंह परमार के परिवार जनों द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस पर रामायण पाठ और प्रीतिभोज कराया गया पूर्व रेंजर वनविभाग रामबाबू सिंह परमार द्वारा रामायण पाठ कर ग्रामीणों को भोजन कराया मन्दिर में मुस्लिम और हिन्दू समाज के लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर डा, सुनील पवार, हर्ष परमार दुष्यंत जादौन, शशि तोमर जिला मंत्री महिला मोर्चा, शकुंतला देवी शिवास परमार, डा कार्तिक परमार, अजीत जूरैल शिव द्रष्टि रावत, तरुण शर्मा जगवीर सिंह सिकरवार शहजाद अहमद, फकीर मोहम्मद, अनवर हसीना, जस्मीन सुनहरी, हुकम सिंह बेघल भगवान सिंह प्रताप सिंह परमार नारायण सिंह पंकज जैन सुशील पौनिया रितिक परमार पुष्पा देवी सपना सिंह राजा परमार आदि मौजूद रहे।

पंडित दीन दयाल धाम, फरह: विकसित कृषि संकल्प अभियान में हेमा मालिनी हुईं शामिल

मथुरा। सांसद, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री एवं केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान की ब्रांड एंबेसडर श्रीमती हेमा मालिनी ने पंडित दीन दयाल धाम, फरह में आयोजित ह्लविकसित कृषि संकल्प अभियानह्न के विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। सांसद हेमा मालिनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लसबसे पहले मैं इस कार्यक्रम के आयोजकों को धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने मुझे विकसित कृषि संकल्प अभियान जैसे महत्वपूर्ण और जन-कल्याणकारी प्रयास का हिस्सा बनने का अवसर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत जलभरो कार्यक्रम एवं परिषद के गीत से हुयी उसके उपरांत केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ0 मनीष कुमार चेटली ने मुख्य अतिथि मथुरा की सांसद एवं सिने स्टार श्रीमती हेमा मालिनी एवं अन्य अति विशिष्ट अतिथिगण का पटुका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गण के रूप में डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार गौड़, सहायक महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, सोनपाल निदेशक दीन दयाल शोध संस्थान, फरह मथुरा, डॉ. मनीष कुमार चेटली, निदेशक केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, डॉ. राजीव पाहवा, उपनिदेशक, कृषि विभाग मथुरा, डॉ. वाई के शर्मा, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र मथुरा, डॉ. अतुल सक्सैना, निदेशक प्रसार, दुवासु, मथुरा के भी सहभागिता की। साथ ही बड़ी संख्या में किसानों, बकरी पालकों, वैज्ञानिकों, कृषि विशेषज्ञों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर बलदेव में पौधरोपण

500 पौधों के लक्ष्य में पहले दिन दर्जनों पौधे रोप पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

जिला संवाददाता (vol)

बलदेव। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था जनचेतना सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा 500 पौधे लगाने के लक्ष्य के तहत पहले दिन विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार दो दर्जन पौधे रोपकर लोगों को अपने आसपास वृक्षारोपण करने को प्रेरित दिया। कार्यक्रम के आयोजक संस्था के अध्यक्ष चैधरी दलवीर सिंह विद्रोही ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण में जीव-जंतु, पेड़-पौधे, जल और वायु सभी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से पर्यावरण का दोहन जन-जीवन को काफी प्रभावित कर रहा है। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन इसके प्रमुख कारण हैं। कहा कि दिनों-दिन बढ़ते प्रदूषण को कम करने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की जरूरत है। कार्यक्रम में धीरेंद्र सिंह छौंकर, तरुण चाहर, प्रमोद सारस्वत, कुमरपाल सिंह छौंकर, चै.खजान सिंह, पार्थ चौधरी, बीरा सिंह, अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी तरह विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत महावन बांगर में भी ग्रामीणों व पंचायत कर्मियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी बलदेव सुश्री नेहा रावत, सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री मुकेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी यसवंत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी चिंटू कुमार कुंतल, ग्राम प्रधान बृज किशोर, राज कुशवाह सहित कई ग्राम पंचायत सदस्यगणों ने मिलकर सामूहिक रूप से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी बलदेव सुश्री नेहा रावत ने कहा कि आज के रोपित पौधे कल लोगों को छाया, फल और ऑक्सीजन देंगे। उनकी देखभाल बिल्कुल अपने बच्चों की तरह करें।

जन आधार कल्याण समिति ने किया पौधरोपण

- पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जन आधार कल्याण समिति की अनूठी पहल, विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर किया पौध रोपण, बनाया एंटी वायरस पार्क

फिरोजाबाद। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए जन आधार कल्याण समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिविल लाइन दबरई स्थित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर रेड टेप मूवमेंट व पौधरोपण का आयोजन किया गया। समस्त जनपद वासियों से पर्यावरण को स्वच्छ, हरा भरा व सुरक्षित बनाए रखने की अपील करते हुए सम्मानित अतिथियों ने रेड टेप मूवमेंट व वृक्षारोपण कर मिशन रेड टेप मूवमेंट के संस्थापक उप निदेशक बचत लखनऊ प्रभात मिश्र के मॉडल एंटी-वायरस पार्क के आधार पर सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त एंटी-वायरस पार्क की स्थापना की और एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय में चल रहे समर कैंप में बच्चों ने एक से बढ़कर एक पोस्टर भी बनाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल डीसीपीएम रवि कुमार पीपीएम समन्वयक मनीष कुमार एवं बीके खुशी सहित एम.एस.वीवा एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट सदस्य आई.वी.इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या नंदिनी यादव, चर्चित फाउंडेशन कोषाध्यक्ष कश्मीर सिंह पेस दिशा चाइल्ड फंड इंडिया की प्रोग्राम कॉर्डिनेटर चाइल्ड प्रोटेक्शन रेखा वर्मा, सूरवीर युवा संगठन की अध्यक्षा सपना शर्मा ने रेड टेप मूवमेंट व पौध रोपण करते हुए बताया कि, एंटीवायरस पार्क एक हरा-भरा, औषधीय रूप से संरक्षित स्थान है जिसे, जूनोटिक बीमारियों के खिलाफ प्राकृतिक सुरक्षा के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है। जन आधार कल्याण समिति सचिव ने बताया कि यह पार्क अध्ययनरत छात्र - छात्राओं अध्यापकों एवं विद्यालय के परिसर को वायरस मुक्त शुद्ध हवा एवं स्वास्थ्य प्रदान करने में अपनी अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिसकी, आज संयुक्त रूप से शुरूआत की गई है।इस अवसर पर मुख्य रूप से पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रभा वर्मा एवं पूनम राजपूत विनीता राही व अन्य शिक्षा मित्रों सहित रोहित कुमार भाव्या आराध्या, लक्ष्मी अंकित मित्या, नित्या अनमोल, आस्था तनिष्का, लता, मानव, पारस, वर्षा, माधवी व अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

कॉरिडोर के नाम पर हो रहा विरासत पर हमला

वृन्दावन। ठा. बाँके बिहारी मंदिर में प्रस्तावित कॉरिडोर निर्माण और मंदिर प्रबंधन के लिए न्यास बोर्ड के गठन के विरोध को लेकर सेवायत गोस्वामी समाज की महिलाओं और पुरुषों ने सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय प्रदीप माथुर यतेंद्र मुकदम यूथ कांग्रेस के अनाम धन्य तिवारी एडवोकेट दुर्गेश बघेल राकेश चैधरी नीरज सेनवाल भी मंदिर पहुंचे और सेवायत परिवारों की महिलाओं से मिलकर उनके आक्रोश और पीड़ा को सुना। अजय राय ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिना बृजवासियों व सेवायत गोस्वामियों से संवाद किए, सरकार यदि कोई निर्माण कार्य करती है तो यह सरासर लोकतांत्रिक भावनाओं और आस्था का अपमान होगा। उन्होंने कहा कि यहाँ भी वही होगा जो बनारस और अयोध्या में हुआ। पहले मंदिरों का अधिग्रहण और फिर गुजरात की किसी कंपनी या ठेकेदार को काम सौंप दिया जाएगा। बनारस में तो मंदिरों की ऐतिहासिक गलियों को मिटा दिया गया, वही मॉडल अब वृंदावन पर थोपा जा रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार बृज की पवित्र कुंज गलियों और विरासत को नष्ट करने पर आमादा है। कॉरिडोर बृजवासियों की राय के अनुसार बने तो बात अलग है, अन्यथा यह फैसला बीजेपी के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। बनारस में मोदी जी को सात राउंड तक हार मिली और भाजपा को और अयोध्या की सीट उन्हें गंवानी पड़ी। अजय राय ने महिलाओं के विरोध को भावनात्मक मुद्दा बताते हुए कहा कि ह्लजब ठाकुर जी की सेवा करने वाली महिलाएं सड़कों पर उतरकर विरोध कर रही हैं, तो यह महज आंदोलन नहीं, बल्कि उनके आत्मसम्मान और आस्था की पुकार है।

विधायक ने किया सड़क निर्माण का भूमि पूजन

टूंडला। विधायक प्रेमपाल धनगर के अथक प्रयास से जनपद फिरोजाबाद में राष्ट्रीय मार्ग संख्या 2 से उसायनी का शेष भाग चोडी कारण एवं सृदीकरण का कार्य जिसकी लागत 382.18 लाख एवं लंबाई 1.700 किलोमीटर का भूमि पूजन टूंडला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर द्वारा किया गया इस अवसर पर टूंडला विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में विकास कार्य प्रगति पर है हर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ा जा रहा है और गांव में विद्युत की समस्याओं का निदान भी कराया जा रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी जन कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा घर-घर जाकर किसान मजदूर की समस्या का निस्तारण भी किया जा रहा है इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक राजोरिया दीपक चौधरी रूपेश शुक्ला संजय सिंह परमार सुशील पौनिया दुष्यंत जादौन लोकेश जादौन अवधेश यादव बिन्नी प्रधान अजीत जूरैल रूपेंद्र बघेल पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी विष्णु दत्त पीके भाटिया रविंद्र सिंह सहायक अभियंता हरवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

टूंडला। नगर के ठाकुर बीरी सिंह इंटर कॉलेज के खेल मैदान में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिले के कार्यकताओं एवं टूंडला टहल कमेटी के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम के परिपेक्ष्य में वृक्षारोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान 04 जून से 5 अगस्त 2025 तक संपूर्ण भारतवर्ष में चलाया जाना है। पिछले वर्ष एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लगभग 17.50 करोड़ पेड़ संपूर्ण भारतवर्ष में लगाए गए। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने उपस्थित कार्यकताओं एवं टहल कमेटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को कम से कम 1 पेड़ लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में टूंडला चेयरमैन भंवर सिंह जिला मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सतीश पाल सिंह गांगनी, राजपाल सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह दरोगा जी, गोविंद सिंह जिला योग प्रमुख ब्रजभवन पांडे जितेंद्र यादव, श्रवण कुमार उपाध्याय पीयूष कांत सप्पू सिंह प्रधान गोविंद यादव गौरव सिसोदिया आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

कोरिडोर की राह, मनमानी मत थोपिये : अजय राय

मथुरा। बिहारीजी कोरिडोर विरोध के बीच वृंदावन पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरकार को स्थानीय लोगों की सहमति से ही निर्माण करना चाहिए। यहाँ के लोगों की पीड़ा को भी समझना होगा बनारस के पैटर्न पर जबरन निर्माण नहीं होना चाहिए।

वृहस्पतिवार को वृंदावन में मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हो सकता है कि कोरिडोर आज समय की जरूरत हो लेकिन इसके लिए ब्रजवासियों से वार्ता करिए। गोस्वामी जनों से वार्ता करिए। वार्ता करने के बाद इस विषय पर आगे बढ़ना चाहिए। अपने मन से अधिग्रहण मत कीजिए। ऐसा न हो कि बनारस और अयोध्या के पैटर्न में इस कोरिडोर में भी गुजरातियों को ठेका दे दिए जाए। बनारस में गुजराती ठेकेदारों ने मंदिरों को तोड़ा। सरस्वती मंदिर तोड़ दिया गया। मोहल्ले खत्म कर दिए गए। कुंज गलियाँ खत्म हो गई। ये शहर भी 500 साल पुरानी विरासत को संभाले हुए है। इस विरासत को खत्म नहीं करना है। ये कोरिडोर यहाँ की जनता के हिसाब से तय होना चाहिए। जैसा बनारस में माल बना दिया गयाए

इसी का नतीजा है कि लोकसभा चुनाव में मोदी जी बनारस में सात राउंड हारे। बातचीत करके तय कीजिए कोई रास्ता निकालिये थोपिए मत। यहाँ के लोगों की भावनाओं को आहत मत कीजिए। यही कारण था कि अयोध्या की जनता ने इन्हें नकार दिया। मनमानी हुई तो मथुरा में भी यही होगा। मथुरा की जनता भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोक देगी। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रदीप माथुर गोपी गोस्वामी अन्य कांग्रेसीजन मौजूद रहे।

प्रमुख सचिव ने किया गौ शालाओं का निरीक्षण

जिला संवाददाता (vol)

फिरोजाबाद। प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन पशुधन दुग्ध एवं मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश शासन अमित कुमार घोष ने जनपद की मक्खनपुर स्थित कान्हा गौ शाला का निरीक्षण किया, गौशाला की व्यवस्था और उपलब्ध संसाधनों से नोडल अधिकारी अत्यंत प्रभावित दिखें, उन्हें बताया गया कि इस गौशाला का निर्माण एक करोड़ 91 लाख से हुआ है, वर्तमान में कुल 235 गौवंश संरक्षित है, प्रमुख सचिव ने यहां पर दी जा रही सुविधाओं के संबंध में कहा कि यहां पर गौवंशों के लिए जिस तरह से व्यवस्था की गई है, वह अपने आप में अन्य गौशालाओं के लिए अनुकरणीय हैं, उन्होंने यहां पर राही गौशाला को देख रहे, एनजीओ के सदस्यों को भी आमंत्रित किया था, जिससे वह यहां की व्यवस्थाओं को देख सकें, साथ ही साथ यहां की व्यवस्थाओं से अवगत और संतुष्ट हो सके, नोडल अधिकारी ने एनजीओ के सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि सभी गौवंश राही गौशाला से लाकर भली प्रकार संरक्षित किए गए हैं, यहां की व्यवस्था देखकर एनजीओ के सदस्य भी अत्यंत संतुष्ट दिखें, इस गौशाला के प्रांगण में नोडल अधिकारी, जिला अधिकारी रमेश रंजन, सीडीओ शत्रोहन वैश्य एडीएम वि.रा. विशु राजा, डीएफओ विकास नायक ने पर्यावरण के दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया, डीएम ने नोडल अधिकारी को अवगत कराया कि इस गौशाला को स्थापित करने में जन सहयोग भी हमें हासिल हुआ है, यहां पर लगभग साढ़े 17000 कुंतल भूसे का दान लोगों द्वारा किया है, उन्होंने कहा कि गौवंशों के यूरिन कलेक्शन के लिए एक अलग से पतली नाली बनाई जाए। उसके बाद नोडल अधिकारी पूर्व में निर्मित अस्थाई राही गौशाला भी गए, जहां पर उन्हें बताया गया कि यहां पर यह भूमि पर्यटन विभाग की है, जहां पर पर्यटकों की सुविधा हेतु रेस्टोरेंट वाताकुलित कमरे, कन्वेंशन हॉल इत्यादि बनाए जा रहे हैं, जिससे यहां पर पर्यटन की संभावनाओं को विस्तृत आयाम दिया जा सके, यह संपूर्ण कार्य पीपीटी मोड पर एक निजी विकासकर्ता को सरकार ने 30 साल के लिए लीज पर दिया है, इस निजी कंपनी ने नोडल अधिकारी को अवगत कराया है कि यह कार्य 18 माह में पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद नोडल अधिकारी शिकोहाबाद स्थित आवास विकास में बना रहे अस्थाई गौशाला की भूमि को भी देखने गए, उन्होंने कहा कि यहां पर भविष्य में जो भी गौशाला बनाई जाए, उसमें गायों के रखरखाव की सभी व्यवस्थाएं विद्यमान हो, इस दौरान उनके साथ डीएम, सीडीओ, एडीएम वि.रा., एसडीएम, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

विश्व पर्यावरण दिवस समारोह का आयोजन

लखनऊ। आज भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय लखनऊ में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार दे ने परिसर में पौधे लगाए एवं हरियाली पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों को पौधे वितरित किए। श्री दे ने जल संरक्षण और संवहनीयता के लिए परिसर में एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (क्षमता 10000 लीटर प्रति दिन) का भी उद्घाटन किया। सभी स्टाफ सदस्यों ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए ₹सस्टेनेबिलिटी शपथ ली। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधकों, उप महाप्रबंधकों और बैंक के अन्य स्टाफ सदस्यों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

सैमसंग की बीस्पोक एआई उपकरणों के लिए सैमसंग फाइनेंस+ की पेशकश

नई दिल्ली। सैमसंग ने अपने लोकप्रिय डिजिटल लेंडिंग प्रोग्राम, सैमसंग फाइनेंस+ का विस्तार किया है। यह प्रोग्राम लोगों को सैमसंग के बीस्पोक एआई उपकरणों आसानी से खरीदने में मदद करता है। बैंगलोर और दिल्ली में सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट द्वारा बनाया गया, सैमसंग फाइनेंस+ फाइनेंसिंग का पूरी तरह डिजिटल और आसान अनुभव देता है, जिसमें 15 मिनट में लोन मिल जाता है। यह प्रोग्राम बिना कागजी कार्रवाई के तेजी और आसानी से लोन प्रदान करता है। फाइनेंसिंग से ग्राहकों को सैमसंग के नए एआई-इनेबल्ड उपकरण जैसे रेफ्रिजरेटर्स, वाशिंग मशीनें और एयर कंडिशनर्स आसानी से मिलेंगे।

निसान ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सस्टेनेबिलिटी को दिया बढ़ावा

नई दिली। निसान मोटर इंडिया ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कई हरित पहलका एलान किया है। देशभर मेंनिसानकेसात डीलरों ने ग्रिड बेस्ड सोलर इलेक्ट्रिसिटी जनरेशन सिस्टम लगाया है। इनमें एक्युटी निसान (बड़ौदा), आरव निसान (मेहसाणा),ईवीएम निसान (केरल में 3 डीलरशिप), दादा निसान (जालंधर) और रोशन निसान (जयपुर) शामिल हैं। इस इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम से वर्कशॉप एवं शोरूम की 100% बिजली की जरूरत को पूरा किया जाता है, साथ ही अतिरिक्त बिजली को बाद में प्रयोग के लिए पावर ग्रिड में भेज दिया जाता है। इस पहलसे पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत पर निर्भरता कम हुई है और स्वच्छ डीलरशिप ऑपरेशंस की दिशा में निसान के प्रयासों को गति मिली है।

येज्दी एडवेंचर का 2025 एडिशन लॉन्च

नई दिल्ली। जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने येज्दी एडवेंचर के 2025 एडिशन को पेश किया है। यह भारत का पुरस्कार विजेता एडवेंचर टूरर है। इस बाइक को इस सच्चाई पर बनाया गया है कि भारत में एडवेंचर एक सोच है। यह उन राइडर्स के लिए है जो पहाड़ी रास्तों के सपने देखते हैं, लेकिन रोज शहर के ट्रैफिक में चलते हैं। नया एडवेंचर शानदार ताकत और क्लासिक डिजाइन का बेहतरीन मेल है। 2025 येज्दी एडवेंचर में क्लासिक एडीवी स्टाइलिंग दी गई है, जिसमें आकर्षक ट्विन एलईडी हेडलाइट्स और रैली से प्रेरित विशिष्ट बीक इसे सड़क पर खास बनाते हैं। इसका फ्यूल टैंक येज्दी की एडवेंचर-टूरिंग विरासत को दर्शाता है।

सफोला ने लॉन्च किया डुअल सीड कोल्ड-प्रेस्ड ऑयल

मुंबई। मैरिको लिमिटेड ने कोल्ड प्रेस्ड ऑयल्स सेगमेंट में नई सफोला कोल्ड प्रेस्ड ऑयल्स रेंज की लॉन्चिग के साथ अपनी शुरूआत की घोषणा की। स्वस्थ जीवनशैली और दिल की सेहत के लिए जाना जाने वाला स्थापित ब्रांड सफोला अब डुअल सीड कोल्ड-प्रेस्ड ऑयल्स लेकर आया है- जिसमें दो अलग-अलग बीजों के पोषण को एक साथ जोड़ा गया है, ताकि खाना पकाने के लिए सोच-समझकर जोड़ी गई सामग्री के साथ पोषण संबंधी लाभ भी मिले। यानि रोजाना के पकवान न सिर्फ.स्वादिष्ट हों, बल्कि सेहतमंद भी बनें। यह लॉन्च सफोला ऑयल्स पोर्टफोलियो के रणनीतिक विस्तार का हिस्सा है, जो भारतीय परिवारों को रसोई में स्मार्ट, दिल की सेहत के लिए जरुरी विकल्प चुनने में मदद करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

सेंसेक्स में 444 अंकों की उछाल

मुंबई। विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह और मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बृहस्पतिवार को आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में करीब 444 अंक और निफ्टी में 131 अंक की तेजी रही।

विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती किए जाने की उम्मीद में निवेशकों की सकारात्मक धारणा ने भी बाजार को तेजी दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 443.79 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 912.88 अंक बढ़कर 81,911.13 पर पहुंच गया था लेकिन मुनाफावसूली हावी होने से बढ़त सीमित हो गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 130.70 अंक यानी 0.53 प्रतिशत बढ़कर 24,750.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सर्वाधिक 4.50 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके साथ पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदानी पोर्ट्स, सन फार्मा, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। इसके उलट इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। हालांकि बाजार में ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली होना लाजिमी है लेकिन सूचकांक मजबूती के बीच अपनी खोई हुई चमक पाने की कोशिश कर रहे हैं। डॉलर सूचकांक में कमजोरी और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल घटने से विदेशी निवेशक फिर से लिवाली कर रहे हैं। वैश्विक अनिश्चितता के बीच निवेशक गिरावट पर खरीदारी की रणनीति अपना रहे हैं। इसके साथ ही बाजार को रिजर्व बैंक और यूरोपीय सेंट्रल बैंक से ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत कटौती का इंतजार है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति इस समय नीतिगत ब्याज दर पर फैसले के लिए समीक्षा बैठक कर रही है। इसमें लिए गए फैसले की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.65 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.39 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,257 कंपनियां बढ़त पर रहीं जबकि 1,725 में गिरावट रही और 147 अन्य अपरिवर्तित रहीं।

अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे बढ़कर 85.80 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 85.80 (अस्थायी) पर बंद हुआ। मजबूत शेयर बाजार तथा एशियाई मुद्राओं में आई तेजी से रुपये में दो दिनों से चली आ रही गिरावट पर विराम लगा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि बुधवार रात कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये को समर्थन मिला लेकिन मजबूत अमेरिकी डॉलर सूचकांक ने रुपये की तेजी पर लगाम लगाया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति घोषणाओं से भी मिलने वाले संकेतों का इंतजार कर रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.86 पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.67 के उच्च और 85.96 के निचले स्तर के बीच रहा। बाद में रुपये ने आरंभिक लाभ जाता रहा और कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.80 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की तेजी है। बुधवार को रुपया 26 पैसे टूटकर 85.87 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि डॉलर में तेजी के रुख और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापार तनाव और यूक्रेन और रूस के बीच भू-राजनीतिक तनाव भी रुपये पर दबाव डाल सकते हैं। हालांकि, कोई भी नया एफआईआई प्रवाह निचले स्तरों पर रुपये को सहारा दे सकता है। कारोबारी साप्ताहिक बेरोजगारी दावों और अमेरिका से व्यापार संतुलन के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं।

सरकार ने सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण के लिए कुछ विशेष आर्थिक क्षेत्र नियमों में ढील दी

नयी दिल्ली। सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के लिए समीपस्थ भूमि क्षेत्र मानदंडों में ढील दी है, जो विशेष रूप से सेमीकंडक्टर या इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण में संलग्न होना चाहते हैं।

वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, जहां विशेष आर्थिक क्षेत्र, खासतौर पर अर्धचालक या इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण के लिए स्थापित किया जाता है, वहां संलग्न भूमि क्षेत्र दस हेक्टेयर या उससे अधिक होगा। यह पहले 50 हेक्टेयर था। इसमें कहा गया, इस प्रावधान के प्रयोजनों के लिए इलेक्ट्रॉनिक घटकों में डिस्प्ले मॉड्यूल उप-असेंबली, कैमरा मॉड्यूल उप-असेंबली, बैटरी उप-असेंबली विभिन्न प्रकार के अन्य मॉड्यूल उप-असेंबली, मुद्रित सर्किट बोर्ड, बैटरी के लिए ली-आयन सेल, मोबाइल एवं सूचना प्रौद्योगिकी हार्डवेयर घटक, श्रवण योज्ञ तथा पहनने योज्ञ उपकरण शामिल होंगे। अधिसूचना में यह भी कहा गया कि अनुमोदन बोर्ड (एसईजेड के लिए सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय) उन मामलों में भार-मुक्त क्षेत्र की शर्त में ढील दे सकता है, जहां क्षेत्र केंद्र या राज्य सरकार या उनकी अधिकृत एजेंसी को बंधक या पट्टे पर दिया गया हो।

8 हजार करोड़ के निवेश की उम्मीद

नयी दिल्ली। अगले महीने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित होने वाले भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह 2025 के दौरान ऊर्जा भंडारण, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और हरित हाइड्रोजन के लिए 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आने की उम्मीद है।

प्रमुख उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) इस सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के सरकार के मिशन को बढ़ावा देना है। एक बयान के मुताबिक, आठ से 10 जुलाई तक नयी दिल्ली में होने वाले इस सम्मेलन में 150 से अधिक प्रमुख भागीदारों, प्रदर्शकों और 1,000 से अधिक कंपनियों के भाग लेने की संभावना है। आईईएसए ने बयान में कहा कि भारत इस सम्मेलन में ऊर्जा भंडारण, ईवी और हरित हाइड्रोजन के लिए 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करने के लिए तैयार है। इसके लिए नए व्यापार सौदों, सहयोग, विदेशी निवेश और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस आयोजन में ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, फिनलैंड, कनाडा, अमेरिका, इजराइल और दक्षिण कोरिया के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। आईईएसए गुजरात, ओडिशा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के साथ राज्य भागीदारों के रूप में भी सहयोग कर रहा है। विभिन्न मंत्रालय भी इस आयोजन का समर्थन करेंगे। आईईएसए के अध्यक्ष देबमाल्या सेन ने कहा कि इस साल हम विश्वस्तरीय नवाचारों और विदेशी निवेशों का मेल होते हुए देखेंगे जो हमारे उद्योग को आगे बढ़ाने का काम करेगा।

पर्यावरण अनुकूल कोयला परिवहन पिछले वित्त वर्ष में 34 प्रतिशत बढ़कर 10.25 करोड़ टन

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में पर्यावरण अनुकूल कोयला परिवहन 34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10.25 करोड़ टन हो गया।

यह भारतीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ी 20 फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं के माध्यम से संभव हुआ। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने एक बयान में कहा कि तुलनात्मक रूप से वित्त वर्ष 2024 में 17 ऐसी परियोजनाओं के माध्यम से यह 7.65 करोड़ टन था। कंपनी की चालू वित्त वर्ष (2025-26) में लगभग 15 करोड़ टन प्रति वर्ष क्षमता की 19 एफएमसी परियोजनाओं को चालू करने की योजना है। एफएमसी पहलएक स्वचालित कोयला निकासी प्रक्रिया है जो पाइप्ड कन्वेयर बेल्ट में खदान स्थल से लोडिंग पॉइंट तक पर्यावरण अनुकूल तरीके से कोयला परिवहन सुनिश्चित करती है। एफएमसी की प्रमुख विशेषताओं में कोयला क्रशर से सुसज्जित मशीनीकृत कोयला हैंडलिंग संयंत्रों का निर्माण करना शामिल है, जहां कोयले का आकार निर्धारित किया जाता है। इसके अलावा, एफएमसी में तीव्र लोडिंग प्रणाली भी है, जहां गुणवत्ता वाले कोयले की सटीक मात्रा को वैगनों में लोड किया जाता है।

मई में सब्जियों के दाम घटने से घर का बना खाना हुआ सस्ता

मुंबई। सब्जियों के दाम कम होने से मई महीने में घर का बना खाना थोड़ा सस्ता हो गया। इस दौरान शाकाहारी भोजन के मुकाबले मांसाहारी थाली के दाम में अधिक गिरावट रही। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रिसिल इंटेलिजेंस की मासिक रोटी चावल दर रिपोर्ट के मुताबिक, घर में बनी शाकाहारी थाली की कीमत मई महीने में घटकर 26.2 रुपये हो गई जबकि इस साल अप्रैल में इसकी कीमत 26.3 रुपये और पिछले साल मई में 27.8 रुपये थी। पिछले महीने मांसाहारी थाली के मामले में गिरावट ज्यादा तेजी से कम होकर 52.6 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 55.9 रुपये थी। वहीं अप्रैल 2025 में मांसाहारी थाली 53.9 रुपये की थी। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पूषन शर्मा ने कहा, "आगे चलकर मौसमी बदलावों के कारण सब्जियों की कीमतों में वृद्धि की संभावना है और मजबूत घरेलू उत्पादन के बीच गेहूं और दालों की कीमतों में थोड़ी नरमी की उम्मीद करते हैं। शर्मा ने कहा कि वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के कारण निर्यात किए जाने वाले चावल की मात्रा में 20-25 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट में थाली की कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण टमाटर की कीमतों में 29 प्रतिशत, प्याज में 15 प्रतिशत और आलू की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट को बताया गया है। पिछले साल कम पैदावार से जुड़ी चिंताओं के कारण टमाटर की कीमतों में तेजी देखी गई थी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में फसल के संक्रमण से आलू की कीमतें बढ़ गई थीं, जबकि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं कर्नाटक में रकबे और पैदावार में कमी के अलावा पानी की उपलब्धता ने भी प्याज की कीमतों को बढ़ा दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, मांसाहारी थाली की लागत में कमी ब्रॉयलर (मुर्गे) की कीमतों में छह प्रतिशत कमी आने से आई है। ब्रॉयलर की मांसाहारी थाली में कुल लागत का 50 प्रतिशत भारांश होता है। रिपोर्ट कहती है कि मुर्गे की कीमत में नरमी का कारण महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में बर्डफ्लू की रिपोर्ट के बीच आपूर्ति अधिक होना और मांग में कमी आना है।

आयात शुल्क में वृद्धि और घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में छह प्रतिशत की वृद्धि होने से घरेलू थाली के दाम में अधिक गिरावट नहीं आई। अप्रैल की तुलना में मई के दौरान आलू के दाम में तीन प्रतिशत और टमाटर में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि प्याज की कीमतों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई। इससे शाकाहारी थाली के दाम में मासिक आधार पर मामूली रूप से कमी आई। ब्रॉयलर की कीमतों में भी मासिक आधार पर चार प्रतिशत की गिरावट आने से मांसाहारी थाली की लागत में कमी आई।

रिजर्व बैंक गवर्नर मल्होत्रा आज पेश करेंगे मौद्रिक नीति समीक्षा



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करेंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण उत्पन्न व्यापार तनाव के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत या इससे अधिक की कटौती की उम्मीद है। आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई थी। केंद्रीय बैंक ने गवर्नर की अध्यक्षता वाली एमपीसी की सिफारिशों पर इस वर्ष फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को बताया कि मल्होत्रा छह जून दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई इस बार भी रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा। हालांकि, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती की बात कही गई है। आरबीआई के एक आकलन के अनुसार, फरवरी 2025 से रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जवाब में, अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाह्य मानक-आधारित ब्याज दरों (ईबीएलआर) और कोष की सीमांत लागत-आधारित उधार दर (एमसीएलआर) को कम कर दिया है। एमपीसी में आरबीआई के तीन सदस्य और सरकार द्वारा नियुक्त तीन बाहरी सदस्य शामिल हैं। आरबीआई के सदस्य हैंः गवर्नर संजय मल्होत्रा, डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव और कार्यकारी निदेशक राजीव रंजन।

पेज एक का शेष

आरसीबी,

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आरसीबी खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित विशेष सम्मान समारोह के दौरान स्टेडियम के पास मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 56 अन्य घायल हो गए थे। राज्य सरकार ने भगदड़ की घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं, जिसका नेतृत्व बेंगलुरु शहरी उपायुक्त जी जगदीश कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने

बढ़ाने में योगदान देने का आग्रह भी किया। उन्होंने दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने कहा, इससे दिल्ली के लोगों के लिए जीवन सुगमता भी बढ़ेगी। अरावली ग्रीन वॉल परियोजना तीन राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 29 जिलों में अरावली के आसपास के पांच किलोमीटर के बफर क्षेत्र में हरित आवरण का विस्तार करने की एक प्रमुख पहल है। दिल्ली सरकार ने कहा कि यह पहल क्षेत्र में वायु प्रदूषण से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, 2.5 से अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाने और 2030 तक 2.60 करोड़ हेक्टेयर बंजर भूमि को वापस से उपजाऊबनाने के भारत के जलवायु लक्ष्य को प्राप्त करेगी। सरकार ने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय समुदायों को रोजगार मिलेगा और आय के अवसर सृजित करने में लाभ होगा। इस परियोजना के उद्धघाटन कार्यक्रम में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के मुख्यमंत्रियों ने भी भाग लिया। पर्यावरण मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि इस पहल के तहत अरावली पर्वतमाला में स्थित 29 जिलों में लगभग 1,000 नर्सरी विकसित की जाएंगी। पांच किलोमीटर चौड़े ग्रीन बफर क्षेत्र में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की 64.50 लाख हेक्टेयर जमीन होगी। इस बफर जोन के भीतर, लगभग 42 प्रतिशत (27 लाख हेक्टेयर) भूमि वर्तमान में बंजर है। अरावली पर्वतमाला मरुस्थलीकरण के विरुद्ध एक प्राकृतिक अवरोध के रूप में कार्य करती है, जो थार रेगिस्तान के विस्तार को रोकती है और दिल्ली, जयपुर व गुरुग्राम जैसे शहरों की रक्षा करती है। कुल क्षरित क्षेत्र का 81 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में, 15.8 प्रतिशत गुजरात में, 1.7 प्रतिशत हरियाणा में और 1.6 प्रतिशत क्षेत्र दिल्ली में है।

ट्रंप ने

निदेशक को अमेरिका के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैये के संबंध में एक रिपोर्ट संकलित करने तथा यह पता लगाने को कहा गया था कि क्या कुछ देशों से आने वाले लोग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। इस आदेश के बाद यह सूची जारी की गई है। राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने जनवरी 2017 में एक कार्यकारी आदेश जारी कर सात मुस्लिम बहुल देशों इराक, सीरिया, ईरान, सूडान, लीबिया, सोमालिया और यमन के नागरिकों की अमेरिका यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था।

अब होती

है तथा अयोध्या की पहचान मां सरयू के बिना अधूरी है। हजारों वर्षों से यह पवित्र नदी हमें दर्शन दे रही है। उन्होंने सरयू महोत्सव के आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और कहा कि यह आयोजन अयोध्या की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को और समृद्ध करेगा। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई नमामि गंगे परियोजना की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले गंगा का जल प्रदूषित हो गया था। पिछली सरकारों द्वारा विकास के नाम पर अनियोजित और अवैज्ञानिक ढंग से कार्य करने के चलते गंगा पूरी तरह से प्रदूषित हो गई थीं। लेकिन, नमामि गंगे के माध्यम से गंगा की अविरलता और निर्मलता को पुनर्स्थापित किया गया। आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अभियान शुरू किया है और यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम पर लगाए, तो पर्यावरण संकट कभी नहीं आएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने बृहस्पतिवार सुबह लखनऊमें अपने आवास पर बेल और उसके बाद अयोध्या में सरयू तट पर पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम और नौग्रहों के पेड़ लगाए गए। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश वन विभाग के आगामी अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हर जनपद की कम से कम एक नदी को पुनर्जनन का संकल्प लिया गया है। इसके अंतर्गत एक से सात जुलाई तक नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के किनारे भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा वर्णित अयोध्या का दिव्य स्वरूप आज साकार हो रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि अयोध्या में मां जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, सुग्रीव, जामवंत, माता शबरी और निषाद राज के नाम पर वाटिकाएं विकसित की जाएं। आदित्यनाथ ने अयोध्या वासियों से जिला प्रशासन के साथ मिलकर किसी नदी को पुनर्जनन का संकल्प लेने का आह्वान किया।

अयोध्याः गंगा

समारोह देश के विभिन्न हिस्सों से आए धार्मिक विद्वानों की भागीदारी में वैदिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न हुआ। उन्होंने कहा, गंगा दशहरा का दिन एक नयी शुरुआत का प्रतीक होगा। यह वह पल होगा, जब सदियों की तपस्या, संघर्ष और आस्था का फल मूर्त रूप में प्रकट होगा। समारोह के दौरान स्थानीय लोगों और तीर्थयात्रियों का मंदिर परिसर में तांता लगा रहा। इस कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा खासी चाक-चौबंद थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, अयोध्या के चारों ओर त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों के साथ-साथ ड्रोन रोधी तकनीक, सीसीटीवी कैमरे और उन्नत निगरानी प्रणाली तैनात की गई है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का दूसरा उत्सव आज अयोध्या में संपन्न हुआ। राम राज्य की ओर एक कदम। अयोध्या के ज्योतिषी पंडित कल्कि राम ने कहा, गंगा दशहरा पर किया गया कोई भी शुभ कार्य कई गुना फल देता है। शायद यही वजह है कि राम मंदिर ट्रस्ट ने राजा राम के अभिषेक के लिए इस दिन को चुना।

धामी ने

विवाह की वर्षगांठ और अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर अवश्य पौधारोपण करें। ऐसे प्रयासों के संकल्प से ही हम पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे पायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से भारत अक्षय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में विश्व स्तर पर आगे बढ़ रहा है। सोलर मिशन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, नमामि गंगे अभियान और प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान जैसी योजनाएं पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा राज्य सरकार, लोकपर्व हरेला को प्रकृति संरक्षण के महापर्व के रूप में बृहद स्तर पर मनाती है। प्रदेश के नौले, धारे एवं वर्षा आधारित नदियों जैसे परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते एक वर्ष में प्रदेश में लगभग 6,500 से अधिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं उपचार का कार्य सफलतापूर्वक किया गया है। लगभग 3.12 मिलियन घन मीटर वर्षा जल का संचयन भी किया गया है। चारधाम यात्रा सहित विभिन्न धार्मिक, पर्यटन और अन्य अवसरों पर प्रदेश में आने वाहनों में कूड़ेदान रखना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा हाल ही में प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय खेलों को ग्रीन गेम्स की थीम पर आयोजित किया गया था। इस आयोजन में सभी मेडल और पुरस्कार ई-वेस्ट सामग्री से बनाए गए और खेल किट भी रीसाइकल्ड सामग्री से तैयार किए गए।

मुख्यमंत्री धामी ने पर्यावरण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। सुंदर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार-2025 (सरकारी श्रेणी) में नगर निगम रूद्रपुर को सम्मानित किया गया। नगर निगम रूद्रपुर से उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने यह पुस्कार प्राप्त किया जबकि गैर सरकारी श्रेणी में विजय जड़धारी एवं प्रताप सिंह पोखरियाल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जागरूकता पोस्टर का विमोचन एवं इको टूरिज्म कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार किये गये पोर्टल का भी लोकार्पण किया और प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड की शपथ दिलायी एवं स्कूली बच्चों को कपड़े के बैग प्रदान किये। कार्यक्रम को वन मंत्री सुबोध उनियाल व मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने भी सम्बोधित किया और पौधारोपण किया। इस अवसर पर प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, शासन, पुलिस और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

नमो भारत

और परिचालन गति 160 किमी प्रति घंटे के लिए डिजाइन की गई हैं। शहरी विकास मंत्रालय ने लखनऊ में अमौसी मेट्रो स्टेशन से कानपुर में नयागंज मेट्रो स्टेशन के बीच नमो भारत कनेक्टिविटी के लिए वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट (एएआर) और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को लेकर वित्तीय व्यवस्था के लिए सहमति प्रदान की है। इस परियोजना के लिए बजट की व्यवस्था मेट्रो और गैर-मेट्रो परियोजनाओं के लिए शहरी परिवहन के तहत की जाएगी। प्रस्तावित कॉरिडोर के अनुसार लखनऊ के अमौसी से बनी तक सड़क मार्ग के समानांतर, बनी से उन्नाव के जैतीपुर तक नया मार्ग विकसित करके और फिर कानपुर-लखनऊ रेल ट्रैक के समानांतर अजगैन, उन्नाव, मगरवारा होकर गंगा बैराज रैपिड रेल का अंतिम पड़ाव होगा। एलडीए के नगर नियोजक केके गौतम ने बताया शासन के निर्देश पर एनसीआरटीसी को अनापत्ति दे दी गई है। इसमें कहा गया है कि रैपिड रेल की परियोजना से महायोजना प्रभावित नहीं की जाएगी। यह अमौसी मेट्रो से कानपुर मेट्रो तक जुड़ेगी। अब तीनों शहरों के प्रशासनिक अधिकारियों के बीच मॉनीटरिंग कमेटी बनेगी। इस सम्बंध में एनसीआरटीसी के अधिकारी सोमवार को लखनऊ आ रहे हैं।

भारत में

हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उसने कहा कि यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक अहम कदम है। दसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा, भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख कंपनियों में से एक, टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल विस्तार में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी। टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में एक अहम कदम है।

भारत व इंग्लैंड लायंस का दूसरा टेस्ट आज

इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर

एजेंसी

नॉर्थम्पटन। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी। भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिये ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा।

शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं। राहुल ने 58 टेस्ट में 33 . 57 की औसत से रन बनाये हैं लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्षक्रम में मिला है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साइ सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से छह ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे।

यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर ने पहले मैच में रन बनाये थे। ऐसी संभावना है कि रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाये। तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिये शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे। अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिये तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिये तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे ताकि पहले टेस्ट के लिये टीम में जगह बना सकें। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। मैच का समय : दोपहर 3 . 30 से।

आईपीएल भगदड़ : आरसीबी ने मृतकों के परिवारों को 10 लाख देने का किया ऐलान

बेंगलुरू। आईपीएल चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने टीम की आईपीएल खिताबी जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों के परिवारों को दस दस लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। विराट कोहली और टीम की एक झलक पाने के लिये लाखों की तादाद में प्रशंसक चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर एकत्र हो गए जिससे 11 लोगों की मौत हो गई थी। आरसीबी ने सोशल मीडिया पर बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा बेंगलुरू में कल हुए हादसे से आरसीबी परिवार दुखी है। आरसीबी ने 11 मृतकों के परिवारों को दस दस लाख रूपये आर्थिक सहायता देने का फैसला किया है।इसके अलावा आरसीबी केयर्स कोष भी बनाया जायेगा जिसके जरिये इस हादसे में घायल हुए प्रशंसकों की मदद की जायेगी। इस हादसे में 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस त्रासदी की न्यायिक जांच के आदेश दे दिये हैं और अगले पंद्रह दिन में रिपोर्ट आने की उम्मीद है। टीम के खिताब जीतने के सिर्फ एक दिन बाद आनन फानन में समारोह आयोजित करने के लिये आरसीबी की काफी आलोचना हो रही है चूंकि प्रशासन और पुलिस को इतने बड़े कार्यक्रम की सुरक्षा का इंतजाम करने के लिये समय ही नहीं मिल सका। बीसीसीआई सचिव देवीजीत सैकिया इंतजाम में चूक पर सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने फ्रेंचाइजी, पुलिस और जिला प्रशासन के बीच उचित तालमेल की जरूरत पर भी जोर दिया। आरसीबी की सोशल मीडिया टीम ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये लोगों को जश्न में शामिल होने का न्यौता दिया लेकिन इसे बाद में हटा दिया। बेंगलुरू ट्राफिक पुलिस ने कहा था कि व्यस्त मार्ग पर इस तरह की विजय परेड की अनुमति देना संभव नहीं होगा।

राष्ट्रीय ट्रायल : शीर्ष स्कोर के साथ महिला स्कीट में पहले पायदान पर पहुंचीं गनीमत

एजेंसी

भोपाल। पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया।

दोनों निशानेबाज हालांकि फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनीमत 60 निशाने की निर्णायक श्रृंखला में 40वें निशाने के बाद बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 सही निशाने लगाये। अभय ने फाइनल में 35 सटीक निशाने लगाये। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में 60 में से 58 अंक हासिल किये। पंजाब के प्रतिभाशाली भवतघ गिल (क्वालिफिकेशन स्कोर 119) 53 अंक के साथ रजत पदक विजेता रहे। ओलंपियन और संयुक्त विश्व रिकॉर्ड धारक अंगद बाजवा ने 50 निशाने में 45 अंक साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग में राजस्थान की दर्शना राठौर ने ओलंपिक खेल चुकी दो खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए 60 में से 50 अंक के साथ खिताब जीता। हरियाणा की राइजा ढिल्लों ने 48 अंक के साथ रजत पदक जीता, जबकि दर्शना की राज्य की साथी माहेश्वरी चौहान ने 40 अंक के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया।

दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में 1.21 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

नयी दिल्ली। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता के 21वें सत्र का आयोजन सात से 14 जून तक होगा जिसमें 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपये होगी। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में तीन रेटिंग आधारित वर्गों में 20 ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वावधान में आयोजित दिल्ली जीएम ओपन क्लासिकल प्रारूप में एशिया का सबसे बड़ा शतरंज आयोजन है। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने कहा, दिल्ली जीएम ओपन ने पिछले दो दशक से भारतीय शतरंज की नींव को मजबूत करने में मदद की है। यहां युवा प्रतिभाओं को खुद को परखने का मौका मिलता है।

संक्षेप

फ्रेंच ओपन : जोकोविच और सिनेर भी जीते

पेरिस। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को 6 . 7, 6 . 4, 6 . । से हराकर फ्रेंच ओपन महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 7 . 6, 6 . 3 से हराया। बाईस वर्ष की बोइसों 1989 के बाद अपने पदार्पण ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। वह 1999 विम्बलडन में एमेली मोरेस्मो के बाद ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा फ्रेंच खिलाड़ी हैं। पुरूष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4 . 6, 6 . 3, 6 . 2, 6 . 4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को 6 . ।, 7 . 5, 6 . 0 से हराया।

एमेच्योर खिलाड़ी सानवी और वाणी को संयुक्त बढ़त

बेंगलुरु। कई बार उप विजेता रहीं स्थानीय एमेच्योर सानवी सोमु ने बृहस्पतिवार को यहां लगातार दूसरे दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से महिला पेशेवर गोल्फ टूर के आठवें चरण में संयुक्त रूप से बढ़त बना ली। जमशेदपुर के गोलमुरी में मौजूदा सत्र के पहले चरण में उप विजेता रही सानवी और वाणी कपूर (67-71) 36 होल के बाद दो अंडर 138 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। मौजूदा सत्र में सिर्फ चौथी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहीं गौरिका बिश्नोई एक अंडर 69 के स्कोर से कुल एक अंडर 139 के स्कोर से तीसरे पायदान पर हैं।

चिन्नास्वामी स्टेडियम : भगदड़ पर क्रिकेट जगत ने जताया शोक

नयी दिल्ली। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान 11 लोगों की मौत पर शोक जताते हुए कहा कि यह बहुत ही भयावह त्रासदी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के 18 साल बाद पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के जश्न के दौरान भगदड़ में 11 लोग मारे गए और 30 से अधिक घायल हुए हैं। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, बेंगलुरू में चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जो भी हुआ, वह भयावह है। हर प्रभावित परिवार के प्रति मेरी संवेदनायें। सभी को सुकून और शक्ति मिले। दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने लिखा चिन्नास्वामी स्टेडियम पर हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मेरी संवेदनायें और प्रार्थना।

आईपीएल में अपनी टीम के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश : सूर्यवंशी

एजेंसी

मुंबई। अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था।

इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के अलावा 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा, आईपीएल में खेलना हर किसी के लिए एक सपने जैसा है और मुझे अपने पहले सत्र से बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिलीं और मैंने यह भी सीखा कि मैं अगले सत्र में टीम के लिए क्या कर सकता हूं। रॉयल्स के निराशाजनक अभियान के बावजूद बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने व्यक्तिगत मोर्चे पर सफलता का स्वाद चखा जब मंगलवार को फाइनल के समापन के बाद उन्हें आईपीएल सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का पुरस्कार दिया गया। सूर्यवंशी ने कहा अगले साल मैं उन क्षेत्रों पर काम करूंगा जहां मैंने गलतियां की और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा।

पहले सत्र से मिली सीख के बारे में बात करते हुए सूर्यवंशी ने कहा, मेरी सीख यह है कि मुझे अपने प्रदर्शन से दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना होगा जिससे कि मेरी टीम भी अगले साल फाइनल में खेल सके और मैं इस पर ध्यान केंद्रित करूंगा कि अगले साल मैं टीम के लिए कितना योगदान दे सकता हूं। सूर्यवंशी के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मुंबई के आयुष म्हात्रे के साथ इंग्लैंड के कई प्रारूप के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया। म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सफल पदार्पण किया।

बैडमिंटन : सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

जकार्ता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। वर्ष 2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने दबाव में शानदार जज्बा दिखाते हुए रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया।

पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी। सात्विक ने कहा आज के दिन ऐसा लगा जैसे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा यह रणनीति गलत होने के बारे में नहीं था, हम बस अंक गंवा रहे थे। हमने लगभग 15 से 20 अंक अपनी गलतियों से गवांए। वे अंक नहीं जीते - हमने उन्हें सौंप दिए। सात्विक ने कहा पहले गेम में स्कोर 15-15 था और फिर अचानक यह 21-15 पर आ गया। मुझे लगा कि हम पर्याप्त रूप से एकाग्र नहीं थे।

लेकिन फिर भी हमें भरोसा कायम रखा और एक समय में एक अंक लेते रहे। उन्होंने कहा, कोच हमें कहते रहे, शांत रहो, अगर तुम हार भी गए तो कोई बात नहीं, बस आराम से खेलो। इसलिए हमने शांत और संयमित रहने की कोशिश की, बस अपना खेल खेला और देखा कि चीजें कैसे होती हैं। इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। निर्णायक गेम में एक समय 15-11 से आगे चल रहीं सिंधू को 78 मिनट चले मुकाबले में अंततः 22-20, 10-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 25 मिनट में 7-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ 46 मिनट में 13-21, 22-24 से शिकस्त मिली। सिंधु ने कहा, मुझे लगता है कि मुझे इसे जीत में बदलना चाहिए था।

मैं तीसरे गेम में 16-13 से आगे थी लेकिन मुझे लगता है कि वहां से भी खेल थोड़ा तेज था इसलिए मुझे और अधिक नियंत्रण बनाना पड़ा। वहां से उसने बढ़त बना ली और मुझे लगता है कि मैंने स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया। उस समय कोई भी जीत सकता था। उन्होंने कहा, लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। अगर मैं आज इसे जीत में बदल पाती तो यह बहुत अच्छा होता। लेकिन हां, इस मैच और इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिला। सिंधू ने पहले गेम में में 10-16 से पिछड़ने के बावजूद इसे जीता लेकिन दूसरा गेम आसानी से गंवा दिया। निर्णायक गेम में भी भारतीय खिलाड़ी 15-11 से आगे थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। चोचुवोंग ने इसका फायदा उठाया और लगातार पांच अंक के साथ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत की और फिर मैच जीत लिया।

डब्ल्यूपीएल, प्रदेश लीग ने दिखा दिया कि महिला क्रिकेट से राजस्व मिल सकता है : मंधाना

नयी दिल्ली। अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्ल्यूपीएल और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी। मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी। उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और डब्ल्यूपीएल ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है।

उन्होंने कहा लोग अब महिला क्रिकेट में पैसे लगाने को तैयार हैं। खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के क्रिकेटरों के लिये। भारत में इस समय महिला क्रिकेट में निवेश आ रहा है जिससे खिलाड़ी को निखरने में मदद मिल रही है। हमारे कैरियर में हमें काफी देर से फिटनेस और इन चीजों के महत्व के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा लेकिन मुझे यकीन है कि क्लब और बाकी पहल से इन खिलाड़ियों को इसकी बेहतर जानकारी होगी और वे अच्छी तैयारी से आयेंगे। खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के क्रिकेटरों के लिये।

पाटीदार के भीतर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसी आग

एजेंसी

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए जूनियर दिनों के उनके कोच अमय खुरासिया ने कहा कि संकल्प को पूरा करने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति उन्हें खास बनाती है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी खुरासिया लंबे समय तक इंदौर में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एपीसीए) के अकादमी के मुख्य कोच रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी और नेतृत्व कौशल में काफी सुधार किया है। खुरासिया ने पाटीदार को मजबूत इच्छाशक्ति वाली खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि वह बाहर से बेहद सौम्य और शांत दिखते है लेकिन उनके अंदर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसे आग है। बायें हाथ के पूर्व बल्लेबाज ने भाषा को दिये साक्षात्कार में कहा, धैर्य और सही समय पर सही फैसला लेना सफल व्यक्ति के दो बड़े गुण होते है और पाटीदार इन दोनों



कसौटी पर पूरी तरह से खरे उतरते हैं। पाटीदार ने अपनी कप्तानी कौशल से प्रभावित करने के साथ इस सत्र में 15 मैचों में दो अर्धशतक की मदद से 312 रन बनाये। उन्होंने आईपीएल में 42 मैचों में एक शतक और नौ अर्धशतक की मदद से 1111 रन बनाये हैं। पाटीदार इस फ्रेंचाइजी से चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर जुड़े थे लेकिन 2022 सत्र में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर उन्होंने टीम में जगह पक्की की। आरसीबी ने जब उन्हें इस सत्र से पहले कप्तान बनाने का फैसला किया तो कइयों को हैरानी हुई थी लेकिन यह मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ। पाटीदार ने 13 मैचों की टीम की अगुवाई की जिसमें से 10 में जीत दर्ज की। टीम ने इस दौरान खिताब उठाने के साथ पहली बार चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घर में मात दी। आरसीबी ने जब पाटीदार को कप्तान बनाया तभी खुरासिया को लगा गया था कि यह टीम इस सत्र में कुछ खास करेगी। उन्होंने कहा आरसीबी ने जब उन्हें कप्तान बनाया था तब भी कई पत्रकारों ने मेरा साक्षात्कार किया था। मैंने तब ही कहा था।

गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी पर करना होगा काम

एजेंसी

नयी दिल्ली। आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा और इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिये। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिये चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरूआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं।

पोंटिंग ने आईपीएल के दौरान पीटीआई से बातचीत में कहा, गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में कुछ काम करना होगा। अगर आप नये कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नये कप्तान के लिये अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग ने कहा कि गिल लंबे समय तक कप्तानी करेंगे। उन्होंने कहा पिछले सत्र में जब रोहित ने सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला किया तो मेरी नजर में गिल कप्तान हो सकते थे। बुमराह की फिटनेस को लेकर आशंका थी और उस मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे। पोंटिंग ने यह भी कहा कि गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी के मानसिक पहलू पर काम करना होगा। उन्होंने कहा ऐसे महान टेस्ट बल्लेबाज भी हुए हैं जिनकी रक्षात्मक तकनीक उतनी अच्छी नहीं थी। वीरेंद्र सहवाग इसका अच्छा उदाहरण हैं। लेकिन अगर आपका अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण है तो रक्षात्मक तकनीक के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। खेल के मानसिक पहलू पर काम करना होगा।

भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए वोक्स इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में

लंदन। तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को लीड्स में भारत में खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पांच टेस्ट की श्रृंखला के पहले मैच के लिए बृहस्पतिवार को इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अब तक 57 टेस्ट में 181 विकेट लेने के अलावा 1970 रन बनाने वाले 36 साल के वोक्स ने 2018 में हुई श्रृंखला के दौरान लार्ड्स टेस्ट में भारत पर इंग्लैंड की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वोक्स ने उस मैच में नाबाद 137 रन बनाने के अलावा चार विकेट चटकाए जिससे इंग्लैंड ने पारी और 159 रन से जीत दर्ज की। वोक्स के अलावा तेज गेंदबाज जोश टंग को इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने 20 जून से शुरू हो रहे टेस्ट से पूर्व जरूरी तैयारी करने को कहा है।

इसलिए ये दोनों खिलाड़ी नॉर्थम्पटन में शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ शुरू हो रहे इंग्लैंड लॉयन्स के दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलेंगे।

जून 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण करने के बाद जेमी ओवरटन को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्हें हालांकि बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दाएं हाथ की छोटी अंगुली में चोट लगी थी। ईसीबी ने अपनी वेबसाइट पर कहा है कि हाल में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेलने वाले 31 साल के ओवरटन की चोट की इंग्लैंड की चिकित्सा टीम रोजाना आकलन और समीक्षा करेगी। इग्लैंड की टीम की कमान बेन स्टोक्स के हाथों में होगी। टीम में शोएब बशीर के रूप में एकमात्र स्पिनर शामिल है जिन्होंने इन गर्मियों में जिंबाब्वे के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट में टीम की जीत के दौरान नौ विकेट चटकाए थे।

भारत ने पाक को किया बेनकाब

भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संघ की नेता के समक्ष कश्मीर में सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाया

एजेंसी

ब्रसेल्स। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को यहां एशिया मामलों की प्रभारी एवं यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष के साथ बैठक में कश्मीर में प्रगति को अस्थिर करने और सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए सीमा पार से आतंकवाद के इस्तेमाल को लेकर चिंता व्यक्त की।

यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ब्रिटेन से बेल्जियम पहुंचा था। बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एशिया मामलों की प्रभारी एवं यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष क्रिस्टेल शाल्डेमोस के साथ सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की एक सार्थक और रचनात्मक बैठक हुई। इसमें कहा गया है, कश्मीर में प्रगति को बाधित करने और स्थिति को सांप्रदायिक बनाने के लिए सीमा पार से आतंकवाद के इस्तेमाल के बारे में वरिष्ठ संसदीय स्तर पर जानकारी देने का यह एक अच्छा मौका है। पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की निंदा की गई और आतंकवाद को कतई सहन न करने संबंधी भारत की दृढ़ नीति के बारे में अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को यूरोपीय संसद के सदस्यों और प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की और सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

प्रसाद के अलावा, प्रतिनिधिमंडल में भाजपा की दग्गुबाती पुरंदेश्वरी , शिवसेना (उबाठा) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी, भाजपा के गुलाम अली खटाना, कांग्रेस के अमर सिंह, भाजपा के समिक भट्टाचार्य, आईएडीएमआईसी के एम थंबीदुरई, भाजपा के एम जे अकबर और पूर्व राजनयिक पंकज सरन शामिल हैं।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था तथा सात मई की सुबह भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर सटीक हमले किए। दस मई को दोनों पक्षों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच वार्ता के बाद सैन्य कार्वाई को रोकने की सहमति बनी।

यात्रियों के लिए कल से शुरू हो जायेगी कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन सेवा

नयी दिल्ली। जम्मू कश्मीर में कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा सात जून से आम लोगों के लिए शुरू ही जाएगी। उत्तर रेलवे ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने इसके लिए अग्रिम बुकिंग बृहस्पतिवार शाम से शुरू कर दी। उत्तर रेलवे के अनुसार, कटरा से श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत ट्रेन दिन में चार फेरे लगाएंगी।

उत्तर रेलवे के एक अधिकारी ने बताया, इस ट्रेन में दो श्रेणियां चेयर कार (सीसी) और एक्जिक्यूटिव क्लास (ईसी) हैं और टिकट की दर क्रमशः 715 रुपये और 1,320 रुपये है। पहली ट्रेन कटरा से सुबह 8:10 बजे रवाना होगी और 11:08 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। यही ट्रेन अपराह्न 2 बजे श्रीनगर से वापस आएगी और शाम 4:58 बजे कटरा पहुंचेगी। यह ट्रेन सेवा मंगलवार को उपलब्ध नहीं होगी। इसी तरह एक और ट्रेन कटरा से अपराह्न 2:55 बजे रवाना होगी और शाम 5:53 बजे श्रीनगर पहुंचेगी।

यही ट्रेन अगले दिन सुबह 8 बजे श्रीनगर से वापस आएगी। यह सेवा बुधवार को संचालित नहीं होगी। एक अधिकारी ने कहा लगभग 3 घंटे की यात्रा के दौरान, अभी ट्रेनें केवल बनिहाल में रुकेंगी, लेकिन बाद में अन्य ठहराव के बारे में भी निर्णय लिया जाएगा। आईआरसीटीसी के एक अधिकारी ने कहा, यात्रा के दौरान यात्रियों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा जिसमें कुछ स्थानीय व्यंजन शामिल होंगे। रेल मंत्रालय ने कहा रेल संपर्क बढ़ने से यात्रियों को खीर भवानी मंदिर, मार्तंड सूर्य मंदिर में जाने और अमरनाथ यात्रा में शामिल होने में सुविधा मिलेगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

संक्षेप

हार्वर्ड : नये हमले के बीच चिंता व डर में जी रहे छात्र

बोस्टन (अमेरिका)। बाहर आती एक दमकल गाड़ीअ दरवाजे पर दस्तक देता एक मित्र, तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन की लाल व सफेद बत्तियां। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों का एक समूह, जिसमें प्रत्युष रावल और उनके मित्र शामिल थे, 22 मई को यहां पास के सोमरविल शहर में एक घर में एकत्र हुआ था। आमतौर पर सामान्य लगने वाली बातें भी उस दिन उनके बीच सामूहिक चिंता का कारण बन गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अचानक देश में रहने की उनकी कानूनी स्थिति को रद्द कर दिया, इसलिए छात्रों ने पूरी रात परेशानी और भय में बिताई। अदालतों के हस्तक्षेप से पहले, ये छात्र अगले 24 घंटों तक आउट-ऑफ-स्टेटस के रूप में रहे। यह शब्द उन लोगों के लिए प्रयोग किया जाता है जो अमेरिका में कानूनी रूप से प्रवेश करते हैं, लेकिन कुछ शर्तों को पूरा न कर पाने के कारण अपनी वैध स्थिति खो देते हैं। रावल ने पीटीआई वीडियो को बताया, तब से एक अजीब सी बेचैनी हमारे आस-पास बनी हुई है। हममें से बहुत से लोग जो छात्र वीजा पर यहां हैं, उनके लिए यह बहुत वास्तविक था। एक झटके में सब कुछ बदल गया।

पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को और हरा भरा बनाया जा सकता है : राष्ट्रपति

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि पर्यावरण की बेहतरी के लिए उठाया गया हर कदम मायने रखता है तथा सामूहिक प्रयासों से पृथ्वी को भविष्य की पीढ़ियों के लिए और अधिक हरा-भरा बनाया जा सकता है।

मुर्मू ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर लोगों से धरती की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराने तथा संसाधनों के संरक्षण एवं पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने को कहा। राष्ट्रपति ने कहा पर्यावरण के लिए किया गया प्रत्येक कार्य फर्क पैदा करता है और हमारे सामूहिक प्रयासों से पृथ्वी भावी पीढ़ियों के लिए अधिक हरी-भरी हो सकती है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 1973 से पांच जून को प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का सबसे बड़ा वैश्विक मंच है।

नीतीश सरकार सत्ता की राजनीति का प्रतीक

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि बिहार में 20 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार राज्य को सुरक्षा, सम्मान और विकास नहीं दे पाई। उन्होंने यह दावा भी किया कि नीतीश सरकार न्याय नहीं, बल्कि सत्ता की राजनीति की प्रतीक बन चुकी है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने गया में बलात्कार पीड़िता की मां का इलाज करने उसके घर पहुंचे एक चिकित्सक की आरोपियों द्वारा कथित तौर पिटाई किए जाने की घटना को लेकर बिहार सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, 20 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी नीतीश जी की डबल इंजन सरकार न तो बिहार को सुरक्षा दे पाई, न सम्मान और न ही विकास। अपराध, बेरोज़गारी और पलायन, यही नीतीश-भाजपा सरकार की असली पहचान बन चुकी है।

उन्होंने दावा किया कि जनता को लाचार बनाकर सत्ता से चिपके रहना ही इनका एजेंडा है। कांग्रेस नेता ने दावा किया, नीतीश सरकार न्याय नहीं, सिर्फ़ सत्ता की राजनीति का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने दावा किया अब बहुत हुआ। समय आ गया है कि हम अन्याय के इस चक्र को तोड़ें और बिहार को सुरक्षा, स्वाभिमान और सम्मान की राह पर आगे ले चलें।

ऐसे हो प्रयास कि भारत, पाकिस्तान को एक ही पलड़े में नही तौला जाये

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में दो जिम्मेदारियां मिलने पर बृहस्पतिवार को चिंता जताई और कहा कि सरकार द्वारा ऐसे कूटनीतिक प्रयास किए जाएं कि वैश्विक स्तर पर भारत और पाकिस्तान को एक ही पलड़े में नहीं तौला जाए। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को दो अहम जिम्मेदारियां मिलना भारतीय विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है, लेकिन वैश्विक समुदाय पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराना कैसे जारी रख सकता है?

पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख की जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कांग्रेस अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान से पैदा होने वाले आतंकवाद पर भारत के रुख को समझने और उसका समर्थन करने का आह्वान करती है। पाकिस्तान आतंक का जनक है। भारत आतंक का शिकार है। दोनों की बराबरी नहीं की जा सकती। उन्हें एक तराजू के एक ही पलड़े में नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आईएमएफ, एडीबी और विश्व बैंक द्वारा ज ण और प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी देने या इसका निर्णय लेने से केवल पाकिस्तान के सैन्य खर्च में वृद्धि होगी, जिसका उपयोग उसकी सेना भारतीय नागरिकों के खिलाफ आतंक फैलाने के लिए करती है।

कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति के उप प्रमुख और 2025 के लिए तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में पाकिस्तान का नामकरण अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है। खरगे ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भारत के मामले में गुण-दोष देखना चाहिए कि पाकिस्तान को उसके आतंकी वित्तपोषण की निगरानी के लिए एफएटीएफ की ग्रे सूची में वापस शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया पाकिस्तान को 2008 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमनोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के समय भारत के राजनयिक प्रयासों के बाद 2008 में पहली बार ग्रे सूची में डाला गया था और प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के तहत और फिर 2012 में शामिल किया गया था।

जो लोग राष्ट्रहित में काम करना पार्टी विरोधी समझते हैं, खुद से करे सवाल

एजेंसी

वाशिंगटन। सांसद शशि थरूर ने उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जो कोई भी यह मानता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना कोई पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे खुद से सवाल करने की जरूरत है। थरूर पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को भारत के रुख से अवगत कराने के लिए एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं और वह इस समय अमेरिका में हैं।

कुछ कांग्रेस नेताओं ने पहलगाम हमले के बाद सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए थरूर की आलोचना की है। कांग्रेस नेता को उनकी पार्टी के एक सहयोगी ने तो भाजपा का महाप्रवक्ता तक कह दिया। थरूर ने बुधवार को पीटीआई वीडियोज से एक साक्षात्कार में कहा, सच कहूं तो, जब कोई देश की सेवा कर रहा हो, तो मुझे नहीं लगता कि उसे इन चीजों के बारे में बहुत ज्यादा चिंता करने की जरूरत है। जब उनसे पूछा गया कि भारत लौटने पर वह अपने आलोचकों को क्या संदेश देंगे, तो उन्होंने कहा मुझे लगता है कि जो कोई भी यह समझता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना किसी प्रकार की पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे हमसे नहीं, बल्कि खुद से सवाल करने की जरूरत है। कई बार कुछ मुद्दों पर थरूर की टिप्पणियां कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक रुख से भिन्न रही हैं।

सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि क्या थरूर कांग्रेस में बने रहेंगे या भाजपा में शामिल होंगे। इन अटकलों को लेकर थरूर ने कहा मैं संसद का निर्वाचित सदस्य हूं। मेरे कार्यकाल के चार साल बाकी हैं।

अश्लील वीडियो बना लाखों की ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

दिल्ली। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक कथित सेक्सटॉर्शन गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों पर आरोप है कि इन्होंने एक व्यक्ति को वीडियो कॉल के जरिए फंसाया, आपत्तिजनक स्थिति में रिकॉर्डिंग की, और फिर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर उसे धमकाते हुए 14 लाख रुपये वसूल लिए। दिल्ली पुलिस ने राजस्थान के मेवात से वसीम (30), जावेद (48) और खालिद (23) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ये तीनों आरोपी, लोगों को वीडियो कॉल करते थे।

इंटरटेनमेंट...

कमल हासन की 'ठग लाइफ' से फैंस निराश

मुंबई। कमल हासन और मणिरत्नम की फिल्म 'ठग लाइफ' आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म को लेकर फैंस में काफी उत्साह था क्योंकि ये दोनों दिग्गज 36 साल बाद एक साथ लौटे हैं। मणिरत्नम की पिछली हिट 'नायकन' के बाद यह उनकी साथ की नई फिल्म है।

फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर रिव्यूज आने शुरू हो गए हैं। प्लेटफॉर्म (पहले ट्विटर) पर कई यूजर्स ने अपनी राय दी है। हालांकि, एक्स पर अधिकांश रिव्यू पढ़ने के बाद यह कहा जा सकता है कि लोगों को फिल्म पसंद नहीं आई। यूजर्स ने फिल्म की स्क्रिप्ट कमजोर बताया एक यूजर ने लिखा, यूके प्रीमियर देखे हुए एक घंटा हो गया है। फिल्म की स्क्रिप्ट बहुत कमजोर है, किरदारों में गहराई नहीं है, किसी भी मुख्य कैरेक्टर से भावनात्मक जुड़ाव महसूस नहीं हुआ, म्यूजिक भी औसत था। इससे अच्छा तो घर पर सो जाता। एक और यूजर ने कहा, स्क्रीनप्ले अधूरा और उलझा हुआ लगता है। 'नायकन' जैसी फिल्म एक ही बार बनती है। कमल हासन और मणिरत्नम दोनों की ओर से यह बहुत ही औसत काम है। त्रिशा का किरदार क्या था, समझ ही नहीं आया। सबसे खराब! फिल्म को इमोशन-लेस बताते हुए एक यूजर ने लिखा, ये फिल्म एक इमोशन-लेस, पुरानी स्टाइल की गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे कमजोर म्यूजिक और भी बदतर बना देता है। वहीं, एक फैन ने लिखाः ना कोई इमोशन है, ना रिवेंज और धोखे की कहानी को सही से लिखा गया है। सिर्फ म्यूजिक और दो एक्शन सीन ही अच्छे लगे।

एक और यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, बहुत बड़ी निराशा! पूरी फिल्म बैठकर देखना भी मुश्किल था। कुछ कमियां बताते हुए कमल हासन की परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए एक यूजर ने कहा, 'ठग लाइफ' में दम था, लेकिन फिल्म खिंचती चली गई। कमल हासन की परफॉर्मेंस जबरदस्त है, लेकिन उनके लगातार मोनोलॉग्स थका देते हैं। सिम्बु ने अच्छा काम किया है, लेकिन दूसरी हाफ इतनी स्लो और बोरिंग है कि वो भी बचा नहीं सके।

हिना खान ने रॉकी संग रचायी शादी

मुंबई। टीवी एक्ट्रेस हिना खान अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं। हिना ने इंस्टाग्राम पर शादी की फोटो शेयर कर फैंस को चौंका दिया है। हिना और रॉकी दोनों ही बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। अपने खास दिन के लिए हिना ने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की डिजाइन की ओपल ग्रीन रंग की साड़ी पहनी है। वहीं, रॉकी हिना की साड़ी को कॉम्पलीमेंट करते हुए ऑफ वाइट रंग की शेरवानी में नजर आ रहे हैं। हिना की साड़ी के पल्लू पर इनफिनिटी के साइ के साथ हिना रॉकी लिखा हुआ है। हिना फोटो शेयर करके लिखती हैं 'दो अलग दुनिया लेकिन मिलकर हमने एक ऐसी दुनिया बनाई है, जिसमें सिर्फ प्यार है। हमारे बीच के बीच के अंतर मिट गए हैं। हमारे दिल एक हो गए हैं।

सलमान खान का नया आर्मी लुक वायरल

मुंबई। एक्टर सलमान खान ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। इस बार वजह है उनका दमदार नया लुक। मोटी मूंछों और रग्ड आर्मी स्टाइल में नजर आ रहे सलमान की तस्वीर इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि यह लुक उनकी अगली फिल्म के लिए है, जो 2020 के गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है।

इस फोटो में सलमान एक देशभक्त सैनिक के अवतार में दिख रहे हैं। खबरों के मुताबिक, वो इस फिल्म में कर्नल बी. संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं। कर्नल बाबू वो जांबाज अफसर थे जिन्होंने गलवान में 16 बिहार रेजिमेंट की अगुआई की थी। बता दें कि यह पहली बार होगा जब सलमान किसी रियल-लाइफ हीरो का रोल निभा रहे हैं। जैसे ही सलमान की यह फोटो सामने आई, फैंस के कमेंट्स भी आने शुरू हो गए।

आरसीबी की जीत पर झूमी फिल्म इंडस्ट्री

मुंबई। आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। इस मैच में बैंगलोर ने जीत दर्ज कर 18 साल का सूखा खत्म किया। पहली बार फउइ ने आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम की। विराट कोहली की टीम आरसीबी की इस जीत पर न सिर्फ फैंस, बल्कि बॉलीवुड और दूसरे सितारों ने भी दिल खोलकर बधाई दी।

रणवीर और आमिर ने की विराट कोहली की तारीफ रणवीर सिंह ने विराट कोहली और एबी डिविलियर्स की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, यह सब कुछ है। एक वीडियो में विराट के इमोशनल पल को दिखाते हुए उन्होंने लिखा, वन क्लब प्लेयर। वहीं, आमिर खान ने कमेंट्री बॉक्स से विराट को सराहा। उन्होंने कहा, पहले मुझे सचिन परफेक्शनिस्ट लगते थे, अब विराट कोहली लगते हैं। अजय देवगन ने भी किया पोस्ट अजय देवगन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फउइ का पोस्टर शेयर किया। उन्होंने लिखा, सालों से देख रहा था और चीयर कर रहा था। आखिरकार फउइ ने इतिहास रच दिया। बधाई हो विराट और पूरी टीम को। विक्की, कार्तिक और अर्जुन भी हुए इमोशनल विक्की कौशल ने विराट को लेकर लिखा, इस इंसान ने खेल को सब कुछ दिया है, ये जीत बहुत पहले मिलनी चाहिए थी। कार्तिक आर्यन ने विराट का इमोशनल वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा, अंततः जर्सी नंबर 18, 18 साल बाद।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com